सच, सिर्फ सच
वॉयस ऑफ लखनऊ
शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 37, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 213 अंकों की गिरावट
निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच सेंसेक्स 213 अंक कमजोर हो गया जबकि निफ्टी में 93 अंकों की गिरावट रही। } 14

संतों ने देश की एकता में निभायी अहम भूमिका
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के संतों ने देश की संस्कृति, एकता को बनाये रखने व ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा। } 16

संक्षेप

वनडे : टीम इंडिया ने जीत से किया आगाज
नागपुर। भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इससे पहले टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराकर सीरीज अपने नाम की थी। गुरुवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 47.4 ओवर में 248 रन बनाए। जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। वनडे विश्व कप 2023 के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने आठ में से सात वनडे मैच गंवाए हैं। **(विस्तृत खबर भीतर)**

बांग्लादेश ने भारत के समक्ष दर्ज कराया विरोध
ढाका। बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की झूठी और मनगढ़ंत टिप्पणियां ढाका के प्रति शत्रुतापूर्ण कृत्य हैं। हसीना ने बुधवार को भारत में अपने निर्वासन के दौरान अपने समर्थकों को ऑनलाइन तरीके से संबोधित किया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार विदेश मंत्रालय ने यहां भारत से कहा कि वह आपसी सम्मान और समझ की भावना के अनुरूप तुरंत उचित कदम उठाए, ताकि उन्हें (हसीना) भारत में रहते हुए सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों का इस्तेमाल करके इस तरह के झूठे, मनगढ़ंत और भड़काऊ बयान देने से रोका जा सके। यह घटनाक्रम हसीना द्वारा बुधवार रात सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए भाषण के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से मौजूदा शासन के खिलाफ संगठित तौर पर प्रतिरोध का आह्वान किया था।

चार विद्यालयों को बम की धमकी देने पर गिरफ्तार
नोएडा (उप्र)। नोएडा के चार स्कूलों को बम की धमकी वाला फर्जी ईमेल भेजने के आरोप में 9वीं कक्षा के 15 वर्षीय छात्र को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्कूल में बम होने की ईमेल के संबंध में एक स्कूल के प्रधानाचार्य ने थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि यह धमकी नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने दी थी। पुलिस ने आज उसे हिरासत में लेकर बाल कल्याण बोर्ड के सामने पेश किया। पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने बताया कि बुधवार को स्टेप बाय स्टेप, ज्ञान श्री, हेरिटेज स्कूल और मयूर स्कूल को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ईमेल भेजने वाला नौवीं कक्षा का छात्र है।

मप्र में वायुसेना का लड़ाकू विमान मिराज दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी

ग्वालियर। वायुसेना का एक मिराज-2000 लड़ाकू विमान सिस्टम में खराबी के कारण बृहस्पतिवार दोपहर मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

योगी पहुंचे उत्तराखण्ड, 100 फीट ऊंचे तिरंगे का किया उद्घाटन
अपनी भतीजी की शादी व अन्य कई कार्यक्रमों में शामिल होने उत्तराखंड पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

विशेष संवाददाता

उत्तराखण्ड। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड पहुंचे हैं। पौड़ी स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले पौड़ी गढ़वाल में मानगढ़ वासनी देवी की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ यमकेश्वर के विथ्याणी पहुंचे।

उन्होंने ब्रम्हलीन राष्ट्रसंत महंत अवेदनाथ महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने श्री आनंद सिंह बिष्ट स्मृति पार्क में 100 फिट तिरंगे एवं दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन किया। बता दें कि, सीएम योगी अपनी भतीजी की शादी में शामिल

उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

होने और पौड़ी जिले स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तराखंड आए हैं। मुख्यमंत्री योगी सुबह विमान से जौलीग्रांट पहुंचे। जहां केबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और गणेश जोशी ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर यमकेश्वर के तल्ला बनास गांव को रवाना हुए। जहां वे मां गढ़वासिनी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेंगे और बाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम योगी तल्ला बनास के ग्रामीणों के साथ रुद्राक्ष के पेड़ों का रोपण भी करेंगे। महा योगी गुरु गोरखनाथ डिग्री कॉलेज में 100 फीट तिरंगा पार्क का अनावरण करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बाद वे शनिवार को देहरादून एयरपोर्ट से वापस लखनऊ रवाना होंगे।

हमारा एजेंडा नेशन फर्स्ट : मोदी
प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस के लाइसेंस राज व उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर मेक इन इंडिया को दे रहे बढ़ावा

एजेंसी

नयी दिल्ली, छह फरवरी (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सबका साथ, सबका विकास उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र परिवार प्रथम रहा है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार परिवारवाद, तुष्टीकरण आदि का घालमेल था। उन्होंने कहा कांग्रेस के मॉडल में परिवार प्रथम ही सर्वोपरि है। इसलिए, उनकी नीति-रीति, वाणी-वर्तन उस एक चीज को संभालने में ही खपता रहा है। तकरीबन 91 मिनट के अपने संबोधन का अधिकतर हिस्सा प्रधानमंत्री ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार, आपातकाल और कथित कुशासन सहित विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर केंद्रित रखा और कहा कि उसके पंजे से मुक्त होकर देश आज चैन की सांस ले रहा है और ऊंची उड़ान भी भर रहा है।

उन्होंने कहा इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा मॉडल- नेशन फर्स्ट है। इसी भावना के साथ हम देश की नीतियों पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं। आज पूरी दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को पहचानने लगी है। आज दुनिया हमें तेज गति से आगे बढ़ने वाले देश के रूप में देख रही है। हम अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री ने माना था कि

लाइसेंस व परमिट के बिना कोई काम नहीं होता और उन्होंने ये भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। उन्होंने दावा किया कि उच्च सदन में कांग्रेस के एक सदस्य मौजूद हैं, जिनके पिताजी कार खरीदना चाहते थे और उनके पास पैसे भी थे लेकिन 15 साल तक उन्हें कार खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा था और वह भी कांग्रेस के ही राज में। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को अस्वीकार करते हुए राष्ट्रपति के अभिभाषण से संबंधित धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच-छह दशकों तक लोगों के पास वैकल्पिक मॉडल नहीं था लेकिन वह बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि 2014 के बाद देश को एक नया मॉडल देखने को मिला, जो तुष्टीकरण पर आधारित नहीं है, बल्कि संतुष्टीकरण पर आधारित है। उन्होंने कहा पहले के मॉडल खासकर कांग्रेस के शासन में हर चीज में तुष्टीकरण था। यही उसकी राजनीति का सार बन गया। कुछ छोटे समूहों को कुछ देना और दूसरों को वंचित रखना।

चुनाव के समय, झूठे आश्वासन देना। उसने लोगों को बेवकूफ बनाकर अपनी राजनीति चलाई। मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवंत मीडिया और लोकतंत्र वाले देश ने उन्हें तीसरी बार देश की सेवा का मौका दिया और यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि जनता ने विकास के उनके मॉडल को परखा, समझा और समर्थन दिया है। उन्होंने कहा इस मॉडल को हमें एक शब्द में समझना है तो यह है राष्ट्र प्रथम। इसी भावना और समर्पित भाव से हमने लगातार अपनी नीतियों में, अपने कार्यक्रमों में, वाणी-वर्तन के माध्यम से देश की सेवा करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा सबका साथ-सबका विकास की अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

उन्होंने कहा ये उनकी सोच-समझ के बाहर है और उनके रोडमैप में भी ये सूट नहीं करता क्योंकि जब इतना बड़ा दल, एक परिवार को समर्पित हो गया है, तो उसके लिए सबका साथ-सबका विकास संभव ही नहीं है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि ये औरों की लकीर छोटी करने में लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जातिवाद का जहर फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक वह सत्ता में रही तब तक उसने ना तो संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न दिया, ना ही अन्य पिछड़ा... शेष पृष्ठ 14 पर

यूजीसी ने 18 चिकित्सा महाविद्यालयों को दिया कारण बताओ नोटिस
नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने रैगिंग रोधी नियमों का अनुपालन न करने पर 18 चिकित्सा महाविद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इन महाविद्यालयों में दिल्ली, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी के दो-दो, आंध्र प्रदेश और बिहार के तीन-तीन तथा मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का एक-एक कॉलेज शामिल है। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा, यह पाया गया कि इन महाविद्यालयों ने रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए रैगिंग निरोधक विनियमन 2009 में निर्धारित अनिवार्य नियमों का अनुपालन नहीं किया था। विशेष रूप से, यह हमारे संज्ञान में आया है कि संस्थान उक्त नियमों के अनुसार विद्यार्थियों से रैगिंग विरोधी शपथ-पत्र प्राप्त करने में विफल रहे। रैगिंग निरोधक विनियमन 2009 के अनुसार प्रत्येक छात्र और उसके माता-पिता तथा अभिभावकों को दाखिले के समय तथा प्रत्येक ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारतीयों के निर्वासन पर सदन में हंगामा
कार्यवाही स्थगित, शुरू नहीं हो सकी बजट पर चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका से निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी तथा कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद चौथी बार शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में कहा कि अमेरिका में बिना दस्तावेज़ों के रह रहे भारतीय प्रवासियों को निर्वासित किए जाने की प्रक्रिया नयी नहीं है और यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस ले। उन्होंने यह भी कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका की सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं कि निर्वासित लोगों के साथ दुर्व्यवहार न हो। इस मामले पर विदेश मंत्री के बयान ...शेष पृष्ठ 14 पर

सुप्रीम कोर्ट ने की यूपी सरकार की आलोचना
नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य के गैंगस्टर विरोधी कानून के तहत दर्ज एक मामले में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ अपने जवाब में अप्रचलित मामलों को शामिल करने के कारण वह अभियोजक नहीं बल्कि एक उत्पीड़क है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने एक आरोपी की याचिका पर राज्य के हलफनामे का हवाला दिया और सवाल किया कि उसके खिलाफ ऐसे मामले क्यों हैं जिन्हें या तो रद्द कर दिया गया या जिनमें उसे बरी कर दिया गया है। पीठ ने कहा आप अपने जवाब में उन मामलों को भी शामिल कर रहे हैं जिन्हें खारिज कर दिया गया है और जिनमें याचिकाकर्ता को बरी कर दिया गया है। यदि यह आपकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रीय खेलों ने बढ़ाया उत्तराखण्ड का गौरव
खिलाड़ियों को प्रेरणा देने का कार्य करेंगी खेल प्रतियोगिताएं : धामी

प्रमुख संवाददाता

रुद्रपुर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 38वें राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत रुद्रपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम वेलोड्रोम में साइकिलिंग पदक विजेताओं को मेडल प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत शिवालिक वेलोड्रम में साइकिलिंग प्रतियोगिता को दर्शक दीर्घा से देखा। उन्होंने वेलोड्रम पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ट्रैक पर साइकिलिंग भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पुरूष वर्ग के टीम परस्यूट डिस्टेंस 4000 मीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता सर्विसेज स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड, रजत पदक विजेता पंजाब व कांस्य पदक

विजेता राजस्थान को मेडल व पहाड़ी टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 जनवरी को भव्य शुभारंभ के दिन से पूरे प्रदेश में एक उत्साह का माहौल है। इस राष्ट्रीय खेल की प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए लगभग 20 हजार लोगों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान दिया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- सीएम सैनी ने सपरिवार किया संगम में स्नान (पृष्ठ-02)
- पाकिस्तान से 50 से अधिक ने लगायी डुबकी (पृष्ठ-02)
- झारखंड को 26,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले (पृष्ठ-14)
- मंत्रिमंडल से गिग श्रमिकों की पेंशन के लिए लेंगे मंजूरी (पृष्ठ-14)
- नये आयकर विधेयक में लंबे वाक्य, प्रावधान नहीं (पृष्ठ-14)

विशेष खबर महाकुंभ मेले का 26 फरवरी को स्नान के साथ होगा समापन

कढ़ी-पकौड़ी भोज के साथ अखाड़ों का महाकुंभ से प्रस्थान

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ में अखाड़ों ने कढ़ी-पकौड़ी भोज के साथ अपनी-अपनी ध्वजाओं की डोर ढीली करनी शुरू कर दी है। हालांकि, महाकुंभ का मेला 26 फरवरी के स्नान के साथ संपन्न होगा, लेकिन महाकुंभ की शान 13 अखाड़ों के लिए पूरी तरह प्रस्थान करने का समय अब आ गया है।

महाकुंभ मेले के मुख्य आकर्षण अखाड़ों का बसंत पंचमी को अंतिम अमृत स्नान के बाद कढ़ी-पकौड़ी के भोज के साथ महाकुंभ मेले से प्रस्थान प्रारंभ हो गया है। इनमें सन्यासी (शिव के उपासक), बैरागी (राम और कृष्ण के उपासक) और उदासीन (पंच देव के उपासक) संप्रदाय के सभी 13 अखाड़े शामिल हैं। जहां बैरागी संप्रदाय

के पंच निर्वाणी अखाड़े के करीब 150 साधु-संत बसंत पंचमी के अगले ही दिन कढ़ी पकौड़ी भोज करके यहां से प्रस्थान कर चुके हैं, वहीं नागा सन्यासियों का जूना अखाड़ा सात फरवरी को कढ़ी पकौड़ी भोज करके यहां से प्रस्थान करना शुरू करेगा। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया, कि हमारे अखाड़े में सात फरवरी को कढ़ी पकौड़ी का भोज है जिसके बाद साधु-संत धर्म ध्वजा की तनी (रस्सी या डोर) को ढीला कर देंगे और यहां से प्रस्थान करना प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने बताया, कि यहां से साधु संत काशी के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे महाशिवरात्रि तक प्रवास करेंगे और शोभा यात्रा निकालकर काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मसाने की होली खेलेंगे एवं गंगा में स्नान करेंगे। इसके बाद वे अपने अपने मठों और आश्रमों के लिए रवाना होंगे। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि काशी में जूना के साथ ही आवाहन और पंचअग्नि अखाड़े के साधु संत भी शोभा यात्रा निकालते हैं और मसाने की होली खेलकर और गंगा स्नान करके अपने अपने गंतव्यों के लिए रवाना होते ...शेष पृष्ठ 14 पर

मिल्कीपुर उपचुनाव : मतगणना स्थल पर होगी त्रिस्तरीय सुरक्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मिल्कीपुर में हुए उपचुनाव की मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गयी है। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है।

मतगणना कल, 14 टेबलों पर ईवीएम में पड़े मतों की होगी गिनती

प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हाल के लिए होगी जो कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की निगरानी में होगी। निर्वाचन की मतगणना राजकीय इण्टर कालेज अयोध्या में 8 फरवरी को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। कुल 14 टेबलों पर ईवीएम में पड़े मतों की गणना की जायेगी। प्रत्येक टेबल पर सभी उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेण्टों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना प्रातः 8 बजे प्रारम्भ होगी तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ की जायेगी। स्कैनिंग के उपरान्त ईटीपीबीएस मतों की गणना की जायेगी। ईवीएम की मतगणना प्रातः 8.30 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना स्थल परिसर ...शेष पृष्ठ 14 पर

राजधानी
लखनऊ, शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025
www.voiceoflucknow.com

अब एक ही दुकान पर बिकेगी अंग्रेजी शराब, बीयर व वाइन

केजीएमयू में बनेगा 500 बेड का ट्रॉमा सेंटर, यूपी विधानमंडल सत्र 18 से, पेश होगा 20 फरवरी को बजट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार की शाम हुई कैबिनेट की बैठक में 11 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। 11 फैसलों में योगी सरकार आबकारी नीति में बदलाव कर दिया है। यूपी में शराब की

- **पीपीपी मॉडल पर बनाये जा रहे बस स्टेशनों की लीज अवधि बढ़ी**
- **शाहजहांपुर बनेगा नया विकास प्राधिकरण, प्रस्ताव को मंजूरी**
- **अब 68 साल तक रह सकेगा पीजीआई का निदेशक**
- **मथुरा में 30 हजार लीटर क्षमता के दुग्ध प्लांट को मंजूरी**

दुकानों के लिए नवीनीकरण की व्यवस्था को समाप्त करते हुए नए आवंटन अब हर जिले में ई-लाटरी से किए जाएंगे। इसके साथ ही कंपोजिट शॉप की व्यवस्था भी शुरू की जा रही है। प्रदेश में पहली बार अंग्रेजी शराब, बीयर व वाइन की बिक्री के लिए कंपोजिट शॉप (दुकानें) खोलने का भी निर्णय किया गया है। गुरुवार को कैबिनेट के फैसले की जानकारी मंत्री सुरेश खन्ना ने दी। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को नई आबकारी नीति के बारे मे बताया कि फलों से बनी वाइन की हर जिले मे एक दुकान होगी। मंडल मुख्यालय मे इसकी फीस 50 हजार होगी बाकी जिलों मे 30 हजार फीस होगी। बैठक में बजट सत्र 18 फरवरी से बुलाने पर सहमति बनी है। 20 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में ट्रॉमा सेंटर के विस्तार के प्रस्ताव पर बुधवार को कैबिनेट ने मुहर लगा दी। केजीएमयू में तकरीबन 273 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का ट्रॉमा सेंटर और पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद किसी भी दुर्घटना में गंभीर घायलों को सभी सर्जिकल और स्पेशियलिटी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। केजीएमयू का मौजूदा ट्रॉमा सेंटर 2003 में बना था। इसमें मौजूदा समय में 460 बेड की सुविधा उपलब्ध है। यहां हर दिन तकरीबन 600 रोगियों का इलाज किया जाता है। हालांकि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसके विस्तार की जरूरत लगातार महसूस की जा रही थी।

यूपी विधानमंडल सत्र 18 फरवरी से शुरू होगा। बजट 20 फरवरी को दोनों सदनों में रखे जाने की तैयारी है। इस प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई। इसके साथ की शाहजहांपुर में नया विकास प्राधिकरण गठन संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण में करीब 32 गांव होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई है।

राजधानी लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई के निदेशक का कार्यकाल 65 वर्ष के बाद तीन साल और यानी वह 68 वर्ष तक पद पर रह सकेगा। विशेष परिस्थिति में कुलाध्यक्ष द्वारा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने से पूर्व तीन साल का एक अतिरिक्त कार्यकाल प्रदान किया जा सकेगा। इसके लिए एसजीपीजीआई के एक्ट में बदलाव किया गया है। बुधवार को इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान

संस्थान अधिनियम 1983 (संशोधन) अध्यादेश 2025 को लागू किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। कैबिनेट ने मथुरा में 30 हजार लीटर क्षमता के नए दुग्ध प्लांट की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे मथुरा में स्थानीय स्तर पर समय-समय पर होने वाले दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कमी दूर हो सकेगी। इस प्लांट की स्थापना में होने वाला धन सरकार देगी लेकिन वह ऋण के रूप में होगा और पीसीडीएफ (प्रादेशिक डेयरी कोआपरेटिव फेडरेशन) को बाद में इसे चुकता करना होगा। भविष्य की सम्भानाओं को देखते हुए प्लांट की क्षमता एक लाख लीटर तक बढ़ाई जा सकेगी। उसी अनुरूप प्लांट की मशीने भी लगाई जाएंगी। दुग्ध विकास विभाग ने कैबिनेट को 72 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा था। कैबिनेट ने 67.32 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसमें पैकेड दूध के अलावा घी व मक्खन व पेड़ा और पनीर का उत्पादन होगा।

कैबिनेट ने प्रदेश के 45651 अपर प्राइमरी स्कूलों के लिए भी प्रति स्कूल दो टैबलेट उपलब्ध कराने की प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार ने पिछले सत्र में प्रदेश के 1,11,614 प्राइमरी स्कूलों को प्रति स्कूल दो टैबलेट उपलब्ध कराए थे जिससे शिक्षकों की हाजिरी को छोड़कर स्कूलों के करीब 11 रजिस्टरों के कार्य इसके माध्यम से किए जा रहे हैं। कैबिनेट की इस फैसले के बाद अब अपर प्राइमरी स्कूलों को भी दो टैबलेट् मिल जाएंगे जिसके माध्यम से स्कूलों के पठन-पाठन से लेकर अन्य शिक्षण गतिविधियों को संचालित किया जा सकेगा। टैबलेट खरीद के लिए निविदा की प्रक्रिया शीर्घ ही पूरी कराकर स्कूलों को उसे आवंटित किए जाने की प्रक्रिया नए शिक्षण सत्र में शुरू की जाएगी। यूपी डायल-112 कन्ट्रोल रूम में निष्प्रयोज्य हो चुके 465 वाहनों के स्थान पर इतनी ही नई चौपहिया गाड़ी खरीदने के लिए कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है। पिछले साल भी कई नई गाड़ियां खरीदने के लिए मंजूरी मिली थी। कुछ समय पहले ही कन्ट्रोल रूम के लिए विभिन्न जिलों में विभाग की कई गाड़ियां निष्प्रयोज्य घोषित कर दी गई थी। इन गाड़ियों के स्थान पर नए वाहन खरीदने के लिए प्रस्ताव गृह विभाग में भेजा गया था। कैबिनेट में इस प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी गई। राज्य में जल परिवहन एवं जल पर्यटन को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'उत्तर प्रदेश अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण' के गठन को मंजूरी दे दी है। इस प्राधिकरण के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 'उत्तर प्रदेश जलमार्ग प्राधिकरण नियमावली 2025' को प्रख्यापित किया गया है। योगी कैबिनेट ने इस नियमावली को अपनी सहमति प्रदान कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जा रहे 23 प्रमुख बस स्टेशनों के लिए अनुबन्धित फर्मों की लीज अवधि बढ़ा दी गई है। इस अवधि को 90 साल कर दिया गया है। पहले यह अवधि कम थी जिस पर कई फर्म काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी। इसके बाद ही परिवहन निगम ने यह प्रस्ताव तैयार किया था।

अब 60 व 90 एमएल के पैक में भी उपलब्ध होगी विदेशी मदिरा

लखनऊ। नई आबकारी नीति में इस बार एक नई व्यवस्था की गयी है। इसके तहत रेगुलर श्रेणी की विदेशी मदिरा की 90 मिलीलीटर का पैक भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्रीमियम श्रेणी की विदेशी मदिरा के 60 मिलीलीटर और 90 मिलीलीटर के पैक भी उपलब्ध होंगे। यह भी निर्णय लिया गया है कि शीशे की बोतल में आने वाली देशी शराब को अब टेट्रा पैक में उपलब्ध कराया जाएगा, क्योंकि टेट्रा पैक में मिलावट की सम्भावना ना के बराबर होती है। यूपी मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। नयी नीति के तहत अब राज्य में शराब की सभी दुकानों के व्यवस्थापन का काम ई-लॉटरी के जरिये किया जाएगा। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष ई-लॉटरी के माध्यम से प्रदेश की सभी देसी मदिरा की दुकानों, कंपोजिट दुकानों, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकानों के व्यवस्थापन का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉटरी व्यवस्था में एक आवेदक को सिर्फ एक ही बार आवेदन करने का मौका मिलेगा और प्रदेश में एक आवेदक को दो से ज्यादा दुकानें आवंटित नहीं की जाएंगी। अग्रवाल ने बताया कि लॉटरी प्रणाली लागू की जा रही है इसलिए प्रोसेसिंग शुल्क को भी पांच श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और कानपुर के नगर निगम क्षेत्र और उनके तीन किलोमीटर की परिधि का क्षेत्र शामिल होगा। प्रोसेसिंग शुल्क के तौर पर देसी मदिरा की दुकान के लिए 65 हजार रुपये, कंपोजिट दुकान के लिये 90 हजार रुपये, मॉडल शॉप्स के लिए एक लाख रुपये तथा भांग की दुकान के लिए 25 हजार रुपये की राशि तय की गई है। उन्होंने बताया कि दूसरी श्रेणी में पहली श्रेणी में शामिल महानगरों को छोड़कर बाकी जो बड़े शहर बचते हैं उनमें और उनकी तीन किलोमीटर की परिधि में मदिरा की दुकानों (देसी मदिरा, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान) के लिए क्रमशः 60 हजार रुपये, 85 हजार रुपये, 90 हजार रुपये और 25 हजार रुपये प्रोसेसिंग शुल्क तय किया गया है। तीसरी श्रेणी में सभी नगर पालिका क्षेत्रों और उनके तीन किलोमीटर की परिधि के इलाकों को शामिल किया गया है। इनमें देसी मदिरा, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान के लिए क्रमशः 50 हजार रुपये, 75 हजार, 80 हजार और 25 हजार रुपये प्रोसेसिंग शुल्क तय किया गया है। आबकारी मंत्री ने बताया कि चौथी श्रेणी में नगर पंचायत की सीमा और उसके तीन किलोमीटर की परिधि के इलाकों को शामिल किया गया है। इनमें प्रोसेसिंग शुल्क क्रमशः 45 हजार रुपये, 65 हजार रुपये, 70 हजार रुपये और 25 हजार रुपये रखा गया है। पांचवीं श्रेणी में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उनमें देसी मदिरा, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान के लिए प्रोसेसिंग शुल्क क्रमशः 40 हजार रुपये, 55 हजार रुपये, 60 हजार रुपये और 25 हजार रुपये तय किया गया है। उन्होंने बताया कि नयी नीति में कंपोजिट दुकान के रूप में एक नया मॉडल पेश किया गया है। अलग-अलग प्रकार की बियर और बाकी तरह की शराब की दुकानों को मिलाकर एक दुकान का स्वरूप दिया जाएगा।

छलितों पर अत्याचार का पर्याय बन गई है यूपी सरकार: अजय

विशेष संवाददाता (vol)

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज ग्राम-सहनवा (सरदार पटेल वार्ड), पहुंचकर दलित युवती की दुष्कर्म के बाद की गयी निर्मम हत्या सम्बन्धी मामले में पीड़ित परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा पीड़ित परिवार को 20000 रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। इसके पश्चात हुए बीकापुर विधानसभा के ग्राम सरियावा पहुंचकर बेरहमी से दलित युवक की हत्या पर संवेदना व्यक्त की तथा उनके परिजनों से भी मिले। इससे पूर्व नगर की सीमा पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का सहादतगंज में स्वागत किया गया जहां पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें गदा भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा ने इन घटनाओं की निंदा करते हुए कहा भाजपा के जंगलराज में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों की चीख कोई सुनने वाला नहीं है। बहुजन विरोधी भाजपा शासन, खासकर उत्तर प्रदेश में, दलितों पर जघन्य अत्याचार, अन्याय और हत्याओं में वृद्धि कर रहा है।

उन्होंने कहा प्रदेश सरकार को पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता देनी चाहिए तथा यदि परिवार को न्यायालय के मुकदमे में कोई सहायता होगी तो कांग्रेस पार्टी उनकी पूरी सहायता करेगी। सरकार को इन मुकदमों को इस तरह पहल करनी चाहिए की हत्या आरोपियों को कम से कम मौत की सजा मिले। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा यूपी सरकार दलितों पर अत्याचार का पर्याय बन गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह चेतनारायण सिंह अनिल सिंह बसंत मिश्रा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा शिवपूजन पांडे संजय तिवारी तेज बली पांडे राजकुमार पांडे धीरेंद्र सिंह बबलू पंकज सिंह रेनू राय सविता यादव कप्तान सिंह अमित वर्मा सुरेंद्र प्रताप सिंह अशोक कुमार राय देव कुमार वर्मा रोहित यादवआदि उपस्थित रहे।

पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग महाकुम्भ में करेगा महाबैठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी कैबिनेट की बैठक के बाद अब महाकुम्भ 2025 में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें प्रदेश में पशुधन, डेयरी उद्योग और गोशालाओं के विकास पर बड़े निर्णय लिए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, गोमूत्र के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देना और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करना है। 8 फरवरी को महाकुम्भ नगर में होने वाली बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव, पशु अस्पतालों की 24 घंटे उपलब्धता और दुग्ध संघों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना है।

इस बैठक के बाद कैबिनेट में इन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। योगी सरकार के इन प्रयासों से न केवल पशुधन क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि डेयरी उद्योग को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा। योगी सरकार पशु स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में पशु अस्पतालों को 24 घंटे संचालित करने की योजना बना रही है। बैठक में इस पर मुहर लगने की भी संभावना है।

फिलहाल, पशु एंबुलेंस सेवा सुबह से शाम तक ही उपलब्ध है, लेकिन अब सरकार इसे रात्रिकालीन सेवा के साथ 24 घंटे सक्रिय रखने पर काम कर रही है। हर अस्पताल में रात के समय एक पशु चिकित्सक, एक पैरा मेडिकल स्टाफ और 1962 एंबुलेंस सेवा तैनात रहेगी, जिससे किसानों और पशुपालकों को रात में भी अपने पशुओं के इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार गोमूत्र को औद्योगिक उपयोग में लाने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके तहत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और कॉरपोरेट कंपनियों के सहयोग से गोमूत्र की खरीद की जाएगी। गोमूत्र से फिनायल, कीटनाशक और जैविक खाद बनाने की योजना है, जिससे न केवल गोशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगाए बल्कि जैविक उत्पादों को बढ़ावा भी मिलेगा। योगी सरकार सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है। इस योजना में नाबार्ड और अन्य फर्टिलाइजर कंपनियों से सहयोग लिया जाएगा, जिससे गोशालाओं के संचालन में वित्तीय मजबूती आ सके। बरेली के आंवला स्थित इफको प्लांट में इफको दो हजार गोवंश की गोशाला स्थापित करेगा, जिससे गोवंश संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय किसानों को फायदा होगा। बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव पर भी सहमति बन सकती है। सरकार इसे नई औद्योगिक नीति और खाद्य प्रसंस्करण नीति के समतुल्य बनाने का निर्णय ले सकती है, जिससे डेयरी उद्योग को और अधिक बढ़ावा मिले। इसके तहत कन्नौज, गोरखपुर, कानपुर डेयरी प्लांट और आंबेडकर नगर पशु आहार प्लांट को 10 साल की लीज पर नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड को सौंपने का निर्णय लिया जा सकता है जिससे प्रदेश के दुग्ध संघों को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, अगले पांच वर्षों में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का संकल्प के साथ सरकार आगे बढ़ेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को देश का दुग्ध उत्पादन केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

पाकिस्तान से महाकुंभ आये 50 लोग, सनातन संस्कृति देख हुए अभिभूत

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभनगर। सोशल मीडिया पर महाकुंभ की दिव्यता के बारे में देख-सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हिंदू श्रद्धालु खुद को यहां आने से रोक न सके। बृहस्पतिवार को सिंध से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज पहुंचा।

सेक्टर-9 में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में बातचीत में सिंध से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, कि हमने जब से महाकुंभ मेले के बारे में सुना है, तब से हमारी इच्छा थी कि हम यहां आएं। हम खुद को यहां आने से रोक नहीं सके। मखीजा ने कहा, पिछले वर्ष अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों-गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग प्रयागराज पहुंचे हैं, जिनमें करीब 50 लोग पहली बार

महाकुंभ में आए हैं। माखीजा ने कहा, कि यहां अजब आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है... यहां का अनुभव बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। कल हम गंगा में डुबकी लगाएंगे। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही है। सिंध प्रांत के गोटकी से आई 11वीं कक्षा की छात्रा सुरभि ने बताया कि वह पहली बार भारत आई है। उसने कहा, कि यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने-जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं, सिंध से आई प्रियंका ने कहा, कि मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है।

सीएम सैनी ने सपरिवार किया संगम स्नान, सरकार की तैयारियों को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को सपरिवार आस्था, भक्ति व अध्यात्म के संगम में पुण्य स्नान किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ को दिव्य व भव्य बनाने के प्रयासों को लेकर पूरी तरह संतुष्ट दिखे सैनी ने इस महाआयोजन का विरोध करने वालों तथा इसके खिलाफ नकारात्मकता फैलाने वालों को आड़े हाथ लेते हुए उन्हें नसीहत भी दे डाली। साथ ही, यह भी कहा कि प्रायोजित एजेंडे के तहत इस प्रकार के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। सैनी के सपरिवार महाकुम्भनगर आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कुंभ कलश भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए योगी सरकार की तहेदिल से तारीफ की और दुनिया के बड़े विश्वविद्यालयों को महाकुम्भ के दौरान 40-50 करोड़ की भीड़ प्रबंधन को समझने के लिए केस स्टडी करने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाकुम्भ केवल आस्था का संगम नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक है, जिसे आज पूरा विश्व देख रहा है और गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विराट आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ 2025 सनातन धर्म की दिव्यता और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक बनेगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह सनातन का वह केन्द्र है जहां पीढ़ियों से लोग मां गंगा की त्रिवेणी में आकर डुबकी लगाते है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी अपने अनुभव किये साझा

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रयागराज में महाकुम्भ मेले को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाओं को देखने के बाद मैं योगी आदित्यनाथ को तहेदिल से बधाई देना चाहता हूं। मुझे लगता है कि अब तक 40 करोड़ लोग यहां आ चुके हैं। आज मैंने कम से कम 1 करोड़ लोगों को पवित्र स्नान करते देखा। यह दुनिया भर के बड़े विश्वविद्यालयों के लिए एक बड़ी केस स्टडी है कि कैसे दो महीने तक 40-50 करोड़ लोगों के ठहरने की व्यवस्था यहां की जाती है।

मिल्कीपुर में भाजपा सरकार के इशारे पर हुई बेईमानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर गुरुवार को कहा है कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के इशारे पर बड़े पैमाने पर धांधली, बेईमानी हुई।

चुनाव आयोग से समाजवादी पार्टी ने धांधली, फर्जी वोटिंग, बूथ एजेंटों को धमकी देने, बूथों से भगा देने की

- **मैंने अपनी कई प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि मीडिया मिल्कीपुर में जाकर देखे कि यहां किस तरह से चुनाव हो रहा है**

करीब 500 शिकायतें की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को जो काम करना चाहिए, वो नहीं कर रहा है। भाजपा सरकार ने जाति के आधार पर अधिकारी कर्मचारी और बीएलओ की पोस्टिंग की। अयोध्या के एएसपी को भाजपा के लोग लखनऊ से निर्देश दे रहे थे। भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। मैंने अपनी कई प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि मीडिया मिल्कीपुर में जाकर देखे कि यहां किस तरह से चुनाव हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। जनता को वोट देने का अधिकार मिला हुआ है। चुनाव निष्पक्ष और भयमुक्त होना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन के जरिए खुले आम धांधली की है। फर्जी वोट डलवाए। मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए धमकाया गया है। शिकायतों के बाद भी चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि फैजाबाद एसएसपी की शह पर थानाध्यक्ष ने सपा के नेता प्रदीप यादव को फोन पर धमकी

दी, गालियां दी, घर जाकर पीटा। चुनाव आयोग से शिकायत की गयी, आयोग ने उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की। एसएसपी ने ही थानाध्यक्ष के जरिये सपा के नेता को पिटवाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मिल्कीपुर में चुनाव कराने वालों की जाति के आधार पर तैनाती की गयी। एसएसपी राजकरण नय्यर, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, सीओ मिल्कीपुर श्रेयस त्रिपाठी, थाना इनायतनगर एसओ देवेन्द्र पाण्डेय, थाना कुमारगंज एसओ अमरजीत सिंह, थाना खंडासा संदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन तिवारी, एडी बेसिक कौस्तुभ सिंह को तैनात किया गया। इनायत नगर थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय भाजपा नेता के खास रिश्तेदार हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उपचुनाव में तैनाती के लिए एक साथ सूची जारी करने के बजाय एक-एक नाम का आर्डर निकाला, जिससे चुनाव कराने वालो की जाति न पता चले। चुनाव में मतदान के दौरान कोई मंत्री वहां नहीं रूक सकता लेकिन फर्जी वोटिंग में जब एक व्यक्ति पकड़ा गया तो उसने खुद मंत्री से बात कराने की कोशिश की। सब मंत्री वहीं रूके थे। उन्होंने कहा कि सपा के ट्विटर हैंडल से शिकायतें की गयी लेकिन एक भी शिकायत पर आयोग ने कार्रवाई नहीं की। मिल्कीपुर में मतदान के दौरान बूथों पर वोटों को लूटा गया। इससे पहले भी उपचुनाव में लूट हुई थी। अगर उस समय चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई किया होता तो मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव होता लेकिन मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव नहीं हुआ। भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिया गया एक का अधिकार छीन रही है।

वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए देनी होगी प्रशासनिक और वित्तीय सुधारों को प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि संस्थान की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय सुधारों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान द्वारा सहायता प्राप्त लाभार्थियों और उनके परिवारों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए एक प्रभावी प्रणाली विकसित की जाए। राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान की प्रबंध समिति की 41वीं बैठक कर रही थी।

बैठक में संस्थान की वित्तीय स्थिति, सहायता राशि के वितरण और प्रशासनिक सुधारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पिछली 40वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई तथा उसमें लिए गए निर्णयों पर हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ हीए संस्थान की राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा फिक्स्ड डिपॉजिट राशि का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक संस्थान द्वारा आतंकवाद और उग्रवाद की घटनाओं में वीरगति को प्राप्त हुए अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग घोषित सैन्य बल, उत्तर प्रदेश पुलिस बल, पीएसी और अर्द्ध सैनिक बल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को दी गई सहायता राशि की प्रगति तालिका बैठक में प्रस्तुत की गई। विशेष रूप सेए वित्तीय वर्ष 2023-24 में शहीद हुए लाभार्थियों को दी गई सहायता राशि का विस्तृत विवरण रखा गया। बैठक

के उपरांत राज्यपाल ने आतंकवाद और उग्रवाद की घटनाओं में शहीद हुए जवानों के आश्रितों से मुलाकात की और उन्हें सहायता राशि प्रदान की। राज्यपाल ने उनसे संवाद करते हुए उनके संघर्ष और साहस को नमन किया तथा सरकार द्वारा दी जा रही सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार एवं पुलिस सहायता संस्थान सदैव शहीद परिवारों के साथ खड़े हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश सुरेश कुमार खन्ना, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान के पदाधिकारी एवं प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

रास्ते के विवाद में हुई मारपीट, चार पर हत्या के प्रयास का केस

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना पर चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को हिरासत में लिया है। लालगंज कोतवाली के जसमेड़ा गांव निवासी रमाशंकर कोरी पुत्र रामफल कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे विपक्षी चाचा व उनके परिवार के लोग गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी कुल्हाड़ी, दराँती आदि लेकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने मारपीट कर उसे व परिवार के लोगों को घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से पीड़ित की भाभी रेनू बेहोश हो गयी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी अनूप पुत्र रामसजीवन तथा अनूप के पुत्र आकाश व सूरज और बृजभान पुत्र रामसुफल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गोवर्धन पूजा में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। नगर के संगम चौराहे पर गोवर्धन पूजा उत्सव में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। यहां भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोवर्धन पूजा के धार्मिक आयोजन को लेकर सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ व हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं को भक्ति संगीत में रमे देखा गया। कार्यक्रम का संयोजन कृपाशंकर द्विवेदी व उमाकान्त द्विवेदी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, पूनम द्विवेदी, निधि, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, राजकुमार मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

जमीनी विवाद में चले ईंट पत्थर व लाठी डण्डे

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की रात दो पक्षों में जमकर लाठी डण्डे व ईंट पत्थर चले। वहीं फायरिंग को लेकर भी गांव में दहशत का माहौल देखा सुना गया। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू में दिलशाद पुत्र कमरूद्दीन व अशरफ पुत्र कमालुद्दीन के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है। बुधवार की रात करीब आठ बजे दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। बात बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गयी। दोनो पक्षों की ओर से लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से हमले में दर्जनों चुटहिल हो गये। आरोप है कि एक पक्ष के द्वारा तमंचे से फायरिंग भी की गयी। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर ईंट पत्थर चलाए जाने का भी आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। घायलों को देर रात पुलिस की मौजूदगी में ट्रामा सेण्टर में इलाज कराया गया। एक पक्ष के घायल असरफ को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि फायरिंग की बात गलत है, दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भक्ति संगीत में मगन हुए श्रद्धालु

प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव में श्रीमदभागवत कथा के विश्राम पर गुरुवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं का समागम दिखा। वहीं श्रद्धालुओं ने ग्राम देवी बुढ़िया माई के दरबार में भी मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने देर रात तक पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण कर सुमंगल की प्रार्थना की। भण्डारे को लेकर भजन संकीर्तन के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संगत में देखा गया। ग्राम देवी की भव्य फूलों व विद्युत सजावट को देर रात तक श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। भण्डारे में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अधिवक्ता विकास मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी भी शामिल हुए। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी नरसिंह बहादुर सिंह व सह संयोजन रमेश प्रताप सिंह ने किया। आयोजन समिति की ओर से अरविंद सिंह व अर्जुन सिंह ने कथाव्यास आचार्य सदानंद जी महराज को सम्मानित किया। इस मौके पर शिवप्रताप सिंह, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह बाबा, संजय सिंह, रीतेश सिंह, विनोद सिंह बघेल, पिंटू सिंह, सत्येन्द्र सिंह आदि रहे।

3 किलो 115 ग्राम नेपाली चरस जब्त, दो गिरफ्तार

एसएसबी और पुलिस के सयुंक्त टीम को मिली कामयाबी

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। बलरामपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा किये गये 02 चरस तस्कर गिरफ्तार व उनके कब्जे से 03 किलो 115 ग्राम नाजायज चरस (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रुपये) के साथ, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल व 02 मोबाइल फोन बरामदकिया। एसएसबी की 9वी बटालियन के उ0नि0 अम्बाटी सागर मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर आकर बताये कि जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हूई कि कुछ संदिग्ध लोग द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी कर बरदौलिया के रास्ते से नेपाल राष्ट्र जाने वाले है इस सूचना पर उच्चधिकारी को सूचित कर आदेश के क्रम में थाना हरैया पुलिस टीम व एसएसबी की सयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर दौराने चेंकिग बरदौलिया की तरफ से आते हुए बाइक सवार ने अपनी गाड़ी की लाइट बुझा कर अंधेरे में भागने का प्रयास करने लगे शक के तौर पर बाइक सवार को पकड़ कर पूछतांछ की गई तो उसने अपना नाम लल्लन पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम अकबरपुर थाना ललिया बलरामपुर व पीछे बैठे व्यक्ति का नाम जितेन्द्र कुमार उर्फ कमला प्रसाद पुत्र कौशल कुमार उर्फ मालिकराम निवासी ग्राम मेड़ईडीह थाना ललिया बलरामपुर की मोटरसाइकिल की डिग्गी मे मादक पदार्थ (चरस 3 किलो 115 ग्राम) प्राप्त हुआ, बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0 एन. डी. पी. एस. एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी/उपयोग की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्रीमती ज्योतिश्री के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह थाना हरैया बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में

र.र.इ की नौवीं बटालियन के उ0नि0 अम्बाटी सागर मय हमराह थाना हरैया उपस्थित आकर सूचना दी कि नेपाल राष्ट्र से संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी कर बरदौलिया के तरफ आने की सूचना प्राप्त हुई है । इस सूचना पर उच्चधिकारी को सूचित कर आदेश के क्रम में थाना हरैया पुलिस टीम व एसएसबी की सयुंक्त टीम के साथ रवाना होकर वास्ते चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन भड़सहिया तिराहा पहुंचा ।जहां भड़सहिया-बरदौलिया के मध्य सड़क पर चेकिंग की जा रही थी कि दौरान चेकिंग बरदौलिया की तरफ से एक बाइक आती दिखाई दी जो पुलिस वालों व एस.एस.बी के जवानों को देखकर बाइक की लाइट बुझा दी और अंधेरे में भागने का प्रयास किये। जिन्हें पुलिस व एसएसबी टीम द्वार दौड़ाकर पकड़ा गया और पकड़े गये बाइक सवार व्यक्तियों से गहन पूछतांछ की गयी तो बाइक चालक ने अपना नाम लल्लन पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम अकबरपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जितेन्द्र कुमार उर्फ कमला प्रसाद पुत्र कौशल कुमार उर्फ मालिकराम निवासी ग्राम मेड़ईडीह थाना ललिया बताया व जामा तलाशी लेने पर लल्लन उपरोक्त की दाहिनी जेब से एक अदद मोबाइल सैमसंग क्रीम कलर का व जितेन्द्र कुमार उपरोक्त की दाहिनी जेब से एक अदद मोबाइल सैमसंग सिल्वर कलर का बरामद हुआ तथा मोटरसाइकिल की डिग्गी खोलवाकर उसमें रखा सफेद थैला निकलवाया गया तथा खोला गया तो 04 सफेद पारदर्शी पन्नी में रखा हुआ भूरे रंग का पदार्थ बरामद हुआ जिसे सूघने पर चरस जैसी गंध आ रही थी जिसे मौके मादक पदार्थ विशेषज्ञ स्वान मालकम से भी चेक कराया गया तो विशेषज्ञ स्वान मालकम द्वारा पॉजटिव संकेत दिया गया । बरामद शुदा नाजायज चरस को कब्जा पुलिस में लेकर मौके पर ही ररइ टीम के पास मौजूद किट बैग से इलेक्ट्रानिक तराजू से वजन किया गया तो बरामद शुदा चरस का थैले सहित वजन 03 किलो 115 ग्राम पाया गया तत्पश्चात उक्त घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल प्लेटिना के संबंध में पूछताछ किया गया तो कागजात नहीं प्रस्तुत कर सके। अभियक्तो ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग नेपाल राष्ट्र से चरस को सस्ते दामों मे लेकर उसे भारत में लाकर ऊंचे दामों पर बेचतें है जिससे हम लोगो को अच्छा खासा पैसा लाभ हो जाता है जिससे हम लोग अपनी शान शौकत पूरी करते है ।

किसानों को बताये गये अधिक उपज के गुर

गन्ना कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। गन्ना विकास परिषद उतरौला, बलरामपुर के ग्राम शाहपुरइटई एवं बंजरिया में बसंत कालीन गन्ना बुवाई अभियान के तहत कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला, सचिव ,स० ग०वी० स० उतरौला, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, क्षेत्र प्रतिनिधि इफको एमसी चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आदि वातार्कार के रूप में सम्मिलित हुए। संजय कुमार, जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर द्वारा समिति स्तर पर उपलब्ध कृषि निवेश,गन्ना क्लीनिक एवं फॉर्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्रों से कृषकों को रूबरू कराया गया। नरेंद्र कुमार सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,उतरौला द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु गहरी जुताई के महत्व, गन्ना बुवाई की विधि यथा ट्रेंच एवं रिंग पीट, बीज का चयन, बीज उपचार, भूमि शोधन जैवउर्वरक, ट्राइकोडर्मा तथा पेड़ी प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। अविनाश कुमार सिंह सचिव उतरौला द्वारा गन्ने की आपूर्ति एवं गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी गोष्ठी में दी गई। संतोष कुमार मिश्रा,वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक द्वारा चीनी मिल से कृषकों को देय सुविधा गन्ना मूल्य भुगतान एवं अधिकाधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करने की अपील की गई ।क्षेत्रीय प्रबंधक इफको श्रीआशीष वर्मा द्वारा इफको के विभिन्न उत्पादों के प्रयोग विधि एवं उससे होने वाले लाभ के संबंध में बताया गया। गोष्ठी में मंचासीन हर्षित रंजन द्वारा इफको एम०सी० के कृषि रसायन से होने वाले कीट- रोग आदि के नियंत्रण एवं उत्पादों के प्रयोग विधि की जानकारी दी गई। मंच का संचालन चीनी मिल के अपर गन्ना प्रबंधक विजय कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस मौके पर दोनों गोष्ठी में सैकड़ो कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं गोष्ठी में दी गई जानकारी के आधार पर कम लागत में अधिक उत्पादन की विधा प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अतुल कुमार सिंह, सनोज कुमार रावत आईजी चौधरी, योगेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने इटवा तहसील का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।गत गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील इटवा का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराने तथा कब्जा भी दिलाये जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा आर0के0 पटल पर मत्स्य पट्टा रजिस्टर को भी देखा गया। पत्रावली पूर्ण नही पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया,जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक मनोज भारती, तहसीलदार इटवा देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार इटवा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, नाजिर व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे जिलाधिकारी के जाने के बाद राजस्व कर्मियों ने राहत की सांस लिया।

एसपी ने अरविंद कुमार को स्टार लगाकर किया सम्मानित

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार को रैंक/स्टार लगा कर सम्मानित किया,एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना भी किया। डॉ. अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से उप-निरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार पासपोर्ट सेल प्रभारी जनपद सिद्धार्थनगर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रैंक/स्टार लगाया गया एवं क्षेत्र में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी व सच्चे लगन से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया ।इस दौरान सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक की भूमिका सराहनीय रहा ।

पुरवों में चमचमाती दिखेगी काली सड़कें

- **राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की ओर से सात सड़कों को मिली चार करोड़ की सौगात**

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में पक्की सड़क के निर्माण के लिए करोड़ो की सौगात मिली है। धार्मिक स्थली गुम्मौर देवी धाम समेत क्षेत्र की मुख्य सड़कों से पुरवों के लिए पक्के मार्ग के निर्माण के लिए शासन ने चार करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। अब रामपुरखास के कई पुरवों में भी ग्रामीणों को चमचमाती काली सड़क से आवागमन की जल्द सहूलियत मिल सकेगी। इन सड़कों को पिच मार्ग बनाए जाने के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इन मार्गो को पक्की कराए जाने के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत प्रस्ताव सौंपते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के साथ शासन में लगातार पैरवी की। शासन के अनुसचिव शिवकुमार की ओर से पांच फरवरी को निर्गत हुए शासनादेश में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।इसके तहत सांगीपुर ब्लाक के नसीरपुर ननौती से अधार का पुरवा लगभग एक किलोमीटर के लिए बहत्तर लाख चौबीस हजार, इसी ब्लाक के पूरे भाव सिंह का पुरवा नौ सौ मीटर संपर्क मार्ग के पचहत्तर लाख चौवालिस हजार, वहीं लालगंज ब्लाक के बरीबोझ में बड़ा राजा का पुरवा आठ सौ मीटर संपर्क मार्ग के लिए तिरपन लाख छियालिस हजार, देल्हूपुर के गड़रियन का पुरवा आठ सौ मीटर संपर्क मार्ग के लिए तिरपन लाख छियालिस हजार, उधरनपुर की छः सौ मीटर मुस्लिम बस्ती संपर्क मार्ग के लिए उन्तालिस लाख अठहत्तर हजार, समापुर में खीरी बभनउटी पांच सौ मीटर संपर्क मार्ग के लिए तैंतीस लाख बत्तीस हजार, असरही के मां गुम्मौर देवी छः सौ मीटर संपर्क मार्ग के लिए तैतीस लाख इक्तीस हजार की धनराशि स्वीकृत हुई है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि गांवों से पुरवों को पक्की सड़क से जोड़ने का उनका मिशन मजबूत हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में सड़क संसाधन में करोड़ों की सौगात की जानकारी पर गुरूवार को रामपुरखास में खुशी का माहौल दिखा।

डीएम ने निर्माणाधीन रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्माणाधीन रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पुरे भवन का गहन निरीक्षण कर देखा गया। उन्होंने ने सम्बंधित को सुचिता पूर्ण तरीके से समय अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वही डीएम ने डाक्टर राजा गणपति आर ने रा0उ0मा0वि0-मुड़िला बक्शी, विकास खण्ड इटवा का निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने रा0उ0मा0वि0-मुड़िला बक्शी, विकास खण्ड इटवा में कराये जा रहे स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा, शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला, मल्टीपर्पज हाल आदि निरीक्षण कर गहनता से देखा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समय अन्तर्गत मानक अनुसार व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश सम्बंधित को दिया गया।

पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जोगिया थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जोगिया थाने की पुलिस ने गिरिजेश पुत्र नन्द किशोर नाम के 1 एक नफर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, व सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक व कुशल पर्यवेक्षण में, तथा मयंक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन व मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में गत गुरुवार 06.02.2025 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा वाद संख्या 443/22 धारा 323, 504 व 3(1) द,ध, 3(2)५ २/२३,३ से संबन्धित एक नफर वारण्टी को महदेवा नानकार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टी का नाम 01.गिरिजेश पुत्र नन्दकिशोर निवासी महदेवा नानकार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर ।बताया जा रहा है जिसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल 01.उ0नि0 रमेश यादव ।02.आ0 रिजवान अहमद, भुवाल यादव, बद्री थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर ने अभियुक्त गिरफ्तार करने बाद उसके न्यायालय भेजा गया।

सामाजिक मुद्दों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। बाबूराम नरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज कोना बरही के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, खुले में शौच रोकने के लिए शौचालय का प्रयोग. मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा, यातायात के नियमों का पालन करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सिग्नल का प्रयोग करने जैसे विभिन्न समस्याओं पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया गुप्ता की टीम प्रथम सादिक की टीम द्वितीय एवं शिवांगी की टीम तृतीय स्थान प्राप्त की ।बंदना एवं संध्या की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया ।इस अवसर पर प्रशिक्षक योगेंद्र मौर्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर श्रवण कुमार मधु कश्यप गीतांजलि मिश्रा डॉक्टर नम्रता यादव विकास कुमार संजना मौर्य संजना यादव प्रीति शर्मा सुमित पासवान अमन श्वेता अनु सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

ताला तोड़कर हजारों की नकदी व जेवरात चोरी

प्रतापगढ़। बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर मे रखी हजारों की नकदी व जेवरात उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। लीलापुर थानान्तर्गत पीरूपुर गांव निवासी अशोक यादव पुत्र सूर्यपाल यादव के अनुसार बुधवार की रात परिवार के लोग कच्चे मकान में ताला बंद करके बगल स्थित पक्के मकान में सो रहे थे। आरोप है कि रात में अज्ञात चोर ताला तोड़कर कच्चे मकान के अंदर दाखिल हुए। कमरे में रखे बाक्स का ताला तोड़ डाला और उसमें रखी पांच हजार की नकदी व हजारों के जेवरात उड़ा ले गये। गुरूवार सुबह घर का ताला टूटा देख परिवार के लोग आवाक रह गये। छानबीन के दौरान घर में रखा बाक्स घर के पीछे पड़ा मिला। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

एसीजेएम कोर्ट को लेकर वकीलों में खुशी, अधिकाधिक कामकाज का जताया संकल्प

प्रतापगढ़। लालगंज सिविल कोर्ट में एसीजेएम अदालत के कामकाज शुरू होने को लेकर गुरूवार को यहां वकीलों में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। अधिवक्ताओं ने दीवानी परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर अधिकाधिक न्यायिक कामकाज में सहभागिता का सामूहिक संकल्प भी लिया। हाईकोर्ट के आदेश पर लालगंज में एसीजेएम कोर्ट का संचालन शुरू हुआ है। गुरूवार को एसीजेएम देवेन्द्र कुमार की अदालत में निषेधाज्ञा का दावा प्रस्तुत हुआ। जानकारी मिलने पर वकीलों के चेहरे खिल उठे दिखे। परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल की अगुवाई में वकीलों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। वही अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अधिकाधिक न्यायिक कामकाज का भी संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हाईकोर्ट ने गरीब व संसाधनविहीन बड़े तबके को लालगंज में इस कोर्ट के संचालन से न्याय के क्षेत्र में अमूल्य वरदान सौंपा है। संचालन पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, संतोष पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, रमेश पाण्डेय, संजय ओझा, विपिन शुक्ल, उमेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, सिंटू मिश्र, दीपक पाण्डेय, पण्डित दुबे, कृष्णतोष मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

पीड़िता ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली अन्तर्गत कस्बे की एक पीड़िता ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में दुष्कर्म के मामले में इंसाफ की फरियाद की है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में कहा है कि ढ़ाई वर्ष पूर्व आरोपी उसके घर आया और उसके ससुर से रहने के लिए किराए पर कमरा लिया। आरोपी के साथ दो महिलाएं भी किराए के कमरे मे आती जाती थी। जिन्हें आरोपी रिश्तेदार बताया करता था। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी द्वारा जबरिया उसका यौन शोषण कर ब्लैकमेल किया जाने लगा। पीड़िता ने शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि आरोपी ने बैंक में उसके तथा सास ससुर के सोने चांदी के लाखों के जेवरात तथा पचास हजार रुपए नकद लॉकर में सुरक्षित रखने का झांसा देकर ले गया। पीड़िता को बैंक के बाहर खड़ा कर वह अंदर गया और बाहर आने पर बताया कि एक सप्ताह बाद जमा रसीद मिलेगी। आरोपी के टालमटोल पर शंका के तहत पीड़िता ने बैंक से जानकारी की तो आरोपी की जालसाजी सामने आयी। पीड़िता ने मामले को लेकर कोतवाली तथा सीओ को भी शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि पुलिस जांच के नाम पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की फरियाद की है। पुलिस ने फिलहाल तहरीर मिलने से इंकार किया है।

भगवान की कथा का अनुसरण करने पर जीवन में होता है सुमंगलः अतुल जी महराज



प्रतापगढ़। क्षेत्र के नौढ़िया गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथाव्यास अतुल जी महराज ने कहा कि भगवान की कथा सदैव जीवन में अनुसरण करने के लिए सुननी चाहिए। उन्होने कहा कि आस्था की पवित्रता ही भक्ति की साधना है। अतुल जी महराज ने कहा कि श्रीमदभागवतगीता का प्रत्येक श्लोक जीवन में मार्गदर्शन का शाश्वत संदेश प्रदान करता है। व्यासपीठ से ध्रुव चरित्र तथा सती प्रसंग की भी मार्मिक व्याख्या कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास अतुल जी ने कहा कि परमात्मा के प्रति ध्यान लगाने से ही जीवन में सुमंगल हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान सदैव करूणा और दया का भाव रखते हैं। कथाव्यास ने कहा कि आत्मा को शुद्ध रखते हुए सदैव भगवान का स्मरण भी निश्छल होना चाहिए। कथा के संयोजक पं. माताफेर तिवारी एवं सुशीला तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन किया। पूर्व प्रधान आशीष तिवारी के संयोजन में मंगला आरती में श्रद्धालु भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष में मगन दिखे। इस मौके पर चंद्रशेखर द्विवेदी, शंकर लाल जायसवाल, भगवती प्रसाद दुबे, अनंतराम पाण्डेय, राजकुमार जायसवाल आदि रहे।

निलम्बित हुए उप निरीक्षक गोरखनाथ रिश्वत लेते हुआ था वायरल वीडियो

सिद्धार्थनगर। जिले के थाना उसका बाजार में तैनात रहे उप निरीक्षक गोरखनाथ का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल को संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने उप निरीक्षक गोरखनाथ पर निलम्बंन की कार्यवाही कर प्रकरण की अग्रिम जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज को सौंपी गयी है। जिसके सम्बन्ध में अन्य आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन द्वारा गत गुरुवार 06.02.2025 को थाना उसका बाजार पर नियुक्त उ0नि0 गोरखनाथ के वायरल वीडियो ƙउनके द्वारा रिश्वत लेते हुएƘ प्रकरण के संबन्ध में प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार की रिपोर्ट के आधार पर उ0नि0 गोरखनाथ को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। व प्रकरण की अग्रिम जांच कार्यवाही पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज को दिया गया तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

मानक विहीन सड़क पटरी निर्माण कार्य देख डीएम नाराज

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कराये गये निर्माण कार्य झकहिया कठेला रोड से भुतहवा वाया बेलबनवा बगुलहवा का जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क को खोदवाकर देखा गया। सड़क की पटरी का निर्माण कार्य मानक अनुसार नही बने होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र पटरी बनाने का निर्देश सम्बंधित को दिया गया।

संक्षेप

श्रीमद्भागवत का हर प्रसंग देता है मानवता की शिक्षा

गोरखपुर। कौड़ीराम क्षेत्र के बघराई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस अयोध्या धाम से आए कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जब अनंत कोटि जन्मों का पुण्य उदय होता है तब जाकर हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने को मिलती है। कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु पर्वत के समान पापों का शमन हो जाता है। इसलिए जीवन में हमेशा नेक कार्य करते रहना चाहिए। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा और शुकदेव जन्म आदि की कथा सुनाई गया है। श्रीमद्भागवत की कथा भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है ।

सिर कूंचकर युवती की हत्या

- गगहा-भलुआन के बीच सीलनी पुलिया के पास सड़क किनारे पड़ा था शव
- पुलिस के कड़ी मशक्कत के बाद भी शव की नहीं हो सकी पहचान

गोरखपुर। जनपद के गगहा इलाके में गुरूवार की तड़के सुबह ही गगहा-भलुआन के बीच सीलनी पुलिया के पास सड़क किनारे एक युवती की सिर कूंच हत्या कर अर्ध नग्न हालत में शव फेंका हुआ मिलने से सनसनी मच गई। मृतका के सिर व सीने का उपरी हिस्सा बुरी तरह कूंचा गया था। सूचना के बाद मुकामी पुलिस के साथ ही पुलिस के आला अधिकारियों समेत डाग स्क्वायड ने घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिस मृतक युवती की पहचान कराने में भी जुटी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी थी। गगहा/मझगांव संवाददाता के अनुसार, गगहा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगहा व भलुवान के बीच सीलनी पुलिया के पास सड़क के किनारे बबूल के पेड़ के नीचे गुरुवार की सुबह 22 से 25 वर्षीय युवती का सिर कूंची अर्धनग्न शव देखकर राहगीरों ने इसकी सुचना गगहा पुलिस को दी। युवती के शरीर में केवल जींस और मोजा था बाकी कपड़ा शरीर से बाहर था उसके चेहरे को बुरी तरह कूंच कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है उसका दाया हाथ भी अलग है ऐसा देखने में लग रहा है कि कहीं मारकर घटनास्थल पर सड़क के किनारे से घसीटते हुए शव को पेड़ के पास ले जाया गया है।उसके कूंचे हुए सर में प्लास्टिक का बोरा डाला गया था और शव पर रस्सी रखी हुई थी। लड़की का शव देखने से लग रहा है कि किसी अच्छे परिवार से है। सुचना मिलते ही एसपी साऊथ जितेन्द्र कुमार, सीओ बांसगांव दरवेश कुमार, थाना प्रभारी गगहा गौरव कुमार वर्मा व डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जब सुबह शव देखा गया तो उसे पक्षी नोंच रहे थे। घटनास्थल स्थल पर कोई खून न होने के कारण ऐसा लग रहा है कि कहीं और मारकर इसे रात के अंधेरे में सुनसान जगह होने के कारण यहां फेंक दिया गया है। युवती की शिनाख्त होने पर कुछ सच्चाई सामने आ सकती है।

गगहा इलाके में युवती का क्षत-विक्षत शव मिला है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही ही है। मौके पर मिले सामानों से लग रहा कहीं और हत्या कर यहां फेका गया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा लिखकर जांच को आगे बढाया जाएगा। जितेंद्र कुमार, एसपी साउथ

नहर में मिला अधेड़ का शव, परिवार में मचा कोहराम

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के मलऊर उर्फ मुस्तफाबाद के पास गुरूवार को 55 साल के अधेड़ आदमी का शव मिला। सुबह भरोहिया गांव के दक्षिण नहर में शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

दरअसल, युवक का नाम अली रजा है। वह शनिवार को पड़ोसी हजरत अली के साथ मजदूरी के लिए गया था। बुधवार को दोनों घघसरा पहुंचे, जहां शराब पीने के बाद हजरत अली बाइक से घर चला गया, जबकि अली रजा वहीं रह गया। अगले दिन सुबह उसका शव नहर में मिला। न तो शरीर पर चोट के निशान थे और न ही नहर में पानी था, जिससे उनकी मौत पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अली रजा चार बेटों- जुमराती अली, कुर्बान, रोशन और हसन के पिता थे। दो बेटों की शादी हो चुकी है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है, पत्नी हाजरा खातून बदहवास हैं। इस संदर्भ में सहजनवा के थाना प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह साफ होगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

इस्लामिया कॉलेज में हुआ जश्ने मौलाए कायनात का आयोजन

इटावा। इस्लामिया इंटर कालेज में जश्ने मौलाए कायनात हजरत अली का आयोजन हुआ।कार्यक्रम स्थल मौला अली के चाहने वालों से खचाखच भर गया। हजरत मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी की तकरीर सुनने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा और हैदर-हैदर, नारे हैदरी या अली की सदाओं से पंडाल गूंज उठा। जश्ने मौलाए कायनात कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए मालेगांव महाराष्ट्र से आये मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी ने कहा मौला अली काबे में पैदा इससे मौला अली को नहीं बल्कि काबे को इज्जत मिली।मौला अली जब काबे में पैदा हुए तो तीन दिन तक आंखें नहीं खोलीं जब रसूल अल्लाह आये और उन्होंने मौला अली को अपनी गोद मे लिया तो उन्होंने आंखें खोल दीं। मौला अली रसूल अल्लाह से बहुत मोहबब्त करते थे। मौलाना अमीनुल कादरी ने मौला अली की विशेषताओं का जमकर वर्णन किया। कार्यक्रम आयोजक हाजी अजीम वारसी, हाजी रईस अहमद चिश्ती, नदीम वारसी, वाईके शफी चिश्ती ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना अनस रजा हाकमी उरई मौजूद रहे तथा संचालन महशहूर शायर रौनक इटावी ने किया। शहवाज अनवर कादरी ने तिलावते कुरान पाक से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मौलाना जाहिद रजा कादरी, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, मौलाना मोहसिन बरकाती, मौलाना मो.फुरकान रजा, डा. सरफराज वारसी, हाफिज मो. अहमद अबकरी, मौलाना आजम अत्तारी, शायर साजिद रजा शमीमी सुल्तानपुरी ने शिरकत कर तकरीर और कलाम पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में हाजी गुड्डू मंसूरी, हाजी हन्नान मंसूरी, मुईनउद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, शमीम वारसी, मुन्ना वारसी, बिट्टू, कलामउद्दीन चिश्ती, अहमद अली वारसी, शकील वारसी, हाजी शेख शकील, शेख नवाब, अबरार कादरी राजू, अब्दुल हमीद अशरफी, निजामुद्दीन वारसी, कलीम वारसी, हसीन अंसारी चिश्ती, कासिम अशरफी, अजहर चिश्ती, कलीम अख्तर, सलमान वारसी, मुमताज चैधरी, शावेज नकवी, तनवीर हसन, राहत हुसैन रिजवी, आरिफ रिजवी, अमान उल्ला, साजिद अली अशरफी, फातिक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री खुशी जायसवाल को उसके गलत आचरण व नशा आदि के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **लीला देवी पत्नी रामअचल नि.- म.सं. 4/92, बालू अड्डा अकादमी स्कूल, हुसैनगंज, लखनऊ।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा बीमा पॉलिसी में परी चौरसिया पुत्री शरद कुमार चौरसिया पालिसी संख्या 214410001 है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम अनुराधा चौरसिया दर्ज है। परी चौरसिया व अनुराधा चौरसिया दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। हमें दोनो ही नाम से जाना व पहचाना जाये। **परी चौरसिया पुत्री शरद कुमार चौरसिया नि मोह, बट्सगंज थाना-कोतवाली, तहसील सीतापुर जिला सीतापुर उ.प्र.।**

महाराजगंज ने सिग्मा क्रिकेट पटना को किया पराजित

चौरीचौरा, गोरखपुर। स्वर्गीय गुरलाभ सिंह मजीठिया स्मारक मंडल स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्रुप बी के पांचवें लीग मैच में महाराजगंज क्रिकेट अकादमी ने सिग्मा क्रिकेट अकादमी पटना को 24 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता में दूसरी जीत दर्ज कराई।

टॉस जीतकर महाराजगंज ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराजगंज क्रिकेट अकादमी ने अपने निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए।सिग्मा क्रिकेट अकादमी पटना की तरफ से प्रशांत चौहान और नीतीश यादव ने 2,2 विकेट प्राप्त किया। 208 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी टीम 183 रनों पर ऑल आउट हो गई। महाराजगंज क्रिकेट अकादमी की तरफ से आदित्य सिंह ने 3 और अंश ने 2 विकेट प्राप्त किया।महाराजगंज के अंकुश चौरसिया को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया।

विधायक व चेयरमैन ने बड़हलगंज में 80 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

नगर पंचायत बोर्ड की सकारात्मक सोच से नगर का तेजी से हो रहा विकास : राजेश

गोरखपुर। बड़हलगंज नगर पंचायत के चतुर्दिक विकास के क्रम में 80 लाख की लागत से निर्मित अनेकों विकास कार्यों का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर ने किया। लोकार्पित योजनाओं में नगर पंचायत के पुराने कार्यालय में निर्मित विश्वनाथ उमर लाइब्रेरी सहित विभिन्न वार्डों में पाथवे एवं नाली निर्माण कार्य, नगर स्थित विभिन्न प्राथमिक विद्यालय के टाइल्स व रंगाई पुताई कार्य के साथ ही सीसी रोड निर्माण कार्य रहे। इस अवसर पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि बड़हलगंज काफी पुराना टाउन एरिया है, बावजूद इसके इसका अपेक्षित विकास नही हो सका है। नपं की पिछली बोर्डो ने विकास की तरफ ध्यान ही नही दिया था। जिसका खामियाजा नगर को भुगतना पड़ा था। लेकिन अब वर्तमान बोर्ड की अध्यक्ष प्रीति उमर व उनके प्रतिनिधि महेश उमर के देखरेख में नगर के सभी वार्डों का तेजी से विकास हो रहा है, पूर्व चेयरमैन स्व विश्वनाथ उमर के स्मृति में बनी लाइब्रेरी नगर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के दिशा में काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, भाजपा जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, सभासद दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, ऋषि चंद, खुर्शीद अहमद, सुदीप वर्मा, राजीव मिश्रा, संजय सोनकर, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, श्रीकांत सोनी, गंगा सोनी, अमरनाथ उमर, प्रधान धर्मराज निषाद, हृदय शंकर सिंह, श्रीराम मद्धेशिया, पवन यादव, मनमोहन पटवा, अभिषेक श्रीवास्तव, अनूप जायसवाल, श्रीभागवत यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

गलत दस्तावेज पेश कर एसएसबी में नौकरी करने आया युवक धराया, मुकदमा दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत उर्वरक नगर में सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल में कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर नौकरी करने आया युवक जाँच पड़ताल में गलत पाये जाने पर डिप्टी कमाडेण्ट जय प्रकाश आर्य के लिखित तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस 419 (2), 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2) धारा के तहत मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया। सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल उर्वरक नगर के जय प्रकाश आर्य डिप्टी कमांडेण्ट प्रशिक्षु प्रशिक्षण केन्द्र गोरखपुर ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा यस यस सी 2024 के अन्तर्गत चयनित शैलेन्द्र कुमार पुत्र बीरपाल कुमार निवासी बर्धमान जिला राजनन्द गाँव छत्तीसगढ़ को बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली द्वारा आरक्षी सामान्य पद हेतु नियुक्ति पत्र जारी किया था। अतः अभ्यर्थी को प्रशिक्षु प्रशिक्षण केन्द्र सशस्त्र सीमा बल गोरखपुर को निर्देशित किया गया था। अभ्यर्थी शैलेन्द्र कुमार पुत्र बीरपाल कुमार द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्थाई निवास प्रमाणपत्र एवं दसवी की अंक तालिका, इ डब्लू यस प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज जाँच के बाद अभ्यर्थी का फोटो पहचान चिन्ह एवं हस्ताक्षर कर्मचारी चयन आयोग द्वारा मूल दस्तावेज से मेल नही खाने पर विधिक कार्यवाही हेतु चिलुआताल पुलिस को सुपुर्द कर दिया पुलिस मुकदमा कायम कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

सुघर सिंह कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

जसवंतनगर, इटावा। चैधरी सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर फेफड़ों के कैंसर की वर्तमान प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँ विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके नवीनतम उपचार व बचाव उपायों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. ध्रुव महाजन कैंसर विशेषज्ञ, आगरा, चैधरी सुघर सिंह ग्रुप के एमडी एवं सचिव अनुज मोंटी यादव तथा कॉलेज की निदेशक डॉ. रीमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद, कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर चिकित्सा एवं नर्सिंग क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने फेफड़ों के कैंसर के कारण, लक्षण, उपचार और रोकथाम के उपायों पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि डॉ. ध्रुव महाजन ने कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धूम्रपान, प्रदूषण और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू से दूरी और समय पर मेडिकल चेकअप कराने की सलाह दी। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को फेफड़ों के कैंसर की गंभीरता, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और जागरूकता के महत्व को समझने का अवसर दिया। अंत में, सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कैंसर मुक्त समाज की दिशा में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन/पचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 06.02.2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग में वर्ष 2024-25 में पचम राज्य वित्त/केन्द्री य वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थायी फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 07.02.2025 से 13.02.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 13.02.2025 को 04 बजे खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री	अनुमानित लागत
1	ग्राम पंचायत के अम्बेडकर पार्क में टाइल का स्थापना कार्य।	टाइल्स, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	62000.00
2	हरपाल के घर से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	120200.00
3	प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	240300.00
4	उड़न के मोड़ से आर.आर.सी. तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	365300.00
5	अम्बेडकर पार्क में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। पार्ट 1	प्रथम श्रेणी ईटं, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	513200.00
6	अम्बेडकर पार्क में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। पार्ट 2	प्रथम श्रेणी ईटं, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	513200.00
7	उड़ के मोड़ से तेजी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	208500.00
8	अम्बेडकर पार्क में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	251800.00
9	डामर रोड़ से उदं के जगह तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	476000.00
10	पंचायत भवन के प्रांगढ़ में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	170000.00
11	सविलियन विद्यालय घुर्घुट्टा बुजुर्ग में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	634200.00
12	पंचायत भवन के चारो तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	732000.00

नियम व शर्तें:-

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग के कार्यालय में 07.02.2025 से 13.02.2025 तक रू मूल्य 200 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पचं ायत घुरघुट्टा बुजुर्ग के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 07.02.2025 से 13.02.2025 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टणे डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.02.2025 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग
विकास खण्ड धौरहरा

सचिव
ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजुर्ग
विकास खण्ड धौरहरा

कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 06.02.2025

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, सुलतानपुर में 15वां वित्त/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 07.02.2025 से दिनांक 12.02.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 12.02.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	पक्की सड़क से नन्दू के घर तक खडंजा निर्माण कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।
2.	पक्की सड़क से श्रीपति के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य।	2 लाख।	एसओबी ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बनकेगांव, वि.ख.- कादीपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत गुलहरिया विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन/पचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 06.02.2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलहरिया में वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थायी फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 07.02.2025 से 13.02.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 13.02.2025 को 04 बजे खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री	अनुमानित लागत
1	डामर रोड़ से परवेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	745000.00
2	डामर रोड़ से राकेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू, रोड़ा आदि।	745000.00

नियम व शर्तें:-

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत गुलहरिया के कार्यालय में 07.02.2025 से 13.02.2025 तक रू मूल्य 200 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत गुलहरिया के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 07.02.2025 से 13.02.2025 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जांएगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत गुलहरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.02.2025 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत गुलहरिया
विकास खण्ड धौरहरा

सचिव
ग्राम पंचायत गुलहरिया
विकास खण्ड धौरहरा

बस -ट्रक से टकराई

तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल

बकेवर, इटावा। बकेवर ओवरब्रिज पर आगरा कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर बकेवर ओवर ब्रिज पर दिल्ली से प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस गुरुवार सुबह पाँच बजे के करीब हाइवे पर ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। जिससे बस के चालक सहित बस में सवार 20 सवारियां घायल हो गई। बस का चालक स्टेरिंग के बीच में फस गया था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घायल चालक को बाहर निकाला।

चालक सहित सभी घायल सवारियों को पुलिस ने एंबुलेंस व पुलिस की गाड़ी से महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाए। जहां उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में सवार कुंभ स्नान जा रहे श्रद्धालु दिल्ली फरीदाबाद के आसपास के थे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं। सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार सिंह राठी कस्बा इंचार्ज हाकिम सिंह मय फोर्स हाईवे मोबाइल कांस्टेबल रोहित कुमार मौके पर पहुँचे। एनएचएआई की मोबाइल टीम भी मौके पर पहुँची।हाइवे की हाइड्रा बुलवाकर पुलिस व एनएचएआई की टीम ने फसे हुए चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को बस से निकाल कर कुछ को एम्बूलेंसों से अस्पताल भेजा। घायल सवारियों की संख्या अधिक होने से एम्बुलेंस कम होने के कारण कुछ घायलों को थाना पुलिस की गाड़ी व थाना की हाईवे मोबाइल गाड़ी उपचार के लिए महेवा अस्पताल पहुँचाया। जहां से 7 घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी मामूली घायल लोग अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अपने घर को चले गए।

घायलों में उवर्शी पत्नी विजय सिंह उम्र 42 निवासी नागलोई नई दिल्ली, पति विजय सिंह पुत्र ईश्वर सिंह 44, कल्पना पत्नी रोशन वर्मा, शीलकराम पुत्र कप्तान सिंह, उम्र 48, अंगूरी पत्नी कप्तान सिंह 66, प्रीति पत्नी शीलगराम उम्र 40 निवासीगण उक्त संजय पुत्र बजरंग दीपमाला, पूरन सिंह, मानसी, मनीष, सीमा, नीरज, हिमांशी, रमा, अर्चना, पुष्पा तिवारी, ओमप्रकाश, राकेश आदि है। घायलों में दो लोग मनोज व विनोद चालक दिल्ली इलाज के लिए भेजा गया। घटना की खबर सुनकर डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय वर्मा, एसडीएम विक्रम राघव, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा, सिविल लाइन इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह सहित काफी संख्या में फोर्स पहुंचा वहीं घायलों की अच्छी तरह से देखभाल को लेकर सीएमएस डा. एमएम आर्या ने घटना की खबर सुनकर इमरजेन्सी में तैनात डा. श्याममोहन यादव व चीफ फार्मेसिस्ट बालिन्दर शुक्ला के अलावा अतिरिक्त डाक्टर रितिक कुमार, ओमकार, विष्णु मेहरोत्रा, पीयूष तिवारी, सिस्टर इंचार्ज सुमन त्रिपाठी, भोलाराम, अवधेश, राहुल माथुर आदि को मरीज के उपचार के लिए लगाया सभी घायलों को तबियत ठीक है कुछ अस्पताल में भर्ती है बाकी लोग अपने अपने घर चले गए है।

हॉस्टल छात्राओं ने कई खेल प्रतियोगिता में भाग लिया

इटावा। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में चल रहे वार्षिक स्पेक्ट्रम खेल महोत्सव में आज दूसरे दिन कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं ने कई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया ! वार्षिक स्पेक्ट्रम खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे संस्था के प्रधानाचार्य, निदेशक डॉक्टर आनंद ने प्रतियोगी छात्र छात्राओं से परिचय प्राप्त एवं झंडी दिखाकर कर आज दूसरे दिन के खेलो की शुरूआत की ! वार्षिक खेल महोत्सव में दूसरे दिन हॉस्टल के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए 50 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट बॉल थ्रो में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए ! सब जूनियर वर्ग कक्षा 5 में आयोजित हुई 50 मीटर दौड़ में हॉस्टल के हर्ष यादव ने प्रथम स्थान, हॉस्टल के ही छात्र उदय एवं कृष्णा यादव ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ! वही क्रिकेट बॉल थ्रो में हॉस्टल के छात्र आदित्य,लोकेश,पीयूष ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ! सब जूनियर बालिका वर्ग में बेटियों ने भी दिखाया दमखम कक्षा 5 में 50 मीटर दौड़ में लवी,गौरवी, वान्या तिवारी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ! क्रिकेट बॉल थ्रो सब जूनियर बालिका वर्ग कक्षा 5 में जाह्नवी, आरोही यादव,इशिका ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ! शिशु वर्ग कक्षा 1 एवं 2 में नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी खेलो में अपना हुनर दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए फ्रॉग रेस, टेनिस बॉल थ्रो, लेमन स्पून रेस में बढ़ चढ़ कर भाग लिया ! जिसमें कक्षा 1 में हुई लेमन रेस प्रतियोगिता में मुहम्मद नाजिश,प्रिंसी,पीयूष चैरसिया ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया !

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आशाओं को प्रशिक्षण

जसवंतनगर, इटावा। 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक की सभी आशा कार्यकताओं को कृमि मुक्ति अभियान से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।

अध्यक्षता ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर सुनील कुमार ने की। उन्होंने आशाओं को बताया कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों को सही समय पर दवा देना आवश्यक है। एआरओ सतीश कुमार ने भी अभियान की रणनीति पर प्रकाश डाला और आशाओं को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से समझाया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से बचाया जा सकता है। यह अभियान सरकारी और निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित आशा कार्यकताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी जिम्मेदारियों को समझा और अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वास्थ्य विभाग ने सभी आशाओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें कृमि मुक्त करें। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का यह अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशर्शानुसार पूरे देश में चलाया जा रहा है।

संक्षेप

वॉलीबाल प्रतियोगिता 15 व 16 फरवरी को

भरथना, इटावा। आधा सैकडा से अधिक दिवंगत समाजसेवियों की स्मृति में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता 15 व 16 फरवरी को मिडिल स्कूल प्रांगण में सम्पन्न होगी। जिसमें विभिन्न जनपदों की टीमें प्रतिभाग करेगीं। उक्त आशय की जानकारी आदर्श वालीबाल क्लब भरथना के अध्यक्ष सुखराम सिन्धी ने देते हुए बताया कि आधा सैकडा से अधिक समाजसेवियों की स्मृति में आगामी 15 व 16 फरवरी दिन शनिवार व रविवार को प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता व बैट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कस्बा के जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में सम्पन्न उक्त प्रतियोगिता में बाह (आगरा), जैतपुर, मथुरा, अछईपुर (मैनपुरी), समधन (कन्नौज) आदि स्थानों के खिलाडी प्रतिभाग करेगें। जिसमें विजेता टीम को 7100 रू. व उपविजेता टीम को 3100 रू. नगद पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। अध्यक्ष श्री सिन्धी ने नगर व क्षेत्र के समस्त खेलप्रेमियों से निश्चित तिथि व समय पर पहुँचकर खेल का आनन्द लेने की अपील की है।

8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश की अध्यक्षता में 8 मार्च सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व, चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये। अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से न्यायिक, राजस्व, प्रशासनिक व बैंक अधिकारीगण के साथ प्री-ट्रायल बैठकों का आयोजन भी किया जा चुका है।

नाबालिग लड़की का विवाह रूकवाया

भरथना, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की तैयारियों की सूचना के आधार पर पहुंची टीम ने 16 वर्ष से कम आयु की बालिका को रेस्क्यू किया। बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता की अगुवाई में एएचटीयू प्रभारी दिवाकर सरोज, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमकुमार शाक्य, थाना कोतवाली भरथना से एसआई राजेश कुमार व हमराही उक्त गांव में पहुंचे और बालिका के घर पहुंच कर परिजनों से जानकारी हासिल की। फिर टीम ने बालिका को रेस्क्यू किया। उक्त बालिका ने बताया कि उसने 2024 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की और वह 11 वीं में अध्ययनरत है। उम्र 16 वर्ष होने के करीब थी। विवाह 18 फरवरी दिन मंगलवार को मैनपुरी जिले के एक युवक से होना था। बालिका को रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर इटावा ले जाया गया है।

प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने का किया निरीक्षण

निरीक्षण में आल इस वेल मिला थाना, प्रभारी मंत्री ने की एसएचओ की सराहना

लखीमपुर खीरी। जिले के प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी नेपाल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ सर्वप्रथम थाना खीरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर, लॉकअप, मालखाने, मेस, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया। अभिलेखों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित फरियादियों और नागरिकों से पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने मालखाना, विवेचना डायरी, वारंट रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही लिखा-पढ़ी करने वाले पुलिसकर्मियों से काम के दौरान होने वाली व्यावहारिक परेशानी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने की चाक चौबंद व्यवस्था देखकर प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय की सराहना की तथा संतुष्ट दिखाई पड़े। प्रभारी मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने गरीब असहाय गरीब असहाय को न्याय दिलाने की बात कही।

लाल पत्थर के साथ रंग बिरंगी स्टेप लाइटों से चमकेगी गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियां

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जिसमें ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला और मेला प्रशासनिक कैंप कार्यालय के पास बने शौचालय के पास रिटेनिंग वाल बनाए जाने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ पर सीढ़ियों के निर्माण के साथ धार्मिक के लिए बनाए जा रहे चबूतरे के निर्माण में भी तेजी देखने को मिली। क्योंकि महाशिवरात्रि का पर्व लगभग एक पखवाड़ा दूर है। गोकर्ण तीर्थ का काम महाशिवरात्रि के पूर्व पूरा होना प्रस्तावित है। जिसको लेकर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व से पहले तीर्थ का मुख्य कार्य पूरा करने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि महाशिवरात्रि को छोटी काशी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन और जल अभिषेक करने के लिए आते हैं। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने बताया कि गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों पर अत्याधुनिक रंग बिरंगी लाइट और ऑक्सीडेशन प्लांट लगा प्रस्तावित है। जिसे सीढ़ियों और चबूतरा निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा। सीढ़ियों पर स्टेप लाइट लगने के कारण पत्थर लगाने का काम धीमी गति से किया जा रहा है। उधर रिटेनिंग और बाउंड्री वॉल का काम भी तेजी पकड़े हुए हैं।

तेंदुए के हमले से किसान की मौत

निघासन खीरी। लाही काट रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर उतारा मौत के घाट क्षेत्र में दहशत दक्षिण वन रेंज लुधौरी के ग्राम बैलहा डीह गांव में तेंदुए मचा रहा है आतंक। जहा बृहस्पतिवार को नंदकिशोर यादव उम्र करीब 55 वर्षीय अपने खेत गए थे वहा अचानक तेंदुए आ गया और नंदकिशोर यादव पर हमला करते हुए गर्दन काट दिया और करीब सौ मीटर तक घसीट ले गया जिससे किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार किसान नंदकिशोर यादव अपने गांव के पास खेत में लाही की फसल काट रहा था। तभी पास के खेत में लगे गन्ना का खेत से निकले तेंदुए ने नंदकिशोर यादव के गर्दन पर हमला कर दिया और करीब सौ मीटर तक घसीटकर गन्ने के खेत में चला गया। आस पास के खेतों में काम कर रहे लोगों को जब शोर मचाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गए लेकिन तब तक नंदकिशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। मौके पर पहुंची वन विभाग टीम के अधिकारियों ने बताया है कि नंदकिशोर की तेंदुए के हमले से ही मौत हुई है। वन विभाग टीम के अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील करते हुए बताया है कि जब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आ जाता तब तक सभी लोग ग्रुप बनाकर ही अपने खेतो को जाए। इस घटना से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लखीमपुर खीरी। भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (ठक्रट)कैपेसिटी बिल्डिंग इनीशिएटिव ऑफ सेबी के द्वारा एक प्रशिक्षण प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन मुकुल श्रीवास्तव ने फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटिजन विषय पर छात्राओं को आठ चरण में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से समझाया। उन्होंने म्युचुअल फंड, डीजी लॉकर, गोल्ड सिक्योरिटीज, लिक्विडिटी इन्वेस्टमेंट इत्यादि के बारे में विस्तृत की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन वीना चौरसिया, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सुशीला देवी विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में निवेश करते समय कौन सी सावधानी बरतें विषय पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अर्चना सिंह, शिवांगी सक्सेना, डॉ प्रीति सिंह, विमलेश, छाया वर्मा, रूपल, सरिता यादव आदि मौजूद रही।

अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

इटावा। इटावा टैक्स बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने ज्ञापन अपर आयुक्त राज्यकर कार्यालय में दिया जिसमें वैट व जीएसटी में व्यापारी के मुख्य बिंदु अवगत कराया। ज्ञापन में अवगत कराया कि व्यापारी के बैंक खाते विभाग द्वारा होल्ड, सीज किये जाते है, लेकिन करनिर्धारण के बाद विभाग द्वारा बैंक खाते से होल्ड नहीं हटाया जाता है जिससे व्यापारी को व्यापार करने में वाधा उत्पन्न होती है। वाद निस्तारण होने के बाद बैंक खाता एक या दो दिन के अन्दर होल्ड से हटाये जाये। राज्य कर अधिकारियों द्वारा एक ही वित्तीय वर्ष में एक ही वाद के कई नोटिस भेजे जाते है। अधिकारियों को अवगत कराया जाए कि वह अपने क्षेत्राधिकार में नोटिस जारी करें। ज्ञापन देने वालों में एड. हरि हरि नारायण, एड. इंद्रेश दीक्षित, एड. जितेन्द्र कुमार पोरवाल, एड. ऋषि पोरवाल, एड. सोनू वर्मा, एड. देवेन्द्र भदौरिया, एड. गौरव अग्रवाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

सुनैना को तहसीलदार और आकांक्षा को बनाया कोतवाल

मोहम्मदी खीरी। छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने को लेकर शासन की मंशा के अनुरूप महिला सशक्ति कार्यक्रम के अनुसार बृहस्पतिवार को सुनैना एक दिन की तहसीलदार एवं आकांक्षा को कोतवाल बनाया गया।इस दौरान दोनों छात्रा ने जनता की समस्या को सुनकर निर्देश दिए। मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने को लेकर गुरेला विद्यालय इंचार्ज गरिमा सिंह कुशवाहा ने कक्षा 8 की छात्रा को एक दिन के लिए तहसीलदार बनवाया।तहसील में पहुंचते ही तहसीलदार प्रीति सिंह ने एक दिन की बनी तहसीलदार सुनैना का स्वागत स्वागत कर अपनी कुर्सी पर बैठाया और जनता की समस्याओं को निस्तारण के लिए सुनैना ने निर्देशित किया।कंपोजिट विद्यालय गुरेला कक्षा 8 की छात्रा आकांक्षा कुशवाहा को एक दिन का कोतवाल बनाया गया प्रभारी निरीक्षक ने अपनी कुर्सी पर बैठाकर कोतवाली का भ्रमण कराया रखरखाव का निरीक्षण कराया।भ्रमण के दौरान विस्तार में कोतवाल आकांक्षा को जानकारी दी कोतवाली में आई समस्याओं को लेकर आकांक्षा ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया।बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी,खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने इंचार्ज गरिमा सिंह कुशवाहा की जमकर तारीफ की।इस मौके पर सत्येंद्र बहादुर सिंह, अमित कुशवाहा, रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

शिवपुरी गुरुद्वारा से निकाला गया नगर कीर्तन

पिपरिया धनी, खीरी। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को रेहरिया क्षेत्र में नगर कीर्तन निकाला गया। गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबको हैरान कर दिया। इस दौरान कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन की शुरूआत शिवपुरी गुरुद्वारा के प्रांगण से हुई। पंज प्यारों की अगुवाई में संगत ने अरदास कर जयघोष के साथ कीर्तन निकालना शुरू किया। गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को फूलों से सजाया गया था। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से रेहरिया गुरूद्वारा ,पिपरिया धनी गुरुद्वारा, रामालक्ष्मणना गुरुद्वारा, गौरिया गुरुद्वारा, लखहा गुरुद्वारा से होते हुएं शिवपुरी गुरुद्वारा में पहुंचकर समापन किया गया। नगर कीर्तन में गतका दल ने हैरतअंगेज करतब दिखाए और रागी जत्थे द्वारा भजन कीर्तन किए गए। नगर कीर्तन के समापन के उपरांत गुरुद्वारा में गुरु का अटूट लंगर हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रधान ग्रंट साहबगंज कुलविंदर सिंह, सरबजीत सिंह, सरनजीत सिंह, मनदीप सिंह, जसपाल सिंह, सेवादार बाबा लखहा गुरुद्वारा गुरुजीत सिंह, पुलिस चैकी रेहरिया प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह, आरक्षी संदीप कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहें।

नेत्र शिविर में 287 मरीजों का हुआ परीक्षण

157 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में सीतापुर आँख अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा लगाए गए निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का थानाध्यक्ष हैदराबाद में फीता काटकर उद्घाटन किया। शहाबुद्दीनपुर के रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य, प्रमुख समाजसेवी संदीप वर्मा और प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा द्वारा निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर लगवाया गया था। नेत्र कैंप में सीतापुर आँख अस्पताल सीतापुर की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सोनिया भारद्वाज , कैम्प इंचार्ज राम किशोर शुक्ला, व चिकित्सा टीम से स्नेहा, विनय, सिमिरन, प्रिया, शाहनवाज हुसैन, करन, कश्यप, प्रियाशीं, कमाल के कुशल नेतृत्व में 287 मरीजों की आँखों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्में , आई ड्रॉप्स और आपरेशन वाले 157 मरीजों को चिन्हित करके बस द्वारा नेत्र आपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया गया। नेत्र कैम्प में निःशुल्क बीपी, मधुमेह, थाईराईड, आदि जांचे भी की गई। इस मौके पर एसएचओ हैदराबाद शिवा दुबे, चैकी इंचार्ज अजान जेपी यादव, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, कॉलेज स्टाफ से भूपेंद्र वर्मा, सतेंद्र, दिनेश, श्यामकिशोर, उवैद रजा, सुशील, सुशील वर्मा, नियात, अभिषेक यादव, चांदनी, सरिता अल्का, नेहा, जेजे राम आदि लोगों ने कैंप में आए हुए लोगों का सहयोग किया।

जलभराव से वाशिंदे परेशान

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम जोनई में गांव के बीच की गलियों में जलभराव की भीषण समस्या से जूझ रहे वाशिंदे घरों से निकले हुए गंदे पानी से भरी हुई सड़क से निकलने को मजबूर हैं। गांव के नंदकिशोर दिलासाराम,राम किशन,करण सिंह,श्याम सिंह, श्रीनिवास, गजराज,महेश,दयाचांद, सुखबीर,सुभाष चंद्र,अशोक यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोगों के दरवाजे से गुजरने वाली लगभग 100 मी0गली में ना तो नाली है ना ही सड़क जिसकी वजह से गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी हम लोगों के घरों के सामने दो से तीन फुट तक गहरा भरा हुआ है। बच्चों बुजुर्गों आदि को इसी भरे हुए पानी से निकलने को मजबूर होना पड़ता है कभी कभार गली में गढ़े हुए बिजली के खम्मो से कभी कभी करंट भी भरे हुए पानी में उतर आता है।हम लोगों ने वीडीओ स्तर के अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बल्कि रोजगार सेवक द्वारा झूठी रिपोर्ट के आधार पर यह बता दिया जाता है पंचायत में बजट नहीं है। जबकि अभी पंचायत घर में मिट्टी डलवाने का कार्य चल रहा है। जल भराव की इतनी बड़ी समस्या को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है।इस जल भराव की समस्या से परेशान लोगों ने अधिकारियों से समस्या के निदान की अपील की है।मच्छरों और दूषित पानी की वजह से डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का फैलने का खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने ये भी बताया, ष्हम कई बार अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायत दे चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। जलभराव के कारण रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, प्रशासन की लापरवाही से बढ़ा आक्रोश ग्रामीणों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जब इस संबंध में एडीओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह से बात की गई तो उन्होंनो बताया कि जब स्थलीय जाँच की गई तो जाँच में पाया कि मुख्य सड़क से तालाब तक की सड़क पर जलभराव है इस वित्तीय वर्ष में बजट नहीं होने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है आगे आने वाले वित्तीय वर्ष में धनराशि आने पर कार्य कराया जाएगा।

साक्ष्य और अभिलेख दिखाने को चस्पा किया नोटिस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पीछे और डल्लू राम धर्मशाला के पास जिला पंचायत की भूमि पर बने कई भवन और दुकानों को प्रशासन के द्वारा रेड मार्क लगाकर धवस्त कर दिया। जबकि भवन स्वामी राजस्व अभिलेख दिखाते रहे लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी। लेकिन उन्हीं के बीच में बिंदु शाह का भवन भी स्थित है। जिनको प्रशासन कई बार भवन खाली करने को लेकर नोटिस दे चुका है। लेकिन एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन भवन को खाली नहीं करवा पाया है। जिसको लेकर उप जिला मजिस्ट्रेट ने छह फरवरी को नोटिस जारी करके 13 फरवरी को दोपहर साढ़े ग्यारह बजे अपना पक्ष और अभिलेख दिखाने को लेकर तलब किया है। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि बिंदु शाह पत्नी शिवकुमार शाह का भवन जिला परिषद और मुहाल बरकत अली इरशादपुर की भूमि पर अवैध तरीके से बना हुआ है। जिसको लेकर 22 जनवरी को उन्हें भवन खाली करने को लेकर नोटिस भेजा गया, लेकिन उन्होंने लेने से मना कर दिया। जिस कारण 24 जनवरी को उन्हें पंजीकृत डाक से नोटिस भेजा गया। लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद भी उनके द्वारा भवन खाली नहीं किया गया है तो उन्हें 13 फरवरी को अभिलेख और साक्ष्य के साथ तलब किया गया है।

श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में हुआ विदाई समारोह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी।कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किये।कक्षा 12 की छात्रा अवंतिका सिंह ष्मिस फेयरवेलष, दर्शनप्रीत सिंह को ष्मिस्टर फेयरवेलष और कक्षा 12 के छात्र हरपुनीत को ष्स्टूडेंट आफ द इयरष चुना गया। कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में अपने बीते वर्षों के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल और नृत्य करके आनंद की अनुभूति की। शिक्षक शशिकांत मिश्र ने अवसर के अनुकूल स्वरचित कविता सुनाई। प्रधानाचार्य मुदित शाह ने विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण करके विदा हो रहे छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी ने विदा ले रहे छात्र-छात्राओं को नसीहत दी कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जहां कहीं भी जायें, अपने परिश्रम और आचरण के ऐसे आयाम स्थापित करें कि जिससे उनके अभिभावकों तथा विद्यालय का नाम रोशन हो।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकायें तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

होम्योपैथी क्षेत्र में चिकित्सा सेवा और चिकित्सा रत्न का दिया जाएगा सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) देश के सभी राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के सत्र 2023-2024 के अपने सम्बन्धित मेडिकल कॉलेज में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र मेंडल और मेडिकल एक्यूप्मेण्ट से सम्मानित किया जाएगा। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ होम्योपैथिक फिजिशियन एससीआर के अध्यक्ष डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि सेन्टर फॉर एडवांश स्टडी इन होम्योपैथिक लखनऊ एवं आईआईएचपी के संयुक्त तत्वावधान में 2 मार्च को लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित कर मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा।इसी क्रम में प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा उप्र में कार्यरत अपने-अपने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में सबसे अधिक मरीजों की सेवा करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभावान चिकित्साधिकारी को सर्वोच्च होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। साथ ही इन कर्मठ, निष्ठावान, प्रतिभावान को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एवं संबन्धित डीएचएमओ को सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल एवं सर्वश्रेष्ठ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी तथा भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ होम्योपैथिक फिजीशियन का चयन कर सर्वश्रेष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से अलंकृत किया जायेगा।इस सम्मान समारोह का उद्देश्य छात्र एवं प्रतिभावान होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी को होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान को आगे ले जाने में आत्म बल मिलेगा और वह परिश्रम एवं लगन से जनमानस की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

पेट्रोल पंपों पर लगाई जाये पुलिस पिकेट

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें जिला प्रशासन से मांग की है पैट्रोल पंपों के पास पुलिस पिकेट लगाई जाये तभी हम व्यापारी हैलमेट लगवा कर ईंधन डलवाने के नियम का पालन करवाने में सक्षम हो सकेंगे, हम व्यापारीयों नें अपनें पंपों पर नो हेलमेट नो पैट्रोल के पोस्टर लगवा दिये हैं, लगभग हर पंप पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, फिर भी ग्राहक हेलमेट नहीं लगा रहे, पैट्रोल न देनें पर स्टाफ के साथ अभद्रता एंव गालीगलौज की जाती है, देख लेंनें की धमकी तक स्टाफ को देकर लोग चले जाते हैं, हम अपना व्यापार करें या कस्टमर से लड़े। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें कहा कि नियम का पालन करवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की है न कि हम व्यापारियों की, अगर ईंधन न देनें पर हमारे व्यापारियों और स्टाफ के साथ कोई दुर्घटना हो गयी तो इसका जिम्मेदार कौंन होगा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाप्रशासन से मांग करता है कि हर पेट्रोल पंप पर पुलिस पिकेट की व्यवस्था की जाये।

ताखा तहसील ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया

ऊसराहार, इटावा। ताखा तहसील ने आनलाइन शिकायतो के निस्तारण मे एक बार फिर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ताखा तहसील ने आईजीआरएस पर दर्ज होने वाली शिकायतो के निस्तारण मे पीडितों की सभी शिकायतो का निस्तारण कर प्रदेश मे शत प्रतिशत रैकिंग पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जानकारी देते हुए तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया आईजीआरएस पर दर्ज 104 शिकायतो मे सभी शिकायतो का निस्तारण समय पर किया गया है जिसके चलते ताखा तहसील ने प्रदेश की रैंकिंग मे शत प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है आईजीआरएस के पोर्टल पर 104 शिकायतो को दर्ज किया गया था जिन्हे शिकायत दर्ज होने के सात घंटे के अंदर कार्यवाही के लिए मार्किंग की गई और सभी शिकायतो को ससमय निस्तारण किया गया जिन शिकायतो पर आपत्ति दर्ज की गई थी उनका निस्तारण भी टीम बनाकर किया गया है प्रदेश मे 90 अंको की रैकिंग मे ताखा तहसील ने पूरे अंक हासिल कर शत प्रतिशत रैकिंग पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।

संक्षेप

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

आजमगढ़। दीदारगंज क्षेत्र के किशुनीपुर गांव में बुधवार की शाम बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गई। बाजार से घर लौटते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दीदारगंज थाना क्षेत्र के किशुनीपुर गांव निवासिनी 45 वर्षीया संगीता पत्नी सुरेश प्रजापति शाम गांव में ही बाजार गई थी। कुछ सामान खरीद कर घर लौट रही थी। घर के पास ही दीदारगंज-सरायमीर मार्ग पर बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई। वह बाइक में फंस गई। करीब 20 मीटर तक वह सड़क पर घसीटा गई। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजन पहुंचे, महिला को जौनपुर जनपद के शहागंज में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर घर आए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला को दो बेटा चार बेटी है। घटना के बाद से परिवार के लोग रो रो कर बेहाल हैं। पुलिस ने बाइक चालक को पकड़ लिया है, बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।

छात्रवृत्ति संशोधन के लिए 10 तक खुला रहेगा पोर्टल

सोनभद्र। डीएम बीएन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए छात्रों के डेटा की स्क्रूटनी के उपरान्त आवश्यक संशोधन हेतु पोर्टल खोला गया है, जो 10 फरवरी तक तिथि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि परिणामध्रिजल्ड संबंधित विवरण शैक्षणिक संस्थान स्तर से संशोधित किया जायेगा। एनरोलमेंट नंबर/रोल नंबर-शैक्षणिक संस्थान स्तर से संशोधित किया जायेगा। छात्रों की उपस्थिति संबंधित विवरण-शैक्षणिक संस्थान स्तर से संशोधित किया जायेगा। छात्रों के प्रवेश तिथि का विवरण-शैक्षणिक संस्थान स्तर से संशोधित किया जायेगा। शुल्क संबंधित विवरण-छात्र स्तर एवं संस्थान स्तर दोनों से संशोधित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विवि एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा पाठ्यक्रमवार सीट वेरीफिकेशन करने की अन्तिम तिथि निदेशालय स्तर से 10 फरवरी निर्धारित किया गया है। संबंधित शिक्षण संस्थान विवि एफिलियेटिंग एजेंसी से सम्पर्क कर निर्धारित तिथि तक पाठ्यक्रमवार सीट वेरीफिकेशन कराना सुनिश्चित करें।

किसानों की समस्याएं सुन निस्तारण के दिये निर्देश

मीरजापुर। नगर के पथरहिया, मीरजापुर स्थित विकास भवन के आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार पटेल द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया। धर्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भाकियू (लोकशक्ति) जनपद- मीरजापुर द्वारा बताया गया कि चुनार तहसील में विगत 5 वर्ष के मुकाबले आलू का उत्पादन घटते-घटते केवल 30 प्रतिशत रह गया है यदि तुरंत पद्मावती शीतगृह का लाइसेन्स जारी नहीं किया गया तो अगले वर्ष से इस क्षेत्र में आलू की खेती बन्द हो जायेगी। भाकियू, मीरजापुर के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम- धुरिया, विकास खण्ड जमालपुर में निवास करने वाले गरीब परिवारों को जिनके पास रहने हेतु पक्के आवास नहीं है, उन्हें आवास दिलवाया जाए। साथ ही बताया गया कि सिंचाई खण्ड चुनार अन्तर्गत अहरौरा बांध के गरई प्रणाली का मेन फाटक व मेन कैनाल नहर का मुख्य गेट जर्जर होने से पानी का रिसाव हो रहा है दोनो गेटों का पुनर्निर्माण किया जाए। सिंचाई खण्ड चुनार के अन्तर्गत खेमईपुर माइनर की ईट पत्थर की लाइनिंग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है नव निर्माण किया जाए। सोनपुर माइनर में केवल 1200 मीटर तक ही पानी जा पाता है यह माइनर 5.400 किमी0 की है इसको पुनः पूर्ण रूप से खोदकर टेल तक पानी को पहुंचाया जाए इससे सैकड़ो हेक्टेयर भूमि की सिंचाई सुनिश्चित हो जायेगी। जय जवान जय किसान जागरण मंच के अध्यक्ष शारदा मिश्र उर्फ लाला मिश्र द्वारा बताया गया कि ग्राम चेन्दुली के यशवन्त सिंह के पूरा, ब्राम्हण बस्ती 400 मीटर अतरौरा बस्ती में रास्ता नहीं है रास्ता बनवाने की आवश्यकता है। ग्राम बसारी शीतला प्रसाद मिश्र के खेत लोकापुर सरहद कच्ची नाली बनवाने की कृपा करें। साथ ही बताया गया कि हमारे क्षेत्र सिन्धोरा, चांदलेवा एवं लहौरा आदि गावों में पत्थर का कार्य हो रहा है जिसमें रोज ब्लास्टिंग हो रही है जिससे काफी प्रदूषण हो रहा है पानी का भी छिटकाव आदि भी नहीं हो रहा है ब्लास्टिंग से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त कराने की कृपा करें।

चोरी के दो आरोपियों को अर्थदंड की सजा

मीरजापुर। जनपद में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आरपी सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना कोतवाली कटरा पर चोरी की घटना से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी-एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक हरिशंकर सिंह, कोर्ट मुहर्रिर-मुख्य आरक्षी सुबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार-आरक्षी सिकन्दर चौहान द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मीरजापुर-प्रज्ञा सिंह द्वारा थाना कोतवाली कटरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-165/1999 धारा 380,411 भादवि से सम्बंधित दो अभियुक्तों, होरीलाल पुत्र छकौड़ी व धर्मेन्द्र कुमार पुत्र होरीलाल निवासीगण धौरहरा थाना चील्ह जनपद मीरजापुर को 500-500 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में सात दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

चार घरों से चोरी का प्रयास

मीरजापुर। थाना कछवा क्षेत्र के बरैनी गांव में रात को चोरों ने एक-एक कर चार घरों के ताले तोड़ दिए लेकिन महिलाओं की नींद खुल जाने के कारण वे असफल रहे। चोरों के दुस्साहस से गांव के लोग दहशत में आ गए हैं। पुलिस सीसी कैमरे की फुटेज के जरिये छानबीन कर रही है। बताते हैं कि बरैनी गांव के योगेंद्र नारायण सिंह के घर के पीछे चैनल के ताले को काटकर चोर घुसे लेकिन परिवार की एक महिला की नींद खुल गई, जिससे चोरों को भागना पड़ा। इसके बाद चोर पताली सिंह के घर में छत के सहारे दाखिल हुए और कमरे का ताला काट दिया। इसी बीच आहट पाकर घर की महिलाएं जग गईं, जिससे चोर भाग गए। यहां से निकलने के बाद चोरों ने कोटेदार नगींदर सिंह की सस्ते गल्ले की दुकान का ताला काट दिया। अनाज का बोरा चोर घसीटने लगे, तभी परिवार के सदस्य जग गए। इससे चोरों को बोरा छोड़कर भागना पड़ा।

नगर पंचायत में मनमानी के विरोध में सभासदों का प्रदर्शन

जौनपुर। नगर पंचायत कचगांव के सभासदों ने गुरूवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अधिषासी अधिकारी के कार्यप्रणाली के विरो में प्रदर्षन कर ज्ञापन सौपा। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है। नगर पंचायत कचगांव वार्ड नंबर 12 के सभासद आकाश सिंह हनी ने बताया कि गांव की कुछ लोगों के द्वारा रास्ता बनने नहीं दिया जा रहा है। सभासद का कहना है कि राजस्व अभिलेख में गाटा संख्या 82 में रास्ते के रूप में दर्ज है। लेकिन गांव के कुछ लोगों के द्वारा रास्ता नहीं बनने दिया जा रहा है। जब इसकी शिकायत ईओ की गई तो उन्होंने बताया कि ऊपर से दबाव बनाया जा रहा है जिसके वजह से रास्ता नहीं बन रहा है। अन्य सभासद के द्वारा आरोप लगाया गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। अध्यक्ष व ईओ अपने रिश्तेदारों को ठेकेदारी कर रहे हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ के द्वारा कोई बैठक नहीं कराई जाती है। अगर हम लोग कोई जानकारी मांगते हैं तो अधिकारी के द्वारा कहा जाता है कि जाकर डीएम से षिकायत कर दो। बिना किसी बोर्ड बैठक के स्वीकृति से मनमानी तरीके से काम कराया जा रहा है। सभासद रितेश मौर्या, सुनील विश्वकर्मा, आकाश सिंह हनी सहित अन्य सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

रास्ते में हमला कर लाठियों से अधेड़ की हत्या

जौनपुर। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के समदहां गांव में बुधवार की रात तीन दोस्तों ने मिलकर अपने साथी की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। हमलावरों ने उसे एक कार्यक्रम से देर रात घर वापस जाते समय रास्ते हमला किया। इस वारदात से गांव में मातम छाया है। बताया गया है कि समदहां गांव के निवासी 45 वर्षीय भूपेंद्र सिंह रात अपने तीन मित्रों के साथ गांव के समीप एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा देर रात किसी बात को लेकर तीनों में विवाद हो गया और गांव से थोड़ी दूर स्थित नहर के समीप तीनों साथियों ने मिलकर भूपेंद्र को लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया चिल्लाने की आवाज सुनते ही किसी ने परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर परिजनों ने पहुंचकर किसी तरह से भूपेंद्र को बचाया और एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी गामा विन्द अमित विन्द एवं एक अन्य है।

हत्या के दोषी संजय को उम्रकैद

सोनभद्र। करीब छह वर्ष पूर्व हुए भागीरथी खरवार हत्याकांड के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी संजय खरवार को उम्रकैद व 15 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रेम सागर खरवार पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम छिपिया, थाना बभनी, जिला सोनभद्र ने बभनी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 14 मार्च 2019 को रात्रि करीब साढे ग्यारह बजे उसके पिता भागीरथी खरवार उम्र 55 वर्ष घर के ओसारे में चारपाई पर सोए थे। तभी अचानक पिताजी के कराहने की आवाज सुनाई दी तो बगल में जमीन पर सो रही उसकी माँ सोनवती, बहन शिवपति जाग गई। जब टार्च जलाकर देखा तो दो लोग भागते हुए दिखाई दिए। जिनको देखने से लग रहा था कि गांव के ही संजय खरवार पुत्र भजावन खरवार व मोहर साव पुत्र सुक्खन खरवार लग रहे थे।

एक व्यक्ति के हाथ मे कुल्हाड़ी थी जिसे लेकर भाग रहा था वह संजय लग रहा था। इसके पूर्व पिताजी ने बताया था कि संजय खरवार व मोहर साव से बचकर रहना किसी भी दिन मार सकते हैं। इनसे सतर्क रहने को कहा था। क्योंकि पिताजी से दोनों बैर रखते थे। उसे पूरा विश्वास है कि उसके पिताजी की कुल्हाड़ी से काटकर इन्हीं दोनों ने हत्या की है। मौके पर पिताजी की लाश पड़ी है। आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने 15 मार्च 2019 को एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। दौरान विचारण मोहर साव की मौत हो गई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी संजय खरवार को उम्रकैद व 15 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत जिला आजीविका मिशन क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें आजीविका मिशन से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा योजना की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, समूह गठन, समूहों के बैंक खाता खुलवाने, समूह का स्टार्टअप, आरएफ, सीआईएफ तथा सीसीएल की प्रगति की समीक्षा की गयी। ओडीओवपीव उत्पादों के निर्माण एवं वितरण के सम्बन्ध में विकास खण्ड रानी की सराय में ब्लैक पॉटरी से सम्बन्धित कामन फैसिलिटी सेन्टर स्थापित किये जाने की प्रगति पर चर्चा की गयी, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के समूह सदस्यों को जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए टूल किट दिया जाय, जिससे सीएफसी स्थापित करने तक यह समूह सदस्य ब्लैक पॉटरी के क्षेत्र कुशलता प्राप्त कर ले।

जिलाधिकारी द्वारा लखपति महिला कार्यक्रम में सदस्यों को लखपति बनाने में समस्त सम्बन्धित विभागों से कन्वर्जेन्स के माध्यम से अनुश्रवण किये जाने हेतु उपायुक्त (स्वतः रोजगार) को निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त विद्युत सखी की प्रगति, टेक होम राशन की परियोजना की समीक्षा के साथ साथ समस्त सरकारी संस्थानों में प्रेरणा कैन्टीन खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, उपायुक्त उद्योग एसएस रावत, डीसी एनआरएलएम विजय यादव, डीसी मनरेगा, सहायक निदेशक सेवायोजन, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

सोनभद्र। सीडीओ जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में सैनिक बन्धु की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्वक सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनकी तत्सम्बन्धित समस्याएं जैसे भूमि विवाद, भूमि सर्वेध्रास्ते की समस्या का निराकरण, विद्युत आदि समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय से उनके समस्याओं का निस्तारण कराया जाये।

पूर्व सैनिकों की भलाई के लिए चल रही योजना निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण से लाभान्वित किये जाने के लिए सूचित किया जाये। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, डीडीओ शेषनाथ, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, लीड बैंक मैनेजर, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, उपायुक्त उद्योग, उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र अधिकारी एवं गैर सरकारी सदस्य तथा पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

अपहरण के पांच दिन बाद तीन पर केस दर्ज

जौनपुर। केराकत कोतवाली के थानागद्दी चैकी अंतर्गत बेहड़ा ग्राम में युवक का अपहरण कर मारपीट फेंकने का मुकदमा पांच दिन बाद दर्ज किया गया। उक्त ग्राम निवासी निखिल शुक्ला पुत्र ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया की अपने मकान से 1 किलो मीटर दूरी पर स्थित महावीर मन्दिर पर शाम को लगभग 5 बजे पूजा-पाठ हेतु दिया जलाने गया था, कि गांव के ही तीन लोग व चार अज्ञात लोग चार पहिया व दो पहिया वाहन से आए और जबरदस्ती कर उठाने लगे। निखिल ने जब उनका विरोध किया तो असलहा सटा कर अपहरण कर गाड़ी में भर लिया और पीटते हुए मोढ़ैला के तरफ भागने लगे। निखिल जब गाड़ी में से चिल्लाने लगा तो मारने पीटने के बाद निखिल को गाड़ी से फेंक कर भाग गए। किसी तरह से प्रार्थी अपनी जांन बचाकर घर आया। और परिजनों को आप बीती सुनाई। मौके से ही डायल 112 नम्बर पर फोन किया, मौके पर पुलिस पहुंचीं मौके पर तहकीकात करने के बाद उपरोक्त लोगें के खिलाफ एफ०आई०आर० दर्ज करने के लिए थाना-केराकत में भेज दिया, निखिल व निखिल के परिवार के लोग थाना केराकत में प्रथम सूचना दर्ज कराये। लेकिन पाँच दिन लगातार दौड़ाया गया मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो एस पी जौनपुर के यहाँ अपनी फरियाद लगाई तो कप्तान जौनपुर ने क्षेत्राधिकारी को निर्देशित करने पर पीड़ित का मुकदमा पाँच दिन बाद दर्ज किया गया। जबकी अपहरणकर्ता खुले आम घुम रहे जिससे दहयात का माहौल बना हुआ है। अपहरणकताओं के मारने की धमकी से पीड़ित का परिवार भयभीत है। भविष्य में बड़ी घटना घटने की आशंका है। पीड़ित का कहना है की यदि उसके या उसके परिवार के साथ यदि कोई घटना या दुर्घटना घटती है तो उक्त आरोपियों व पुलिस प्रशासन की होगी।

फर्जी जाब कार्ड बनवाने का आरोप

आजमगढ़। मेंहनगर क्षेत्र के भोरमपुर गांव निवासी तिलकधारी यादव पुत्र कांता ने उपायुक्त श्रम मनरेगा को शिकायती पत्र देकर गांव में एक ही परिवार के छह लोगों का ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी की मिलीभगत से फर्जी जाब कार्ड बनवाने का आरोप लगाया है। शिकायत कर्ता तिलकधारी यादव ने कहा कि ग्राम प्रधान की मिली भगत से एक ही परिवार के छह लोगों का फर्जी जाब कार्ड बनाकर उन व्यक्तियों के नाम से मस्टररोल पर फर्जी उपस्थिति दिखाकर शासकीय धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। उन्होने ने अधिकारी से मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

भाकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, की नारेबाजी

आजमगढ़। प्रयागराज कुम्भ में हुए भगदड़ प्रकरण को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने छह सूत्री ज्ञापन डीएम के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित किया। इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर भाकपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सूबे के मुखिया के खिलाफ नारेबाजी किया। पत्रक सौंपते हुए भाकपा के राज्य कौंसिल सदस्य व किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहाकि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपनी व्यवस्था के विरूद्ध पूरे देश से करोड़ों लोगों को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ में आमंत्रित किया। जिसके कारण भगदड़ हुई। योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ में करोड़ों लोगों के पहुंचने की गिनती जिस गति से की जा रही थी उसी तरह भगदड़ के बाद मृत्यु, घायल, उपचारार्थ की स्थिति को स्पष्ट किया जाता तो परेशान परिजनों को राहत मिल जाता लेकिन लगातार योगी सरकार और उनकी मशीनरी द्वारा आकड़ों को दबाया जा रहा है।

जिला संगठन मंत्री मंगलदेव यादव ने कहाकि हमारी छह सूत्री मांगो में प्रयागराज महाकुम्भ में कुचलकर हुई मृत्यु और घायलों की सही संख्या घोषित की जाए तथा उसकी पूरी सूची प्रकाशित की जाए, मृतकों के प्रत्येक आश्रित को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए तथा घायलो को संपूर्ण चिकित्सा फ्री के साथ-साथ 10 लाख रुपए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए, लापता श्रद्धालुओं की तलाश कर उनको उनके परिजनों तक पहुंचाया जाए, महाकुंभ के नाम पर हुए महा भ्रष्टाचार की हाई कोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाई जाए। भगदड़ एवं अन्य दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश की सरकार ले और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री इस्तीफा दे। इसके अलावा नगर मंत्री अशोक राय ने बताया कि महाकुंभ में हुई श्रद्धालुओं तथा उनके परिजनों तथा मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं धर्मावलंबियों के लिए एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसे दोबारा ना हो सकें। महज राजनीतिक लाभ के लिये देशवासियों को उकसा कर महाकुम्भ जैसे आयोजनों में बुलाने वाली भाजपा और आरएसएस पर लगाम लगाया जाने की मांग किया है।

नहीं हो सका मंदिर से मुकुट चोरी का खुलासा

जौनपुर। जलालपुर थाना के ठीक सामने स्थित मंदिर से मां दुर्गा की चांदी का मुकुट चोरी हुए दो सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। इस घटना से श्रद्धालुओं और लोगों में गहरा आक्रोश है। मंदिर के पुजारी और व्यापारी जल्द ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर घटना के खुलासे का मांग करेंगे। ज्ञ्ज्ञत हो कि जलालपुर कस्बे में स्थित मंदिर से मुकुट चोरी की यह घटना बीते 12 जनवरी को हुई थी। जब भक्त मंदिर में पूजा करने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मां दुर्गा के सिर से चांदी की मुकुट गायब थी। पहले लगा कि शायद किसी श्रद्धालु ने सफाई के लिए मुकुट हटाई होगी,

लेकिन बाद में साफ हो गया कि मुकुट चोरी हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम प्रधान महिमापुर श्रवण कुमार गुप्ता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। श्रद्धालु पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जब थाना के सामने स्थित मंदिर से चोरी हो सकती है और पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही, तो अन्य स्थानों की सुरक्षा का क्या होगा? व्यापार मंडल अध्यक्ष जलालपुर अभिषेक कुमार गुप्ता ने कहा कि मुकुट चोरी का खुलासे की मांग को लेकर जल्द ही व्यापारी एक जूट होकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर करेंगें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांकः- 1484/कर अनु./न.पा.परि.सी./2024-25 दिनांक-06.02.2025

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में 01 कार्य की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 07.02.2025 समय पूर्वान्ह 10 बजे से	दिनांक 13.02.2025 समय अपरान्ह 05 बजे तक	दिनांक 14.02.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांकः- 1483/कर अनु./2024-25 दिनांक-06.02.2025

अति अल्पकालीन ई-निविदा

रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में परिषद निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत परिसम्पत्तियों के सर्वे इत्यादि के कार्य की दरें आमंत्रित की जाती है-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 07.02.2025 समय पूर्वान्ह 10 बजे से	दिनांक 13.02.2025 समय अपरान्ह 05 बजे तक	दिनांक 14.02.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं की दी जानकारी

मीरजापुर। महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र-2024 से चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान फेज-5.0 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन व रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना व बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया गया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नं.-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

पॉक्सो में 20 तो अपहरण में पांच साल की सजा

जौनपुर। जनपद में अदालत ने पाक्सो एक्ट के एक आरोपी को कुल 20 वर्ष के कारावास व 60500 रुपये के अर्थदण्ड तथा दूसरे को अपहरण के आरोप में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10500 रुपये अर्थ दण्ड से दंडित किया गया। जबकि गैंगेस्टर एक्ट के एक अन्य आरोपी अभियुक्त को 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। पुजिलस के अनुसार गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट (अनन्य) द्वारा पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं में कुल 20 वर्ष के कारावास व 60500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना शाहगंज पर पंजीकृत धारा- 323/363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त अभिषेक उर्फ गुड्डू पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मलहज थाना शाहगंज को दुष्कर्म व अपहरण में 20 वर्ष का कठोर कारावास व 60500 रुपये का अर्थदंड एवं सर्वजीत पुत्र झपसी निवासी ग्राम मलहज थाना शाहगंज को अपहरण के आरोप में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10500 रुपये अर्थ दण्ड से दंडित किया गया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम द्वारा धारा- 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्त को 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 846/1999 धारा- 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्त सुरेश मल्लाह पुत्र मैकू निवाली भगतपुरवा थाना नवाबगंज जनपद कानपुर नगर को धारा उपरोक्त में दोषसिद्ध करते हुए 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

संक्षेप

रूद्रपुर पुलिस ने 3 जालसाजों के विरुद्ध की गैंग्स्टर कार्यवाही

देवरिया। जिले में बढ़ते जालसाजी के मामलों में अब एसपी की नजर टेढ़ी हुई है। एसपी के निर्देश पर रूद्रपुर पुलिस ने 3 जालसाजों के विरूद्ध गैंग्स्टर की कार्यवाही की है। जिले में एसपी विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश और नियंत्रण लगाने के लिए 3 जालसाजों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। बृहस्पतिवार को रूद्रपुर पुलिस ने जालसाजों के गैंग लीडर राहुल सिंह पुत्र स्व जनार्दन सिंह निवासी फत्तेहपुर गिदहा टोला, भानु प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह निवासी फत्तेहपुर गिदहा टोला, सुशील सिंह उर्फ पिन्टू सिंह पुत्र ओमकार सिंह निवासी असनहर थाना गौरी बाजार के विरूद्ध थाना रूद्रपुर पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज. करते हुए कार्यवाही की गई। तीनों अभियुक्त वर्तमान में जिला कारागार देवरिया में निरूद्ध हैं। सीओ रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग्स्टर में निरुद्ध तीनों अभियुक्त बड़े पैमाने पर विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करते थे। जैसे ही इनके खिलाफ कार्रवाई में तेजी की गई। यूपी के अलावा बिहार के युवकों ने भी अपने को ठगे जाने का प्रमाण दिया है।

पत्रकार की मां को दी श्रद्धांजलि

देवरिया। पत्रकार वेद प्रकाश दुबे की माता गुजराती देबी की 20 वीं पुण्यतिथि उनके रामनाथ देवरिया स्थित आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर स्व. गुजराती देवी के बड़े पुत्र सुधाकर दुबे ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमारी माता जी पढ़ी लिखी न होने के बावजूद वह अपने बच्चों की शिक्षा और उनके संस्कार के हमेशा तत्पर रहती थी। आज उनके आशीर्वाद से उनका पूरा परिवार सुख और शांति का अनुभूति करते हुए आगे बढ़ रहा है। उधर कलेक्ट्रेट परिसर के अधिवक्ता चेम्बर में भी गुजराती देवी की पुण्यतिथि मनाई गई और कुछ गरीब महिलाओं को स्व. गुजराती देवी के छोटे पुत्र वेद प्रकाश दुबे ने शाल और मिष्ठान देकर दान पुण्य किया।

शिक्षा से फारिग चौदहा तलबा की हुई दस्तारबंदी

रिछा, बरेली। कस्बा रिछा के गौंटिया लालनगर में स्थित मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम में एक दिवसीय अजमते शाहे उमम कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमे तालीम (शिक्षा) से फारिग चौदहा तलबा की दस्तारबंदी की गई। बुधवार रात मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम के नाजिमेआला मुईन उद्धीन रिजवी की सरपस्ती में आयोजित हुई अजमते शाहे उमम? कांफ्रेंस में बरेली शरीफ से तशरीफ लाए गाज़िऐ मिल्लत अल्लामा गुलाम रसूल बलयाबी का शानदार इसलाहे मुआशिरा पर खिताब हुआ।

उन्होंने बताया कि इस्लाम में ज़िन्दगी कैसे गुजारें।? कहा कि ज़िन्दगी गुजार ने के लिए हमें तालीम की बहुत जरूरत है, तालीम हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। इसलिए अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दिनी तालीम भी जरुर दिलाएं। इसके अलावा भी अन्य उलमाओं का खिताब हुआ।

दबंगों के खौफ से ब्राह्मण परिवार गांव छोड़ने का एलान किया

कुशीनगर। सूबे के योगी सरकार में दबंगों के खौफ से एक बाह्मण परिवार गांव से अपना पुश्तैनी आशियाना बेचकर अपने कुनबे के साथ पलायन करने की घोषणा की है। पीड़ित परिवार ने बकायदे अपने मकान पर बैनर चस्पा कर रखा है जिस पर मुख्यमंत्री से गुहार के साथ घर छोडने के वजह लिखा गया है यह मामला सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा गांव के निवासी हेमन्त मणि त्रिपाठी का कहना है कि वह बीते 8 जनवरी को अपने मकान के चारो तरफ आठ फीट ऊचा बीम के साथ बाउण्ड्री चला रहे थे तभी गांव के दबंग अज्जू, धीरज पुत्रगण अरुण, सत्यम उर्फ मृत्युंजय पुत्र मनोज, अनुपम उर्फ मार्कण्डेय पुत्र मनोज, मनोज पुत्र मुरलीधर आदि हाथ मे हथौडा, कुदाल, लोहे का राड लेकर गोल बनाकर मौके पर पहुचे और हल्ला बोलते हुए बाउण्ड्री तोडकर चारों तरफ लगे सागौन का पेड़ काट ले गये। पीड़ित का कहना है कि वह लोग कुछ समझ पाते इससे पहले, दबंग अज्जू हाथ मे कट्टा लहराते और ललकारते हुए अपने साथियो के साथ घर पर हमला कर दिया।

• सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है पीड़ित कहानी और गांव छोड़ने की वजह

इसके बाद घर घुसकर कमरे का ताला तोडकर माँ के सोने-चांदी के गहने और बक्से में रखे बीस हजार रुपये लूट ले गये। इस दौरान जब पत्नी ने विरोध किया तो अज्जू ने गाली देते हुए पत्नी की साडी खिंचकर अर्धनग्न कर दिया और गले से मंगलसूत्र खिच लिया। जाते समय अज्जू और राहुल ने धमकी दिया कि थाने पर शिकायत की तो जान से हाथ धोना पडेगा। पीड़ित ने कहा कि डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद वह रामकोला थाने मे लिखित शिकायत किया किन्तु थानाध्यक्ष रामकोला ने दंबंगो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही किये जाने के कारण दबंग अज्जू और राहुल सहित उसके अन्य साथियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वह सब मिलकर अब तक पांच बार उनके घर पर हमला कर उनको और उनकी पत्नी व बहन को बेरहमी से मारपीट कर लहुलुहान कर चुके है। पीड़ित का कहना है कि वह हर बार मेडिकल कराकर रामकोला थाने पर तहरीर दिया किन्तु थानाध्यक्ष रामकोला ने आज तक कोई कार्रवाई नही किया।

पीड़ित हेमवन्त मणि त्रिपाठी ने रामकोला थानाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि दबंगों को थानाध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त है यही वजह है कि दबंगों द्वारा उनके घर पर पांच बार हमला कर उनको और उनके परिवार को बेरहमी से मारा-पीटा गया है। पीड़ित ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि योगी सरकार मे पीडित बाम्ह्णण को न्याय नहीं मिल रहा इस लिए वह अपने कुनबा के साथ गांव से छोडने के लिए विवश है। पीडित द्वारा अपने मकान पर बैनर चस्पा कर गांव छोडकर जाने की घोषणा करने वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है हालाकि पीड़ित ने अपनी पीड़ा से मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराने की बात कही है। अब देखना दिलचस्प होगा कि योगी सरकार मे पीडित बाम्ह्णण का न्याय मिलता है या नही और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

हत्या की झूठी सूचना देने वालों पर कार्यवाही की मांग

सिरौली, बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र में एक महिला की हत्या की झूठी सूचना देने से नाराज ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया और झूठी सूचना देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। थाना सिरौली क्षेत्र के गांव लीलौर बुजुर्ग के इंद्रपाल सिंह की पत्नी माया देवी काफी समय से बीमार थीं। गुरुवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से उनकी हालत बिगड गई। परिजन महिला को इलाज के लिए पूर्व प्रधान की कार से मुरादाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया।

गुरुवार को उनका श्मशान भूमि में दाह संस्कार किया जा रहा था तभी गांव से किसी ने पुलिस को हत्या कर शव जलाने की सूचना दी सूचना पर श्मशान में पुलिस पहुंच गई और दाह संस्कार रोकने तथा शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा इस पर वहां मौजूद तमाम लोगों ने बताया कि वह बीमार थी।

अपर जिला जज ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

कुशीनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व माननीय उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर सुशील कुमार शांति की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08.03.2025 दिन शनिवार को दीवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना व बाह्या न्यायालय, कसया, कुशीनगर के प्रांगण में आयोजित की जा रही है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अअधिक वादों के निस्तारण हेतु शैलेन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में आज दिनांक 06.02.2025 को बाह्य न्यायालय, कसया, कुशीनगर के परिसर में बार एसोसिएशन कसया के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई बैठक में शैलेन्द्र नणि त्रिपाठी, अपर जिला जज/साचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लम्बित नामलों के सुगम एवं अधिकाधिक नामलों के निस्तारणा हेतु विधि जागरूकता शिविर एवं लोक अदालत शिविर आयोजित किया, जिसमें न्याय चला जन-जन के द्वार पूर्व न्याय चला निर्धन से मिलने सम्बन्धी विचारों के साथ-साथ लोक अदालत में निस्तारित होने योग्य नामलों की चिन्हित करने एवं लोक अदालत की तिथि 08.03.2025 पर उस मामलों को नियत करने हेतु निर्देशित किया और इस सम्बन्ध में अधिकाधिक मामलों के निस्तारण हेतु उपस्थित बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण तथा अधिवक्ता गण से सहयोग की अपील की नयी। बार एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा अधिवक्ता गण द्वारा इस लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया।

अशोक मिश्र की धर्मपत्नी का इलाज के दौरान निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

कुशीनगर। जन लोकप्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता जनपद कुशीनगर के ग्राम भलूही मदारी पट्टी टोला बिरती कसया निवासी अशोक कुमार मिश्र की धर्म पत्नी कुसुम देवी (49) वर्ष की गुरुवार को सुबह मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गई ' उनके निधन की खबर सुनकर पुरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अति प्रिय शुभ चिंतक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे हेतिमपुर के रेगवनिया घाट पर किया जाएगा ' शोक व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से कुशीनगर विधायक पीएन पाठक, जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय, महिला भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पाण्डेय, पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय, सुनील दुबे, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, अखिलेश मिश्र, अजय पाण्डेय, अश्वनी सिंह, संतोष पाण्डेय, अनूप तिवारी, राजू सिद्दीकी सुजीत मिश्र, आनंद उपाध्याय, अशोक सिंह, दीपक शर्मा, शंभू कुशवाहा, बेकलाल शर्मा, सोनू सिंह प्रधान आदि सहित सैकड़ो लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त की हैं '

बेशकीमती मकान को दबंगों ने जेसीबी मशीन से ढहाया, विरोध करने पर मारपीट की

बहेड़ी, बरेली। नैनीताल रोड फोरलेन हाईवे के किनारे बने बेशकीमती मकान पर कब्जा करने की नीयत से दबंगों ने दो जेसीबी मशीन चलवा कर मकान तोड़ दिया। मकान में सो रहे लोगों को हटाए बिना इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। विरोध होने पर हथियारों व लाठी डंडों से लैस लोगों ने जमकर दहशत फैलाई और पथराव भी कर दिया। महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ की हरकत की गई। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 12 लोगों को नामजद व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला दो समुदायों से जुडा होने के चलते नगर का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। नगर के मोहल्ला शिकोही नगर निवासी अफरोज बेगम ने पुलिस को बताया कि उसका एक बेशकीमती मकान हाइवे के किनारे बना हुआ है। इस मकान को वर्षों पहले खरीदा गया था। इस कीमती मकान पर हरीश चंद्रपाल अवैध रूप से कब्जा करना चाहता है। बृहस्पतिवार की सुबह 6:30 बजे हरिश्चंद्र पाल अपने साथ 30 से अधिक लोगों को लेकर उसके मकान पर पहुंचा। उसे वक्त घर के सभी लोग मकान में सो रहे थे। दो जेसीबी मशीन लगाकर उसके मकान को गिरा दिया गया। मकान में सो रहे चार लोग घायल हो गए कई अन्य चोटिल हुए। उसके परिवार के लोगों ने जब विरोध किया तो आरोपी के साथ आए लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया। दबंग के साथ आए लोग अवैध असलहो, लाठी डंडों से लैस थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी हरिश्चंद्र पाल वह एक अन्य ने वारदात के दौरान उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें की तथा धमकी दी कि अगर किसी से कुछ कहा तो वह उसे उठा कर ले जाएंगे। वहीं घटना की सूचना मिलती ही सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर संजय तोमर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके की वीडियोग्राफी कराई गई तथा घायल हाजी सईद अहमद, नसीम अहमद, शिफा व अफरोज बेगम को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया।

यातायात पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया जनजागरूकता अभियान

देवरिया। यातायात पुलिस देवरिया एवं परिवहन विभाग देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में शहर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु ₹नो हेलमेट, नो फ्यूल₹ अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सिविल लाइन एवं भटवलिया पेट्रोल पंप पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए। यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को हेलमेट पहनने की आदत विकसित करने हेतु उठाया गया है। इस अवसर पर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट के महत्व को समझाया और सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट के न होने से होने वाले घातक परिणामों की जानकारी दी। इस दौरान यातायात प्रभारी गुलाब सिंह एवं परिवहन विभाग से पब्लिक ट्रांसपोर्ट अधिकारी अनिल तिवारी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को हेलमेट के उपयोग के प्रति प्रेरित किया।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा, बल्कि सड़क पर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी कहा कि हेलमेट केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह *जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक उपकरण* है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार एवं परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा आगे भी ताकि सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया है।

सिंदूरदान विवाह की पूर्णता है: अंकुश जी महाराज

कुशीनगर। जिले के कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों ने श्रीरामलीला के अंतर्गत प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव का मंचन कर दशार्या कि प्रभु ने संसार के कल्याण हेतु धरा धाम पर अवतार लिया। वहीं चौथे दिन गुरुवार को दोपहर में वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने श्रीराम कथा के अंतर्गत शिव पार्वती विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए सिंदूरदान के महत्व को बताया और कहा कि सिंदूरदान के बाद विवाह मान्य होता है और स्त्री पति को समर्पित होती है। लेकिन आज पढ़ी लिखी महिलाओं में मांग का सिंदूर छुपाने का चलन चल पड़ा है। बड़े शहरों में विवाहित और अविवाहित में अंतर करना मुश्किल हो रहा। कथावाचक ने कहा कि मांग के जितना अंदर तक सिंदूर रहेगा पति की उम्र उतनी ही लंबी होगी। उन्होंने सुहागिन महिलाओं को खुले बाल न रखने की बात कही। शिव पार्वती विवाह की कथा के दौरान 'हे भोला सिंदूर ले के दुल्हन की मांग भरो, मांग भरो वर सोहाग भरो' के भजन से कथा मंडप गूंज उठा। कथा का प्रारम्भ यजमान नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। इस दौरान आचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम महायज्ञ एवं अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु भारी संख्या में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। इस अवसर पर महंत त्रिभुवन शरण दास, व्यवस्थापक देव नारायण शरण, विष्णु शरण, परशुराम दास, सचिन पाठक, ममता कश्यप, राजेश मद्देशिया, मंटू मद्देशिया, दिनेश तिवारी, कुश कुमार, अवधेश पांडेय, गंगोत्री देवी, सीता देवी, कृष्णावती देवी, गायत्री देवी, गुड्डी मद्देशिया, खुशी, रिद्धिमा, मणि प्रकाश यादव, शिवम राय, निशांत सिंह, राज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

दहेज में बलि चढ़ी बेटी को मिला न्याय

बरेली। देहात के नवाबगंज थाना क्षेत्र में 1 मई 2024 को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। जिसमें एक महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर निर्ममता से मार डाला। अपराध में दोषी पाए गए पति मकसद अली, ससुर साबिर अली और सास मसीतन उर्फ हमसीरन को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। फैसला स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने सुनाया, जिससे पीड़िता के परिवार को न्याय मिला।

मृतका फराह की शादी करीब दो साल पहले मकसद अली से हुई थी। शादी के बाद से ही मकसद अली और उसके परिवार वाले फराह को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। वे फराह के मायके वालों से बुलेट बाइक और सोने के जेवरात की मांग कर रहे थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो उन्होंने फराह को जान से मारने की साजिश रची। 1 मई 2024 की शाम करीब 4 बजे फराह की हत्या कर दी गई।

घटना के दिन मकसद अली, उसकी मां मसीतन और पिता साबिर अली ने मिलकर फराह को बांके से गला काटकर मार डाला। यह हत्या इतनी क्रूरता से की गई कि इलाके में सनसनी फैल गई। फराह के परिवार वालों को इस घटना की सूचना मिलने के बाद वे तुरंत पुलिस के पास पहुंचे और नवाबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मकसद अली, उसकी मां मसीतन और पिता साबिर अली को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान सामने आया कि फराह को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उसके मायके वालों ने कई बार समझौता कराने की कोशिश की, लेकिन ससुराल वाले अपनी मांग पर अड़े रहे। हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्पीड़न, दहेज हत्या और दहेज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आरोप पत्र कोर्ट में भेजा। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। सरकारी वकीलों संतोष श्रीवास्तव और सौरभ तिवारी ने आरोपियों के खिलाफ मजबूत दलीलें पेश कीं। अदालत में फराह के परिवार की ओर से कई साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिससे साबित हुआ कि मकसूद अली और उसके माता-पिता ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। सरकारी अधिवक्ता दिगंबर पटेल ने इस केस की विवेचना करने वाले सीओ हर्ष मोदी समेत आठ गवाहों को कोर्ट में पेश किया। इन गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अदालत ने 4 फरवरी 2025 को तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया और 8 फरवरी 2025 को सजा का ऐलान किया।

स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने आरोपियों को दोषी मानते हुए मृत्युदंड (फांसी) की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 1 लाख 80 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। अदालत ने कहा कि यह अपराध बेहद जघन्य है और समाज में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कठोरतम सजा देना आवश्यक है।

बमनपुरी रामलीला कमेटी के राजू मिश्रा अध्यक्ष, सुनील रस्तोगी महामंत्री चुने गये

बरेली। विश्व प्रसिद्ध एकमात्र होली पर होने वाली श्री रामलीला कमेटी के लिए राजू मिश्रा अध्यक्ष, विशाल मेहरोत्रा उपाध्यक्ष, सुनील रस्तोगी महामंत्री, कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता चुने गए। 165 वी श्री रामलीला कमेटी की बैठक बमनपुरी स्थित नरसिंह मंदिर पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपसभापति पूर्व अध्यक्ष रामलीला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि मेरा कार्यकाल तीन साल का पूर्ण हो चुका है और अपने व्यस्तता के कारण में उतना समय नहीं दे पाऊंगा। इसलिए नए लोगों को मौका देना चाहिए। यह रामलीला देश की धरोहर है।

इसके बाद कमेटी के नये पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई और विवेक शर्मा ने नए अध्यक्ष का नाम पूर्व पार्षद राजू मिश्रा का नाम प्रस्तावित किया। जिसका अनुमोदन विशाल मेहरोत्रा और दिनेश दद्दा ने किया। जिसको सर्वसम्मति से पारित कर राजू मिश्रा को नया अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके बाद कार्यवाह अध्यक्ष विवेक शर्मा के नाम पर सहमति बनी। वहीं राजू मिश्रा नए अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा का नाम प्रस्तावित किया। जिसको सर्वसम्मति से पारित कर घोषित किया। वहीं महामंत्री के लिए सुनील रस्तोगी, गौरव सक्सेना और दिनेश दद्दा का नाम प्रस्तावित किया गया जिसको सर्वसम्मति से पारित कर घोषणा की गई। कोषाध्यक्ष के रूप में राजकुमार गुप्ता पंडित सुरेश कटिया को घोषित किया गया। नई टीम जल्द अपनी पूरी टीम की घोषणा करेगी और रविवार को रामलीला भवन में तैयार नया ऑफिस का कमेटी उद्घाटन करेगी। नए अध्यक्ष राजू मिश्रा ने कहा सभी लोग श्री राम लीला के लिए समर्पित होकर प्रभु श्री राम के काज में अपना सहयोग करे।

खेतिहर मजदूरों की जिला स्तरीय परिचर्चा बैठक संपन्न

कुशीनगर। खेतिहर मजदूरों का जिला स्तरीय परिचर्चा बैठक का आयोजन सुनैना देवी की अध्यक्षता में पडरौना नगर स्थित एक होटल सभागार में बुधवार को संपन्न हुआ जिसमें 240 मजदूरों ने भागीदारी कर खेतिहर मजदूरों के जीवन में आने वाली बाधाओं पर चर्चा कर शासन प्रशासन और जन प्रतिनिधियों को अपने बेहतरी के लिए अवगत करने की योजना बनाए। बैठक में सुनैना देवी ने मजदूरों के परिचय क्रम में कही कि किसी मजदूर को न्यूनतम मजदूर और कार्य के दौरान सुरक्षा और सुविधाएं नहीं मिल पाती है। जालंधर प्रसाद ने कहा कि हम अपने समस्याओं के प्रति जागरूक नहीं हैं जिससे उचित विभाग और अधिकारी से संपर्क नहीं कर पाते हैं। पानमती देवी कहीं की हम लोग खेतों में सुबह से शाम तक कार्य करते हैं लेकिन उचित और सम्मान जनक मजदूरी नहीं मिलता है। दिन भर की मजदूरी रुपया 130 से 150 ही मिलता है। उर्मिला देवी कहीं कि खेतिहर मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा मजबूत नहीं है योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। सोहरी देवी ने कहा कि भूमिहीन और आवास विहीन मजदरों को चिन्हित कर कृषि आवासी भूमि पट्टा और आवास मिलनी चाहिए। रामानंद प्रसाद ने कहा कि गांव में मनरेगा के अंतर्गत समय से काम नहीं मिल पर रहा है। आशा देवी कहीं कि ई-श्रम में पंजीयन हुआ परन्तु अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है। बैठक के अंत में मजदूरों ने तय किया कि गांव गांव की मूलभूत समस्याओं और मजदूरों के रोजगार, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े समस्याओं तथा उसके पूर्ति के लिए संचालित योजनाओं की प्राप्ति के लिए संबंधित विभाग को जानकारी कराते हुए जिलाधिकारी के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर रामवृक्ष गिरि, राजू प्रसाद, रामबहाल सिंह, दुर्गा देवी, दिनेश प्रसाद, तुरंती देवी, शकीला देवी, आशा देवी, जुबैदा खातून, हीरा प्रसाद, कमली, राजेश, उर्मिला, कुंती, आदि उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने ली कसाडा बोर्ड की बैठक

कुशीनगर। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की 19वीं बोर्ड बैठक कसाडा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा जी ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के साथ मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उक्त बैठक की कार्यवाही विगत बैठक की अनुपालन आख्या से प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत कसया देवरिया रोड पर पुल के समीप हिरण्यवती घाट को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने हेतु इंटरलॉकिंग तथा अन्य निर्माण कार्य, बुद्धा घाट पर बने सीढ़ी एवं शेड की भांति समान माप की सीढ़ी व शेड निर्मित किए जाने संबंधी कार्य एवं हिरण्यवती घाट पर पार्किंग स्थल के समीप चिन्हित भूमि जिसमें फूड कोर्ट, बोटिंग प्वाइंट एवं अन्य व्यवस्थाएं संबंधित कार्य को ड्रॉप कर दिया गया तथा इस संबंध आयुक्त महोदय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में नए प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई जिसके अंतर्गत कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के बोर्ड के संरचना/ संगठन के अनुसार मैत्रेय प्रोजेक्ट ट्रस्ट के दो प्रतिनिधि जो राज्य सरकार द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्य हैं को निक्षेपित किए जाने से संबंधित था। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी कुशीनगर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यथाशीघ्र प्रकरण का निस्तारण /कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया है, के दायित्वों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उक्त के अतिरिक्त अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा कसाडा कार्यालय में स्टाफ की कमी बताते हुए लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, बहुद्देशीय कर्मी, सुपरवाइजर तथा ई कॉर्ट चालक आदि पदों पर आऊट सोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारी नियुक्त किए जाने संबंधित मामले में आयुक्त /अध्यक्ष द्वारा सहमति प्रदान करते हुए कर्मियों के योग्यता आदि मामलों को सुनियोजित कर निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

• बैठक दौरान विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

इसके अतिरिक्त पर्यटन विकास संबंधित आवश्यकताओं को क्रय किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बोर्ड की बैठक में विकास शुल्क बढ़ाए जाने संबंधी मामले में आयुक्त महोदय द्वारा इस प्रकरण को बोर्ड से बाहर रखने का निर्देश देते हुए कहा की अधिकारी गण आवश्यकता अनुसार स्वयं के स्तर से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुशीनगर विशेष क्षेत्र महायोजना 2031 पर भी चर्चा की गई, एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत आयुक्त महोदय द्वारा पुछ ताछ की गई इसके अंतर्गत क्या क्या कार्य होने हैं जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पूरे कसाडा क्षेत्र के विकास के संबंध पूर्ण जानकारी दी गई। अनिरुद्धवा से गोपाल गढ़ तक आर्म लाइट लगाए जाने संबंधी प्रस्ताव पर आयुक्त महोदय द्वारा लाइट के अतिरिक्त कुछ और सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य कराए जाने का निर्देश दिए गए। इसके अलावे बैरिया चौराहा/कसाडा चौक पर सौंदर्यीकरण कार्य पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त आगंतुक पर्यटकों के सुविधा अंतर्गत बौद्ध पर्यटन स्थल के विकास का प्रस्ताव, प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य के उपयोगार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अवस्थापना विकास, इत्यादि पर चर्चा हुई। बैठक उपरांत यूपी पी सीएल द्वारा कराए जा रहे लाइट एंड साउंड शो का निरीक्षण भी किया गया तथा समय से सभी कार्य पूर्ण कराए जाने का निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कुशीनगर/सचिव परितोष मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र मिश्रा, कसाडा प्राधिकरण के अध्यक्ष, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधि0 अभि0 जल निगम सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक उपरांत आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा के साथ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर तथागत की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया गया, तथा मंदिर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर देखा गया, इसी क्रम में रामाभार स्तूप एवं थाई मंदिर का दर्शन किया गया।

हादसे में तीन की मौत, एक घायल

शीशगढ़, बरेली। शीशगढ़ धनेटा रोड की दोनों साइड भारी मात्रा में अतिक्रमण की वजह से आए दिन हो रहे हादसों में तमाम लोग अपनी जान गवा चुके हैं। कई बार लोग प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, फिर भी कोई कार्रवाई करने के बजाय शिकायत का फर्जी निस्तारण कर देते हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक सतीश चन्द्र शर्मा अपने तीन दोस्तों के साथ रुद्रपुर से बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी रात्रि 12 बजे के समय गांव बूची गांव पर कार खंभे से टकराकर लिंटर मशीन में जा लगी। जिसमें कार में बैठे 3 लोगों की मौत और एक घायल हो गया। साथ ही कार भी छतिग्रस्त हो गई। सभी रुद्रपुर स्थित गणेश इको स्पेयर लिमिटेड कंपनी में एक साथ काम करते थे।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को फतेहगंज पश्चिमी सीएचसी भेजा जहां डॉक्टर ने सतीश चन्द्र शर्मा, जयचंद्र, अनिल गुप्ता को मृत घोषित कर दिया और घायल जोगेंद्र को (28) वर्ष निवफाजलपुर महरोला कोतवाली रुद्रपुर व जोगेंद्र निवासी ग्राम बेड़ी थाना रूद्रपुर उद्यम सिंह नगर की जान चली गई।

विभाग से तंग दवा व्यापारियों ने नवीनीकरण प्रक्रिया में सुधार की सीएम से लगाई गुहार

देवरिया। स्थानीय दवा व्यापारियों की बैठक कैंप कार्यालय पर अध्यक्ष रणजीत सिंह की सदारत में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए विरोध पत्र लिखते हुए मांग की गई कि दवा व्यापार में आ रही दिक्कतों का समाधान जल्द से जल्द किया जाए एवं पोर्टल को व्यवहारिक रूप से सरल किया बनाया। महामंत्री अनिल गुप्ता ने कहा कि दवा दुकानदार का लाइसेंस के लिए बनाया गया ऑनलाइन पोर्टल का नियम में बार बार बदलाव से अधिकारी द्वारा शोषण की सम्भावना बढ़ जाएगी। पोर्टल सरल होने के वावजूद शासन की मंशा को मण्डल स्तर पर विफल किया जा रहा है। क्योंकि दुकानदार को बार बार सभी दस्तावेज लोड़ करना पड़ रहा है।

इसमें तमाम दिक्कतों का हवाला देकर अधिकारी सब कुछ सही कागजात होने के बावजूद नवीनीकरण करके नही दिया जा रहा है एवं लंबित किया जा रहा है। आलम यह है कि फीस जमा होने के बावजूद भी पोर्टल पर उसे लंबित किया जाता है। सयुंक्त सचिव हिमांशु कुमार ने कहा कि दवाई की बिक्री ऑनलाइन बिना किसी नियम का पालन किये मानक के विपरीत विक्रय की जा रही है। जबकि स्थानीय स्तर पर दवा दुकानदार सारे नियमों का पालन कर रहा है और इन बड़े ऑनलाइन कंपनी का मुकाबला नहीं कर पा रहा है। छोटे दवा व्यवसायी बंदी के कगार पर खड़े है। उन्होने इस सम्बन्ध मे शासन स्तर से हस्तक्षेप की मांग की। कोषाध्यक्ष अजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री से पोर्टल पर आ रही समस्याओ के निस्तारण की मांग की।

संक्षेप

बाइक सवार युवक और उसके साथियों ने महिला को पीटा

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके मेंएक महिला के साथ दबंगई का चैंकाने वाला मामला सामने आया है। जीआईसी चैराहे पर स्कूटी और बाइक की मामूली टक्कर ने इतना भयानक रूप ले लिया कि बाइक सवार युवक और उसके साथियों ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। घटना के अनुसार, स्कूटी और बाइक की टक्कर के बाद बाइक सवार युवक ने महिला से विवाद शुरू किया। मामला बढ़ने पर उसने अपने साथियों को बुला लिया।

इसके बाद सभी दबंगों ने न सिर्फ महिला को मारा-पीटा, बल्कि उसे सड़क पर घसीटने लगे। जब कुछ लोग महिला की मदद के लिए आगे आए, तो दबंगों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनकी भी पिटाई कर दी। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए, लेकिन कोई भी महिला की मदद के लिए आगे नहीं आया। सारी घटना शहर कोतवाली से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई, लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा।

घर लौट रहे भाइयों को दबंगों ने घेरकर पीटा

सकरन/सीतापुर। रिश्तेदारी से वापस आ रहे युवक को दबंगों ने घेर कर पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आये युवक के भाई को भी किया लहूलुहान। पीड़ित ने पुलिस चैकी व कोतवाली बिसवां पर तहरीर दी, बावजूद पुलिस ने बिना कोई कार्यवाही के पीड़ितों को थाने से भगाया। पीड़ितों

- **बिसवां पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप**

ने उच्चाधिकारियों से पुलिस व आरोपियों की सांठगांठ करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है। बीते 4 फरवरी को कोतवाली बिसवां के चैकी क्षेत्र सांडा के अंतर्गत बोहरा निवासी सुरेश अपनी बहन के घर महसी से वापस आ रहा था, इसी दौरान पुरानी रंजिश व बकरी को मारने का आरोप लगाते हुए उसी के गांव निवासी काशीराम, सतेश, संतोष, शालू, काजल, काशीराम की पत्नी, सतेश की पत्नी, सुरेंद्र की पत्नी व करीब 4 अज्ञात लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। इसी समय खेत से घास लेकर वापस आ रहे सुरेश के भाई ओमकार ने बीच बचाव की कोशिश की तब आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसमे दिख रहा है कि कुछ महिलाएं व पुरुष मिलकर पीड़ितों की पिटाई कर रहे हैं। चोटिल होने के बाद दोनों भाइयों ने पुलिस चैकी सांडा पर प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद दो पुलिस कर्मी घटना की जांच हेतु पीड़ितों के गांव पहुचकर जांच करने के बाद दोनो पक्षों को कोतवाली बुलाया। जब दोनो भाई व आरोपी कोतवाली बिसवां पहुंचे तब थाना प्रभारी व चैकी प्रभारी ने दोनों भाइयों पर सुलह करने का दबाव बनाया। बात न मानने पर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी भी दी। उचित कार्यवाही न होने की दशा में दोनों पीड़ितों ने उक्त विपक्षीगणों के विरुद्ध डीजीपी, एडीजी, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी समेत दर्जन भर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने व मानले की निष्पक्षता से जांच हेतु उच्च स्तरीय टीम गठित करने की मांग की है। मामले में पुलिस उपाधीक्षक बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

दो पक्षों में दुर्घटना के बाद मारपीट

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहरा में एक बाइक सवार की टक्कर बकरी के बच्चे से हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। घटना उस समय हुई जब सुरेश नाम का व्यक्ति अपनी बाइक से बाजार जा रहा था। रास्ते में गांव के ही निवासी ओंकार का बकरी का बच्चा अचानक सड़क पर आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना के बाद बकरी के मालिक और बाइक सवार के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कुल तीन लोग घायल हुए हैं।

भाजपा विधायक मनीष रावत ने मध्यांचल विद्युत वितरण के एमडी को सौपा ज्ञापन

सीतापुर। भाजपा विधायक मनीष रावत ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने मध्यांचल विद्युत वितरण के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह से मुलाकात कर एक विस्तृत पत्र सौंपा है। सिधौली विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और जर्जर तारों की गंभीर समस्या है। उन्होंने माननपारा, देवीपुर, छेदनी कुआं, पलिया मंझारी, रमदाना, बसईडीह, मिजार्पुर, शांति नगर और झारखंडेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में विद्युतीकरण की मांग की है। साथ ही, सिधौली कस्बे में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए नए लगाने और पुराने जर्जर तारों को बदलने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। एमडी भवानी सिंह ने इन समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। विधायक ने स्थानीय मीडिया को यह जानकारी सिधौली पहुंचकर दी और बताया कि वे इस मामले में संबंधित अधिकारियों से भी संपर्क में हैं

आवेदक ने नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता न होने की जतायी आशंका

पाटनए उन्नाव। ग्राम रामनेरए परगना डोडियाखेड़ाए तहसील बीघापुर में स्थित तालाब के मत्स्य पालन पट्टे को लेकर प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आवेदक लवकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से नहीं कराया जा रहाए जिससे गड़बड़ी की आशंका है। ग्राम रामनेर के तालाब संख्या 298ए रकबा 0ण्708 हेक्टेयर के पट्टे के लिए 5 जुलाई 2024 को आवेदन मांगे गए थे। इस पर लवकेश कुमार और सलोनी पत्नी सर्वेश कुमार ने आवेदन किया था। चूंकि दो आवेदक थेए इसलिए नियमानुसार तालाब की नीलामी होनी थी। लेकिन अब तक प्रशासन ने किसी भी आवेदक को कोई सूचना नहीं दी हैए जिससे उनके मन में संदेह पैदा हो गया है ।लवकेश कुमार को आशंका है कि बिना नीलामी किए ही किसी अन्य व्यक्ति को पट्टा आवंटित किया जा सकता है। इस संबंध में उन्होंने उपजिला अधिकारी रणवीर सिंह से शिकायत कर निष्पक्ष नीलामी कराने की मांग की है आवेदक का कहना है कि अगर प्रशासन ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया तो वे उच्च अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाएंगे। अब देखना होगा कि प्रशासन पारदर्शिता अपनाता है या फिर यह मामला भी अनियमितताओं की भेंट चढ़ जाता है।

सत्संग बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं : आचार्य अजय अवस्थी

असोहा, उन्नाव। बिना सत्संग के ज्ञान नही मिलता और राम की कृपा के बिना ये प्राप्त भी नही होताए उक्त उद्गार राम कथा के दौरान आचार्य अजय अवस्थी ने कही। क्षेत्र के पाठकपुर स्थित मा जालीपा मंदिर प्रांगड़ में चल रही रामकथा के दौरान आचार्य अजय अवस्थी ने श्रोताओं को बताया कि हरि अनन्त हरि कथा अनन्ताए प्रभु का स्वरूप अनन्त है और उनकी कथाएँ भी अनेक हैए उन्होंने कहा प्रभु को पाने के लिये अशक्तिए मोहए अहंकारए कपट छोड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर आपके अंदर है बस उसे खोजने की जरूरत है। कथा के दौरान,राजू त्रिपाठी,दिनेश पांडेय, राकेश अवस्थी, आलोक दुवेदी, बाबूलाल तिवारी सहित सैकड़ों कि संख्या में क्षेत्रवासी रहे।

सुंदरीकरण का तैयार प्रस्ताव, करें कार्यवाही

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को निमार्णाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वाकिंग ट्रैक, वाटर बॉडी, टायलेट ब्लॉक, वाच टॉवर, आर.सी.सी. बेंच सहित अन्य निर्माण कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त कार्यों की शीघ्र मरम्मत कराते हुए शेष कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कराते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पार्क के प्रवेश स्थल पर गेट एवं मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पार्क को शीघ्र संचालित कराए जाने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये। पार्क को निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराते हुए वन विभाग को हस्तांतरित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। जिलाधिकारी ने इलासिया बाल वनोद्यान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कम से कम तीन बार वादकारी को दें नोटिस

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निदेर्शानुसार अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा गुरूवार को एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता भगीरथ वर्मा अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से वार्ता की गयी। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत करें तथा वादों के अधिक निस्तारण हेतु कम से कम तीन बार प्रत्येक वादकारी को नोटिस जारी की जाये।

दिव्यांग जनों को वितरित किए उपकरण

सीतापुर। दिव्याग सशक्तीकरण विभाग के द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड परिसर रेउसा में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का वितरण किये। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों 50 ट्राईसाइकिल वितरित की गई। वहीं 47 लेप्रोसीकिट एवं 1 कान मशीन का वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

मादक पदार्थ अधिनियम में 1 वर्ष 7 माह 15 दिन कैद

सीतापुर। देहात कोतवाली में देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमीर नगर निवासी बिकुल पुत्र इंद्रपाल के खिलाफ वर्ष 2021 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यू ने सबूत को देखने वी दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद आरोपी बिकुल को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने बिकुल को 1 वर्ष 7 माह 15 दिन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं 3 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सास और पति के खिलाफ विवाहिता ने दी तहरीर

सकरन/सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम नई धनपुरिया निवासी सावित्री देवी ने पुलिस को दी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार की साम उसका पति सोनू शराब पीकर घर आया था। वह सावित्री को गाली देने लगा। जब सेवित्री ने गाली देने से मना किया, तो सोनू उसे लात घूसों से मारने लगा। उसके बाद उसकी सास मीना लाठी लेकर आ गई। फिर पति व सास ने मिलकर उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे नच ग्रामीणों ने सावित्री को बचाया। वहां से छूटने के बाद सावित्री ने सकरन थाने आकर पति व सास के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल सावित्री को इलाज के लिए सीएचसी सांडा भेज दिया है द्य पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है।

गरीबों के लिए कपड़ा बैंक व बर्तन बैंक की स्थापना सराहनीय : फौजी

सीतापुर। कमलापुर इलाके के रामलीला संचालन समिति गोविंदापुर ने क्षेत्र के नयागांव निवासी समाजसेवी एवं शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह को श्री गोपेश्वर नाथ धाम पर आयोजित धनुष यज्ञ में स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित। समिति के पदाधिकारी ब्रजेश कुमार फौजी ने कहा कि

- **शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह को किया सम्मानित**

सामाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा समाज में समरसता हेतु जो अभियान चलाया जा रहा है, वह अनुकरणीय है। जहां आज भी समाज में कुछ लोग अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के वहां खाना और पानी पीना भी पसंद नहीं करते हैं। वही आपके द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के साथ में बैठकर भोजन करना। इसके साथ-साथ उनके घर जाकर के भोजन कर समाज को समरसता हेतु जो संदेश दिया जा रहा है। वह

प्रेरणादाई एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा छात्र हित में आपके द्वारा पुस्तकालय की स्थापना अभावग्रस्त गरीब परिवारों के घर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए स्टेशनरी बैंक की स्थापना कर उनको निशुल्क काफी पेन पेंसिल उपलब्ध कराना। इसके साथ-साथ बुजुर्गों की सेवा, छात्राओं में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की शिक्षा देना। उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए नेक कार्य है। गरीबों के लिए कपड़ा बैंक स्थापना व बर्तन बैंक की स्थापना सराहनीय कार्य है। इस मौके पर शिक्षक एवं सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सत्य प्रकाश सिंह ने कहा धर्म और सेवा से समाज आपसे जुड़ेगा। महाकुंभ भी हमे समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के चरित्र से आपको यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि भगवान राम अपने दिन की शुरूआत माता-पिता और गुरु को प्रणाम करके करते थे। आप लोग अपनी दिनचर्या माता-पिता घर के बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर शुरू करें आपको पूजा करने की जरूरत नहीं है आप अपने माता-पिता की सेवा करें जीवन में कभी असफल नहीं होंगे।

धनुष यज्ञ में कलाकारों के द्वारा भगवान राम के जीवन चरित्र पर मनमोहक झांकियां दिखाई गई। दर्शक भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर श्री रामलीला संचालन समिति के पदाधिकारी ब्रजेश कुमार फौजी ,लवलेश यादव ,सुशील कुमार ,नीरज गौतम, राधेलाल ,रामजीवन पाल महेंद्र कुमार, राजेश सिंह, महेश सिंह ,रामसागर पाल सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

निर्माण हो रही सड़क में बाधक बनी गहराई

सोहावल-अयोध्या। सड़क चैड़ीकरण में हो रहे सुचित्तागंज मसौधा सड़क के निर्माण में सड़क की गहराई रोड़ा बन बैठी है। नहर मोड़ से लेकर कोला शरीफ गांव के बीच निर्माण को रोक दिया गया है। इसे लेकर कयासों का दौर चला और भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे तो निर्माण इकाई ने इसे खारिज करते हुए सड़क की गहराई को जिम्मेदार ठहराया और नहर विभाग से बातचीत चलने की बात कही है। लगभग 16 किलोमीटर लंबी सुचित्तागंज नहर से मसौधा तक बनने वाली यह सड़क चैड़ीकरण में दो लेन की बनाई जा रही है। सात मीटर चैड़ी काली सड़क के किनारे पटरी और आबादी की जगह नाली का निर्माण होना है। महीनों से लोक निर्माण विभाग काम में जुटा है। पुलिया सहित बाजार के मुहाने से कोला गांव के बीच निर्माण रोक दिया गया तो सियासी नेताओं के हस्तक्षेप और नहर विभाग पर अड़ंगेबाजी के आरोप लगने लगे। ग्रामीणों में भी खलबली मची और जल्द निर्माण की मांग उठने लगी। वृहस्पतिवसहायक अभियंत 200 मीटर की दूरी में सड़क कई फिट गहराई में है।

शिक्षकों की बातों की जीवन में अपनाये विद्यार्थी

महमूदाबाद/सीतापुर। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। विद्यार्थियों को अनुशासित रूप से जीवन व्यतीत करते हुए शिक्षा ग्रहण करने पर जोर देना चाहिए। नियमित अध्ययन, शिक्षकों का सम्मान और माता-पिता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनें और उनको अपने जीवन में अपनाने का काम करें। इससे अवश्य ही सफलता मिलेगी।

यह बात सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चैहान ने श्री महावीर प्रसाद मिश्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के प्रति सदैव रहना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में अभिभावक बेटियों को आगे नहीं बढ़ाते जो कि गलत हैं। आज बेटियां किसी से कम नहीं है। सभी अभिभावक बेटियों को आगे बढ़ाने का काम करें। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उस पर कडी मेहनत के साथ आगे बढें। सफलता अवश्य प्रापत होगी। एसडीएम शिखा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महापुरूषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत कालेज के प्रबंधक श्रीनिवास मिश्र, उपप्रबंधक कृतार्थ मिश्र, गौरव मिश्र, प्रधानाचार्या एकता मिश्रा ने माल्यार्पण व स्मृति चिनह देकर किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। समारोह के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं, पुरातन छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकों का सम्मान किया गया। इस अवसार पर सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव, मास्टर रामलाल यादव, अतुल वर्मा, संतोष सिंह, आकाश सिंह, एडवोकेट अजय द्विवेदी, मधुकर मिश्र, रामप्रकाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पूर्ण परियोजनाओं में करें नियमित जलापूर्तिः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत फेज-2 एवं फेज-3 में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध मैसर्स एनसीसी लि. एवं मैसर्स एल0 एण्ड टी. लि. द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने सम्बन्धी कोई प्रकरण लंबित न रखें एवं निर्धारित विभागीय प्रक्रिया का पालन करते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र समय से निर्गत कराए जाएं। जिलाधिकारी ने गृह संयोजन बढ़ाते हुए हर घर जल की स्थित में सुधार हेतु भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष सड़कों का रिस्टोरेशन मानकों के अनुसार कराए जाने और इसकी सम्बन्धित अधिकारियों से जांच कराए जाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यों के लिए मानकों के अनुसार थर्ड पार्टी इंस्पेशन भी सुनिश्चित कराया जाये और टी.पी.आई. द्वारा संज्ञान में लाए गए बिंदुओं पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। आईएसए गतिविधियों हेतु नामित कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आम जनमानस को शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभों के विषय में जानकारी प्रदान की जाय। बैठक के दौरानअधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

पाटन,उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31के कट चिकन्दर पुर के पास दो मोटर साईकिलों में की आमने सामने से हुई भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों व राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ले गए जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मोटरसाइकिल सवार विकास उम्र 18 वर्ष पुत्र जकीर नाथ व रहीश नाथ उम्र 30 वर्ष निवासी नरहा बारी थाना शिवली कानपुर देहात के है और दूसरी मोटरसाइकिल सवार परवीन उम्र 25 वर्ष पुत्र ईश्वरीदीन निवासी भुलैया खेड़ा थाना सरेनी जनपद राय बरेली के बताए जा रहे है। इस संबध में चौकी प्रभारी पाटन नरेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों के पास मिले पते के आधार पर उनके परिवारी जनों को सूचना दे दी गयी है।

गांव में सपा ने जनसंवाद किया

पाटनए उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा प्रति दिन निरंतर गांव .गांव में पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन संवाद का क्रम जारी है। आज की पीडीए पंचायत का आयोजन बीघापुर ब्लॉक के नंदुलनखेड़ाए बेलहा दयालगंज में किया गया ।गांव गांव में पीडीए पंचायतों से समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

रायबरेली डिपो की बस ने मारी टक्कर, दो युवक घायल

पाटन,उन्नाव। बुधवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग.31 पर तकिया मेंला के सामने बने यात्री स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन पहुंचाया गयाए जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए रायबरेली डिपो की बस अनियंत्रित गति से आ रही थी। इसी दौरान उसने सड़क किनारे से गुजर रहे बाइक सवार शिवम ;19द्ध पुत्र करुणा शंकर और रुपेश ;18द्ध पुत्र अनिल कुमारए दोनों निवासी बकुलिहाए थाना खीरोंए जनपद रायबरेलीए को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गएए जबकि उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।हादसे के बाद बस चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा थाए लेकिन स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए बस को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस क्षेत्र में यातायात नियमों को सख्ती से लागू किया जाएए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

ट्रेन हादसे में हेडक्लर्क की मौत

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला राजेपुर के पास सुबह ट्रेन की चपेट में आने से हेड क्लर्क की मौत हो गयी। गौरतलब हो कि मृतक कानपुर आरटीओ कार्यालय में हेड क्लर्क के पद पर तैनात था। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव की पहचान के बाद परिजनों कों सूचना दी गयी है। वही शव कों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे की राम प्रवेश शर्मा लखनऊ जिले के निशातगंज थाना अंतर्गत पेपर मिल के रहने वाले थे। कानपुर नगर में आरटीओ कार्यालय में हेड क्लर्क के पद पर तैनात थे। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जानकारों की माने तो कानपुर जाते वक़्त हादसा हो गया। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों कों सूचना मिलते ही शोक व्याप्त हो गया।

लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सुख, समृद्धि कल्याण सोसाइटी की डाक गायब

महमूदाबाद/सीतापुर। लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सुख, समृद्धि कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह द्वारा भेजी गई डाक गायब हो गई। उनके द्वारा भेजा गया पत्र न तो प्राप्तकर्ता तक पहुंचा और न ही वापस प्रेषक को भेजा गया है। इस सम्बंध में उन्होने कई पत्र विभाग को लिखे किन्तु विभाग द्वारा अब उनको चेतावनी पूर्वक पत्राचार से बचने को कहा गया है। राजेश सिंह ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर मामले का जवाब मांगा है। लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सुख, समृद्धि कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा करीब 4 वर्ष पूर्व बुक किये गये थे किन्तु वह पत्र न तो प्राप्तकर्ता तक पहुॅचे और न ही वापस प्रेषक को भेजे गये।

इसको लेकर उन्होने दर्जनों बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा किन्तु डाक विभाग द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है। राजेश सिंह ने दोबारा भारतीय डाक विभाग के चीफ पोस्टमास्टर को पत्र लिखकर कई बिन्दुओं पर जानकारी मांगी है। राजेश सिंह ने लिखे गये पत्र में कहा है कि यदि स्पीड पोस्ट डाक द्वारा प्रेषित डाक जिसे भेजी गई है उसे नहीं प्राप्त होती है और न ही वापस प्रेषक को मिलती है। राजेश सिंह ने प्रश्न करते हुए लिखा है कि स्पीड पोस्ट डाक द्वारा प्रेषित डाक जिसे भेजी गई है उसे प्राप्त नहीं होती है और न ही वापस प्रेषक को मिलती है तो ऐसी स्थिति में क्या ही माना जाए? राजेश सिंह ने बताया कि वह अब तक एक दर्जन पत्र लिख चुके हैं किन्तु डाक विभाग द्वारा उन्हें उचित जवाब नहीं दिया जा रहा है और न ही उनका पत्र की स्थिति बताई जा रही है।

संक्षेप

ट्रक से बैट्री चोरी कर ले जाने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सतरवांस निवासी बंटी राजा पुत्र भूरे राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 12 चका कन्टेनर ट्रक का चालक है। बताया कि वह ट्रक अपने घर के आगे खड़ा किये था। 4 फरवरी को सुबह करीब 5 बजे वह अपने ट्रक से उठकर दौड़ ? गया और अपय आते समय उसने देखा कि 2 बैटरी काली व लाल बैटरी को कोतवाली महरौनी के ग्राम पाली निवासी विक्रम सिंह पुत्र शगुन सिंह व नाराहट के ग्राम सरखड़ी निवासी रावसाब पुत्र इन्द्रपाल सिंह को मोटर साइकिल से ले जाते हुये देखा। बताया कि बाद में ट्रक में जाकर देखा तो ट्रक का गेट खुला पड़ा था। दोनों बैटरी गायब थीं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त लोग उसके ट्रक की बैटरी चोरी कर ले गये हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग गांव के जसवन्त के यहां रहते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

ललितपुर। थाना बानपुर अंतर्गत रहने वाले रामप्रसाद पुत्र फुल्ले कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 जनवरी को 11 बजे उसकी पत्नी रामदुलारी कुशवाहा खेत से महरौनी बानपुर रोड से अपनी साइड से पैदल आ रही थी। बताया कि वह जैसे ही रास्ते से क्षेत्रपाल जैन मंदि के गेट के सामने पहुंची, जहां महरौनी की ओर से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 6755 डीलक्स के चालक ने तेजी व लापरवाही करते हुये उसकी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। तभी राहगीर बानपुर निवासी राहगीर राजू पुत्र नत्थू कुशवाहा, बिहारी पुत्र हरकिशन कुशवाहा ने उसे सूचना दी, जिससे वह मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान पुलिस ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

किसान संघ का प्रदर्शन समाप्त

ललितपुर। किसानों की समस्याओं के साथ-साथ मूंगफली खरीद के बाद सिक्स-आर काटकर भुगतान कराने की मांग को लेकर विगत चार दिनों से कलेक्ट्रेट के गेट पर चल रहा प्रदर्शन गुरुवार को समाप्त हो गया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किये जा रहे धरना प्रदर्शन को लेकर एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर किसानों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

इस दौरान किसानों से एसडीएम ने कहा कि जिन किसानों के सिक्स-आर नहीं मिले हैं, उनको शीघ्र ही सिक्स-आर दे दिये जायेंगे। साथ ही उन्होंने किसानों से लगभग एक सप्ताह के अंदर सिक्स-आर व भुगतान कराये जाने का आश्वासन दिया। किसान संगठन ने यह भी कहा कि यदि एक सप्ताह में भुगतान नहीं कराया गया तो भारतीय किसान संघ की बैठक कर आगामी कार्यवाही का निर्णय लेगा। इस दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष केहर सिंह बुन्देला, हरपाल सिंह, परशुराम, जिला प्रवक्ता नवीन जैन थनवारा, भीकम सिंह, अनिल कुमार, कृष्णाकांत कांकर, राजन सिंह, आशाराम, राघवेन्द्र सिंह, महेश प्रसाद, हरिओम राजपूत, प्रेमा, सुखनन्दन सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

सिंडिकेट बनाकर किसानों से खरीदी उड़द, व्यापारी फरार

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। संगठित रूप से अपराध करते हुये गांव में किसानों व मण्डी के व्यापारियों का रुपया हड़प कर आर्थिक लाभ लेने के खिलाफ व्यापारी की ही शिकायत और एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। सिविल लाइन निवासी नीरज जैन पुत्र गोविन्ददास ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नवीन गल्ला मण्डी में अनिल कुमार अरुण कुमार के नाम से फर्म संचालित है।

बताया कि उसने चार फर्मों के द्वारा दिसम्बर 2024 के पहले सप्ताह में उड़द खरीदने का काम किया था। उक्त फर्मों में लेवाल फर्म कोमलचंद्र संजय कुमार, जिसे मोहल्ला नई बस्ती निवासी संजय जैन उर्फ संजू पुत्र कोमलचंद्र जैन, शिव ट्रेडर्स जिसे तालाबपुरा निवासी पुष्पेन्द्र साहू पुत्र ग्यासीराम साहू, कपिल इण्टरप्राइजेज जिसे नई बस्ती निवासी कपिल सराफ पुत्र कैलाश सराफ व चैथी फर्म शीलचंद्र मुन्नालाल कड़की ट्रेडर्स जिसे मोहल्ला सरदारपुरा निवासी रविन्द्र कड़की पुत्र शीलचंद्र कड़की संचालित करते हैं, शामिल हैं। बताया कि फर्म संख्या 1 से 4 तक की फर्मों का संचालन कोमलचंद्र संजय कुमार की फर्म से होता था। बताया कि सभी एक-दूसरे से मिलकर संगठित रूप से एक सिण्डिकेट बनाकर आपस में

- किसानों व व्यापारियों का करीब एक करोड़ रुपये का भुगतान अटका
- व्यापारी की तहरीर पर चार फर्मों के संचालकों पर एफआईआर दर्ज

एक-दूसरे के साथ लगातार विभिन्न प्रकार के खातों में चैक व कैश के द्वारा ट्रांजेक्शन किये गये हैं।

आरोप है कि जब गांव के किसानों की उड़द बिक्री का समय आया तो अपनी फर्म द्वारा एवं मण्डी के करीब 30 से 35 व्यापारियों ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में किसानों की उड़द सीधे क्वालिटी अनुसार भाव करके माल को उक्त चारों फर्मों के नाम से तौल दिया। उक्त माल के भुगतान की बात आयी तो चारों फर्मों ने साईट चालू न होने का बहाना कर दो दिन बाद सिक्स-आर प्रपत्र और भुगतान देने की बात कही। बताया कि माल खरीदने के कुछ ही दिनों बाद चारों फर्मों ने काम बंद कर फर्म का ताला डालकर फरार हो गये। अथक प्रयास के बावजूद भी न तो सिक्स-आर बनाया और न ही किसानों का भुगतान किया गया। पीड़ित ने बताया कि मण्डी के करीब 30 से 35 लोगों की गारण्टी पर जिले के किसानों का दुकानदारों का करीब एक करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें पीड़ित का ही 23 लाख रुपये बकाया है। उक्त चारों फर्मों के मालिक से उड़द का पैसा मांगा तो उक्त लोगों ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त लोग सिण्डिकेट बनाकर सोची समझी साजिश के तहत पक्का पर्चा सिक्स-आर बनाकर अपना निजी आर्थिक लाभ लेने के लिए व्यापारियों का सारा रुपया धोखाधड़ी करके हड़प कर लिया।

गल्ला व्यापारी नीरज जैन ने बताया कि उसकी गारण्टी पर किसानों का माल उक्त चार फर्मों पर 33 फर्मों ने बेचा है। इनमें जैन इण्टरप्राईजेज, ओमप्रकाश संतोष कुमार, एक ट्रेडिंग कम्पनी, शिवोहम ट्रेडर्स, ताराचंद्र मुन्नालाल, सुन्दरलाल, आनंद इण्टरप्राईजेज, मोहनलाल शंकरलाल, अक्षय ट्रेडर्स, संजय कुमार अभय कुमार, रवि ट्रेडर्स, विजय ट्रेडर्स, अनुराग ट्रेडर्स, मारूति इण्टरप्राईजेज, प्रकाश सुनील, सुरेश संज्ञा, विल्ला ट्रेडर्स, कन्हैया ट्रेडर्स, हरचरनलाल साहू, मनोज कुमार जितेन्द्र कुमार, निहाल ब्रदर्स, गोरेलाल श्यामलाल, संजय ट्रेडर्स, लक्ष्मीदेवी एण्ड संस, सतीश संतोष, अर्पण ट्रेडर्स, चैधरी इण्टरप्राईजेज, बरया ट्रेडिंग कम्पनी, राजा इण्टरप्राईजेज, शारदार ट्रेडिंग कम्पनी, रविन्द्र कुमार राजेन्द्र कुमार व त्रिमूर्ति ट्रेडर्स आदि फर्म शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेश और व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने संजय जैन उर्फ संजू, पुष्पेन्द्र साहू, कपिल सराफ और रविन्द्र कड़की उर्फ रानू के खिलाफ बीएनएस की धारा 111, 318 (4), 316 (2), 352, 351 (3) व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

आठ लोगों पर छिनैती व जानलेवा हमले का केस दर्ज

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक के सामने लखनऊ से लौट रहे युवक की जमकर पिटाई किए जाने के मामले में गंभीर धाराओं में 8 के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

पिटाई में घायल युवक कुमारगंज थाना क्षेत्र के भाजपा नेता कृष्ण केवल मिश्रा के करीबी हैं। घटना के बाद खंडासा चैकी पर भाजपा कार्यकर्ताओं का भारी जमद लग गया। घायल हैदरगंज थाना क्षेत्र के बलरामपुर निवासी विजय प्रकाश तिवारी उर्फ बब्बन ने खंडासा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि वह अपने साथियों महाराजगंज थाना क्षेत्र के मवा भीगी गांव निवासी अंगद तिवारी और पूरे खिरई मिश्रा का पुरवा कोतवाली बीकापुर निवासी सुनील मिश्रा के साथ लखनऊ से लौट रहा था शाम लगभग 5:30 बजे ब्लॉक के सामने पहुंचा ही था तभी विपक्षी आशीष यादव, सुरेश यादव, देव कृष्ण यादव, धर्मेंद्र यादव, त्रिलोकी नाथ, अभिषेक, विनोद, देशराज व अन्य ने लाठी डंडों से लैस होकर उसे दौड़ा लिया और जान से मारने की नीयत से सिर पर कट्टे से फायर किया। फायर मिस हो गया जब वह अपने साथियों के साथ भागने लगा तभी सभी लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया।

माइक्रोइरिगेशन सिस्टम का युवाओं को प्रशिक्षण

बांदा। माइक्रोइरिगेशन सिस्टम संचालन एवं रख-रखाव विषय पर युवाओं का चार दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विश्व विद्यालय में हुआ। तकनीकी सत्र के बाद गुरुवार को जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने पर ड्रॉप, मोर क्रॉप माइक्रोइरिगेशन योजना की जानकारी प्रशिक्षार्थियों को विस्तार से दी। 50 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 11 माइक्रोइरिगेशन कंपनियों ने उद्यमिता शिविर में भाग लिया और 40 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया जिसमें 21 प्रशिक्षार्थी चिन्हित किए गये। प्रशिक्षक दल में शामिल माधुरी को-फाउंडर, एग्रीनेक्स्ट पुणे, दीपक माथुर, लीड एवेंडेड सेल, सीएस ऑफिस लखनऊ व ट्रेनर प्रदीप ने प्रशिक्षार्थियों को माइक्रोइरिगेशन सिस्टम संचालन व रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और प्रशिक्षार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। डॉ एन पी बाजपेयी, डायरेक्टर कृष्ण प्रसाद, कृषि विश्वविद्यालय, डॉ श्याम सिंह अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र ने प्रशिक्षार्थियों को औद्यानिक कृषि फसलों में ड्रिप स्प्रिंकलर सिस्टम एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रशिक्षक दल व कृषि विज्ञान केन्द्र प्रशासन का आभार जताया।

गौशाला से लौट रहे एडीओ पर हमला, 3 के विरुद्ध रिपोर्ट

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के झंझरी गौशाला की जांच कर वापस आ रहे सरकारी अधिकारी पर तीन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। बीती 27 जनवरी की शाम 7 बजे झंझरी-जसपुरा मार्ग में आरोपियों ने इन्हें पीटकर गंभीर चोट पहुंचाई और सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। सहायक विकास अधिकारी आई एस वी प्रदीप कुमार पुत्र कालूराम अनुरागी की शिकायत पर जसपुरा थाना पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। सहायक विकास अधिकारी झंझरीपुरवा गांव से मोटरसाइकिल से जब वापस लौट रहे थे तभी नई बस्ती चरखारी रोड राठ हमीरपुर निवासी विनोद कुमार और मनोज कुमार व जितेन्द्र निवासी गडेरना जालौन मोटरसाइकिल से आ रहे थे उन्होंने एडीओ को रास्ते में रोक लिया। पहले तीनों ने गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी जिससे सिर पर गंभीर चोट आई। हमलावरों ने उनके सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए। शोर सुनकर गांव के राजेन्द्र सिंह व शिवशंकर सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित को बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले घटना के बाद पीड़ित ने 5 फरवरी को जसपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी मोनी निषाद ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रामू सिंह यादव को मामले की जांच सौंपी गयी है।

सड़क सुरक्षा, फिटनेस का महत्व पोस्टर के जरिए समझाया

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। खेल एवं युवा मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग व भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी के तत्वावधान में आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने फिटनेस के साथ सड़क सुरक्षा विषय पर अपनी भावनाओं को कैनवास पर उकेरा और समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने एरोबिक्स व्यायाम के माध्यम से शरीर को चुस्त-दुरुस्त और फिट रखने का पाठ भी सीखा।

गुरुवार को शहर के चिल्ला रोड स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी एवं इंटर कालेज में चल रहे फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम में शारीरिक तंदुरुस्ती पर विशेष फोकस किया गया। कार्यक्रम के एरोबिक्स सत्र शुभी और शैलजा ने सभी को एरोबिक्स के जरिए मनोरंजन के साथ शरीर को फिट रखने की सीख दी। बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों और शरीर को फिटनेस बनाए रखने को लेकर जागरूक करने का काम किया। यातायात पुलिस निरीक्षक अनूप दुबे ने अपनी पूरी टीम के साथ बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी और यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों पर चर्चा की। कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। ऐसे आयोजन समाज के लिए सराहनीय पहल हैं। अकादमी की डायरेक्टर संध्या कुशवाहा ने सड़क सुरक्षा और फिटनेस की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की।

कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी जिस तरह से हमारे लिए जानलेवा साबित हो सकती है, वैसे ही शरीर की फिटनेस भी जीवन में विशेष महत्व रखती है।

प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, आरआई महेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी, सुनील सक्सेना, अकादमी के चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा, कबड्डी कोच कमल यादव, नवल किशोर, आशा देवी, हृदेश द्विवेदी व यातायात पुलिस टीम रही।

डीएम की अध्यक्षता में संत रविदास जयंती व अन्य त्यौहारों को लेकर बैठक का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संत रविदास जयंती का पर्व सहित आगामी सभी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा बैठक में जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुधारण बनाए रखने के दृष्टिगत संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए आगामी पर्वों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल त्योहारों को मनाएं।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारा का मिसाल रहा है। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं, समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों, शोभायात्रा परंपरागत मार्गो से ही निकाली जाए तथा अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा न डालें। उन्होंने उपस्थित सभी धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों से आगामी पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों में दी गई सभी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा वाले मार्गो पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं, तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए।

उन्होंने पुलिस सामान प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से आयोजकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ संयुक्त शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कर स्थानीय स्तर पर पूर्व में हुई घटनाओं व समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण करें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभा यात्राओं के संबंध में क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयोजक इस बात का ध्यान रखें कि पर्व को इस प्रकार से मनाया जाए कि किसी अन्य को असुविधा न हो। उन्होंने आयोजकों से कहा कि पहले से अनुमति अनिवार्य रूप से लें जिससे पुलिस-प्रशासन समय से आपका सहयोग कर सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, न्यायिक वान्या सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेई, ग्रामीण राम अर्ज, पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, समस्त धर्म गुरु एवं आयोजक सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ठोस कचरा प्रबंधन सामुदायिक कम्पोस्टर का ईओ व शाहनवाज खलील ने शुभारंभ किया

नगीना, बिजनौर। अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना के निर्देश पर नगर पालिका परिषद नगीना एवं आईटीसी मिशन सुनहरे कल के संयुक्त तत्वाधान में पालिका के वार्ड न. 23 मुगलान पूर्वी में सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रिकृत ठोस कचरा प्रबंधन के लिए सामुदायिक कम्पोस्टर का नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन पुत्र व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील व अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना द्वारा फीता काटकर उसमे गीला कचरा डालकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि इसकी सहायता से गीले कचरे को नजदीकी इकाई पर सामुदायिक स्तर पर कचरे का निस्तारण कर जैविक खाद बनाया जायेगा। जिससे की कचरे की मात्रा को कम किया जायेगा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, वरिष्ठ लिपिक इक्तेदार आलम जैदी, आईटीसी क्लस्टर मैनेजर तबरेज, अर्बन कोर्डिनेटर रजनीश लाम्बा, सभासद जहीर पहलवान, सफाई नायक अरविंद कुमार, धीरज, मनोज, अरुण कुमार, बिट्टू, लोकेन्द्र सैनी आदि स्टाफ एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक व अस्पताल का निरीक्षण

बांदा। खंड विकास कार्यालय कमासिन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। ब्लाक कार्यालय में उन्होंने मनरेगा सेल, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास की जियो टैगिंग कार्य, पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में खंड विकास अधिकारी से जानकारी लेते हुए मॉडल ग्राम पंचायतें सहित अन्य ग्राम पंचायतों में मिली धनराशि से काम कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने निर्माणाधीन आर आर सी सेंटरों के निर्माण को शीघ्र पूरा कराने तथा शोकपिट तथा हैंडपंप, तालाब, नाली, खरंजा, शौचालय आदि कार्यों से संतृप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के तहत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने और फैमिली आईडी कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों राघवपुर और तिलौसा का निर्माण डेढ़ माह में पूरा कराने के निर्देश दिए। आर एल एम समूहों के लक्ष्य के अनुरूप गठन कर क्रेडिट लिंकेज कराए जाने और बैंकों से समन्वय के निर्देश दिए। सभागार में टूटे सीसे ठीक कराने, पंचायत सहायकों के काम की रोजाना समीक्षा करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। इसके पश्चात डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टॉफ को ड्यूटी समय में मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने दवा वितरण कक्ष, पैथालॉजी, इमरजेंसी वार्ड, वाह रोग, पंजीकरण केन्द्र, आयुष्मान केन्द्र, को देखते हुए कितनी गर्भवती महिलाओं की ब्लड की जांच की गयी और एचआरपी रजिस्टर को देखते हुए निर्देश दिए कि सभी का एमसीपी कार्ड बनाकर उसकी पूरी रिपोर्ट रजिस्टर में अंकित की जाए। निरीक्षण के दौरान नर्स गया देवी, रंजीत गुप्ता अनुपस्थित मिले। उन्होंने आरबीएसके टीमों द्वारा विद्यालय के बच्चों एवं आंगनवाड़ी के बच्चों को नियमित रूप से परीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक प्रतिनिधि एवं जिला समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत हुई प्रगति के सम्बन्ध में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से योजना की गहन समीक्षा की गयी।

जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जनपद को निर्धारित लक्ष्य 700 के सापेक्ष हुई प्रगति के सन्दर्भ में जिला समन्वयकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त ऋण आवदेन पत्रों को बैंक शाखा तुरन्त कार्यवाही करते हुये स्वीकृत उपरान्त वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में विभिन्न विभागों को लक्ष्य निर्धारित करते हुये अधिक से अधिक आवेदन पत्र ऑनलाइन भरवाये जायें एवं बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुये स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देशित किया कि बिना किसी कारण के कोई भी ऋण आवेदन पत्र निरस्त न किया जायें। जिलाधिकारी ने सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा ऋण योजना में अच्छा कार्य करने के लिए सराहना व्यक्त की गयी। पंजाब नेशनल बैंक, सर्व.यू.पी. ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य बैंकों के पास अधिक आवेदन पत्र लम्बित होने के कारण 02 दिनों के अन्तराल पर स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रतिनिधि एलडीएम, आशीष कुमार प्रथमा यू.पी.ग्रामीण बैंक, मयंक वर्मा, प्रबन्धक पंजाब एण्ड सिंध बैंक, मयंक अग्रवाल, बैंक ऑफ इण्डिया, राहुल चैधरी, प्रबन्धक, आई.डी.बी.आई., नयन गौयल, प्रवक्ता सिविल इंजीनियर, राकेश त्रिपाठी ड्डा विभाग, राजकुमार प्रबन्धक, केनरा बैंक, सुशील मान मुख्य शाखा बैंक ऑफ बड़ोदा, आशीष कुमार सिंह मुख्य शाखा प्रबन्धक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, प्रमोद कुमार तिवारी, अनुदेशक आई.टी.आई., मनीष कुमार त्रिपाठी मुख्य शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, आरिफ खान जिला कौशल प्रबन्धक, सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव, सौरभ स्वामी, रवि शर्मा अपर सांख्यकीय अधिकारी, संजय सिंह यादव सहायक प्रबन्धक, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल द्वारा बैठक का संचालन किया गया।

पत्नी की हत्या में न्यायालय ने पति को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई

बिजनौर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने विवाहिता की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सुनाई है। दोष सिद्ध नहीं होने पर ससुर आदेश और पति के मौसेरे भाई अभिषेक उर्फ बिट्टू को बरी कर दिया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के अनुसार 03 अप्रैल 2022 को उत्तराखंड के जसपुर निवासी सोनू जोशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन मंजू की शादी 2012 में सचिन निवासी मोहल्ला जोशियान धामपुर के साथ के साथ हुई थी। मंजू का पति सचिन ससुर आदेश, सास कविता एवं अन्य परिजन मंजू के साथ मारपीट करते और तरह-तरह से प्रताड़ित करते थे। सचिन नशीली वस्तुओं का सेवन करता था। जब मंजू मना करती थी तो सचिन उनके साथ मारपीट करता था। ससुराल वाले भी सचिन का ही साथ देते थे। 03 अप्रैल 2022 की सुबह सचिन ने मंजू की आंख में मिर्च डाल दी। आंख धोकर जब मंजू बाथरूम से बाहर आई तो ससुर सास आदि अन्य परिजनों ने मंजू को पकड़ लिया और उस पर डीजल डालकर जला दिया। मंजू को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में रिपोर्ट दहेज प्रताड़ना एवं जानलेवा हमले के आरोप में दर्ज कराई गई। पुलिस ने पति सचिन ससुर आदेश, सचिन के मौसेरे भाई अभिषेक उर्फ बिट्टू के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की। गंभीर रूप से जली मंजू की 22 जुलाई 2022 को मौत हो गई। इसके बाद इन तीनों के विरुद्ध हत्या की धारा में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के तर्कों से सहमत होते हुए उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मंजू के पति सचिन को हत्या का दोषी माना और उसे आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई जबकि दोष सिद्ध न होने पर ससुर आदेश व पति के मौसेरे भाई अभिषेक उर्फ बिट्टू को बरी कर दिया है।

अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा नौ को

ललितपुर। उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम धौर्रा में झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर एवं जालौन के 03 वर्ष पूर्व से पंजीकृत

- 938 छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया आवेदन

निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए, कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाए) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाए) पर अटल आवासीय विद्यालय ग्राम धौर्रा में प्रवेश हेतु कुल 938 आवेदन प्राप्त हुये जिनकी परीक्षा जीआईसी व जीजीआईसी में 09 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी, सभी आवेदक अपना प्रवेश पत्र श्रम विभाग कार्यालय कोहिनूर गार्डन के पास सदनशाह रोड ललितपुर से प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय ग्राम धौर्रा में विगत 02 वर्षो से संचालित है यह विद्यालय पूर्ण रूप से नवोदय विद्यालय की तर्ज पर संचालित किया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 06 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। छात्र-छात्राओं को रहने के लिये विद्यालय परिसर में ही छात्रावास की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। सहायक श्रम आयुक्त झांसी/ललितपुर दीपिका वर्मा द्वारा जानकारी दी गयी कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास रूम, के साथ-साथ उनके सर्वागीण विकास के लिये अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि ने बताया कि वर्तमान में पूर्व से विद्यालय में कुल 356 छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो झांसी मण्डल के जनपद जालौन व झांसी एवं ललितपुर के निवासी हैं, भविष्य में विद्यालय 1000 छात्र-छात्राओं की क्षमता के साथ संचालित किया जायेगा। विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और खाने-पीने का समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची व परखी जाती है।

पीएमश्री नवोदय विद्यालय में परीक्षा 8 को

ललितपुर। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा के प्रधानाचार्य हुपेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी शनिवार को विद्यालय में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि आवेदित अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट, नवोदयाडॉटजीओव्हीडॉटइन से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा 9 की परीक्षा सुबह 11.15 बजे से 1.45 बजे तक एवं कक्षा 11 की परीक्षा सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ-साथ अपना एक पहचान पत्र (आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, सरकार द्वारा सत्यापित फोटो पहचान पत्र) एवं नीला/काला बॉल पेन लेकर परीक्षा केन्द्र पर सुबह 10 बजे तक उपस्थित हों।

टैबलेट देकर छात्रों को डिजिटल इंडिया से जोड़ने का प्रयास

बांदा। स्कूल, कालेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरित कर उन्हें डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के परसौंडा गांव स्थित कामतानाथ आईटीआई में प्रदेश के राज्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सदर तहसील के निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कामतानाथ आईटीआई परसौंडा में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरित किए और उन्हें डिजिटल इंडिया से जुड़कर स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ने की नसीहत दी। राज्यमंत्री ने मोदी-योगी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी व विकासकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी को योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कहा कि छात्र-छात्राओं और नौजवानों के हित के लिए भाजपा मोदी-योगी सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर युवा आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर आईटीआई के प्रबंधक रामप्यारे मिश्रा, भाजपा नेता राजनारायण द्विवेदी, जिला नोडल प्रधानाचार्य अमित पटेल व अन्य लोग मौजूद रहे।

बेहतर होगी स्वास्थ्य सेवा

भारत 1.2 करोड़ आबादी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा कोई ऐसा विषय नहीं है जिसे चुटकियों में या क्षण भर में हल किया जा सकता है। इतने बड़े देश और इतनी विशाल आबादी की चुनौतियां एक दिन में खत्म नहीं होंगी लेकिन अगर प्रयास होते रहें, तो एक दिन अवश्य गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान सामने आ जाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार का प्रयास धीरे-धीरे सफलता की ओर बढ़ रहा है। उच्च और मध्य वर्ग की पहुंच अच्छी चिकित्सा सेवा तक पहले से है और गरीबों के लिए सरकार ने आयुष्मान भारत, ईएसआई जैसी योजनाओं के जरिए इलाज का प्रबंध किया है। लेकिन इसमें और अधिक सुधार की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि सरकार दिनोंदिन बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य की ओर बढ़ भी रही है। स्वास्थ्य सेवा की राह में सबसे बड़ी बाधा चिकित्सकों की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए नये मेडिकल कालेज खोले जा रहे हैं, चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई के लिए अवसर बढ़ाये जा रहे हैं और इलाज के लिए जिला अस्पताल से लेकर नये-नये एम्स भी खोल जा रहे हैं। लेकिन इनमें अभी बहुत चुनौतियां भी हैं। मसलन जो नये एम्स खड़े किए जा रहे हैं, उनमें डॉक्टरों के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं, क्योंकि योग्य और विशेषज्ञ डॉक्टरों का बहुत अभाव है। ऐसे में आगामी 5 सालों में 75,000 मेडिकल सीटों का सृजन महत्वपूर्ण घोषणा है। उनमें से 10,000 सीटें आगामी एक साल में ही सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन यह भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर आशंकित हैं। फिलहाल देश में 1.16 लाख मेडिकल सीटें हैं। नये बजट में 200 जिला अस्पतालों में कैंसर के डे-केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी बेहद मानवीय है, क्योंकि महानगरों को छोड़ दें, तो दूरदराज और कस्बाई इलाकों में कैंसर जैसी घातक बीमारी की जांच और उसके इलाज की बुनियादी सुविधाएं ही नहीं हैं। कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी बहुत कम हैं। राजधानी दिल्ली में ही कैंसर अस्पताल में न तो नियमित डॉक्टर हैं और न ही जांच करने वाली मशीनें कार्यरत हैं। औसतन मरीज को 7-8 महीने बाद की तारीख दी जाती है। इतने अंतराल में मरीज की मौत भी संभावित है, लिहाजा 200 केंद्र खोलने की घोषणा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह चरणबद्ध होनी चाहिए कि कब, कितने केंद्र खुलेंगे और बाकायदा सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देंगे? यह सवाल भी अति महत्वपूर्ण है कि कैंसर केंद्रों का संचालन कैसे किया जाएगा? उनका संचालन निजी भागीदारी के साथ होगा अथवा सरकार के स्तर पर ही तमाम बंदोबस्त किए जाएंगे? निजी अस्पतालों में कैंसर के इलाज की सुविधाएं तो हैं, लेकिन इलाज बेहद महंगा है। आम आदमी इतना पैसा खर्च करने में असमर्थ है। कुछ साल पहले इसी तर्ज पर जिला अस्पतालों में गुर्दा मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई थी। उसका फायदा काफी लोगों को मिला, लेकिन डायलिसिस मिशन को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। इसी तरह कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। स्वास्थ्य बजट के राजनीतिक आयाम भी हैं। मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लागू तो कर रखी है, लेकिन उसका भी अर्द्धसत्य यह है कि सिर्फ सर्जरी या भर्ती के मामले में ही यह कार्ड मान्य है। इसके तमाम नियम ऐसे हैं जो इलाज के समय आडे आते हैं। आयुष्मान की पात्रता के लिए भी कई शर्तें हैं, लिहाजा उन्हीं को यह सेवा उपलब्ध है, जो बिल्कुल वंचित जमात के हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत में सरकार 50.2 फीसदी इलाज का ही खर्च उठाती है। शेष 49.8 फीसदी लोग अपनी जेब से ही इलाज कराने को विवश हैं। जाहिर है कि देश की जो आधी आबादी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा वंचित हैं, उनमें गरीबों या निम्न मध्यवर्ग की संख्या सर्वाधिक होगी। इसलिए सरकार को सबके लिए स्वास्थ्य सेवा को सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ना होगा, तभी एक कल्याणकारी राष्ट्र का सपना पूरा होगा।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा का उद्देश्य हरेक नागरिक तक बेहतर चिकित्सा सेवा पहुंचाने को समर्पित होना चाहिए।

विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

अमरीका का अमानवीय चेहरा सामने आया

नौशाबा परवीन

अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सूरज डूब रहा था। राजातल गांव के स्वर्ण सिंह एयरपोर्ट के बाहर लगे पुलिस बैरिकेड पर अपने 23-वर्षीय बेटे आकाशदीप सिंह की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिसे 103 अन्य भारतीयों के साथ ट्रम्प प्रशासन ने वापस भेजा था। स्वर्ण सिंह पत्रकारों से बचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आखिरकार वह अपना दुखड़ा सुनाने के लिए तैयार हो गये, बोले- 'मेरा बेटा सात माह पहले वर्क परमिट पर दुबई गया था। उसका छोटा कजिन जो हमारे साथ ही रह रहा था, आईईएलटीएस क्लियर करके कनाडा चला गया। कक्षा 12 के बाद मेरा बेटा भी स्टडी परमिट पर उसके पीछे पीछे जाना चाहता था, लेकिन आईईएलटीएस क्लियर न कर सका। उसे दुबई भेजने के लिए हमने 4 लाख रुपये खर्च किये। वह वहां ट्रक ड्राइवर का काम करके 50,000 रुपए प्रति माह कमा रहा था। दुबई में ही उसने एक एजेंट से संपर्क करके अमेरिका जाने की योजना बनायी। यह डील 55 लाख रुपये में तय हुई और हम यह पैसा भेजने लगे। मैंने अपनी 2.5 एकड़ जमीन का अधिकतर हिस्सा बेच दिया, जो हमारी आय का एकमात्र स्त्रोत थी। मैं तो चाहता था कि वह दुबई में ही रहे, लेकिन बच्चों की जिद के आगे आजकल मां-बाप की चलती कहां है। वह दुबई से 14 दिन पहले सीधा अमेरिका चला गया। आर्थिक नुकसान के बावजूद हमें इसी बात का संतोष है कि वह सुरक्षित घर लौट आया है। अब मैं उसे विदेश भेजने के बारे में कभी नहीं सोचूंगा।'

अमेरिका का सैन्य सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट सैन एंटोनियो, टेक्सास से उड़ने के बाद 5 फरवरी 2025 की दोपहर को अमृतसर, पंजाब में उतरा। इसमें 104 भारतीय थे जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। इनमें 25 महिलाएं थीं और 4-17 आयु वर्ग के 13 नाबालिग (6 लड़कियां व 7 लड़के) भी। महाराष्ट्र के 3 पुरुषों (35) को छोड़कर जिन अन्य राज्यों (गुजरात 33, हरियाणा 33, पंजाब 30, उत्तर प्रदेश 3 व चंडीगढ़ 2) के व्यक्तियों को वापस भेजा गया है उनकी औसत आयु 26 साल है। कोलंबिया व मैक्सिको की तरह भारत ने इस बात का विरोध नहीं किया है कि उसके नागरिकों को वापस भेजने के लिए सैन्य हवाई जहाज का प्रयोग क्यों किया गया। लेकिन इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है, जब आगे आने वाले महीनों में दर्जनों ऐसी फ्लाइट्स अपने देश में लैंड करने वाली हों। अमेरिका ने 1.5 मिलियन विदेशियों की सूची तैयार की हुई है, जिन्हें उसे वापस भेजना है, जिनमें 18,000 भारतीय बताये जा रहे हैं।

भारतीयों की वापसी

यह 7,25,000 भारतीयों का बहुत मामूली प्रतिशत है जो डंकी रूट लेने की वजह से अमेरिका में बिना कागजात के यानी अवैध रूप से रह रहा है। इससे भी अधिक भारतीय अवैध रूप से कनाडा, यूरोप व पश्चिम एशिया में रह रहे हैं और कुछ अब रूस-यूक्रेन फ्रंटलाइन पर भी हैं। बहरहाल, इन भारतीयों को अमृतसर एयर पोर्ट पर उतरते हुए देखकर यह प्रश्न प्रासंगिक हो गया कि अधिक शर्मनाक क्या है- सैन्य हवाई जहाज से हाथों व पैरों में बेड़ियां बांधकर यानी पूरी तरह से बेइज्जत व बेआबरू करके अवैध प्रवासियों को वापस भेजना या यह कि इतने सारे हताश भारतीय अपने वतन में अपने सपने साकार न कर सके और डंकी रूट अपनाने के लिए मजबूर हुए? अवैध अप्रवासियों को अमेरिका ने पहले भी वापस भेजा है, लेकिन यह पहला अवसर है जब इस काम के लिए सैन्य हवाई जहाज का इस्तेमाल किया गया और उनके हाथों व पैरों में शातिर मुजरिमों की तरह बेड़ियां डाली गईं। क्या ऐसा करके वाशिंगटन नई दिल्ली को कोई संदेश देना चाह रहा है? सी-17 के प्रयोग पर अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता का कहना है कि अवैध प्रवासियों को हटाने के लिए अमेरिकी सेना नये ट्रम्प प्रशासन के प्रयासों में तेजी लाने के लिए सहयोग कर रही है। गौरतलब है कि जब अक्टूबर 2024 में अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजा गया था, तो जो बाइडेन प्रशासन ने चार्टर फ्लाइट का इस्तेमाल किया था।

अब सैन्य प्लेन से बेआबरू करके अवैध प्रवासियों को वापस भेजकर वाशिंगटन शायद नई दिल्ली से यह कहना चाहता है कि अपने चार्टर प्लेन के जरिये अपने नागरिकों को सम्मान के साथ वापस बुला लो। अवैध प्रवासियों को वापस भेजने में अमेरिका का खर्च प्रति व्यक्ति 4,500 डॉलर से भी अधिक आ रहा है। जाहिर है इतना ज्यादा खर्चा करके बिना कागज वाले सभी लोगों को वापस भेजना अमेरिका के लिए कठिन होगा और ट्रम्प की यह मुहिम अधर में भी लटक सकती है। अमेरिका में विभिन्न देशों के लगभग 1 करोड़ अवैध प्रवासी होने का अनुमान है। इसलिए देर-सवेर अमेरिका या तो इन्हीं लोगों से अपना खर्चा निकालेगा या इनके मूल देशों पर खर्चा वहन करने का दबाव बनायेगा। जैसा कि ऊपर बताया गया है, यह पहला अवसर नहीं है, जब अमेरिका ने भारतीयों को डिपोर्ट किया है। पिछली अक्टूबर में 100 लोगों को वापस पंजाब भेजा गया था। बहुत खामोशी के साथ 1 अक्टूबर 2023 व 30 सितम्बर 2024 के बीच कुल 1100 भारतीयों को वापस भेजा गया था। लेकिन ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों को चुनावी मुद्दा बनाया और अपने नये कार्यकाल के पहले दो सप्ताह के दौरान इसे सुर्खियों में रखा है। इससे उन लगभग 5 मिलियन देशज भारतीयों को चोट पहुंचती है, जो अमेरिका में वैध रूप से रह रहे हैं और जिन्होंने अपने लिए अति सफल समूह की छवि बनायी हुई है। दो साल पहले, इनकी औसत हाउस होल्ड आय (1,45,000 डॉलर) उच्चतम थी। कॉलेज स्नातकों में भी इनका हिस्सा बहुत अधिक था। अब इनकी तुलना हिस्पैनिक जनसंख्या से कीजिये, जिसकी 2023 में औसत आय इनसे आधी से भी कम यानी 65,540 डॉलर थी। इसलिए जब अमेरिका के सैन्य प्लेन एक ग्वाटेमाला के लिए और दूसरा भारत के लिए टेक-ऑफ करता है तो राष्ट्रीय छवि की कीमत पहली जैसी नहीं रह जाती है।

इसलिए अब भारत सरकार के लिए यह जरूरी है कि अब अपने नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका (व अन्य देश) जाने से रोके। हर साल, औसतन 90,000 से अधिक भारतीय अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करते हुए पकड़े जाते हैं। यह संख्या 2022-23 में तो बढ़कर 96,917 हो गई थी। कभी कभी इन प्रयासों का अंत त्रासदी में भी होता है, जैसे जनवरी 2022 में एक गुजरती परिवार अमेरिका-कनाडा सीमा पर कड़कती सर्दी में जमकर मर गया था। लेकिन अब जो अमेरिका ने चाबुक चलाया है उससे और अधिक लोगों का निराशा में अंत होगा। भारत सरकार को चाहिए कि उन गिरोहों को टारगेट करे जो अवैध प्रवास का नेटवर्क चलाते हैं और साथ ही रोजगार के अवसर उत्पन्न करने पर फोकस करे ताकि किसी नागरिक को अपना वतन छोड़कर वैध या अवैध तरीके से पलायन करने की आवश्यकता ही न पड़े। तभी भारतीयों की समझ में आयेगा कि विदेश में डंकी रूट का खतरा उठाना और बेइज्जती कराना लाभ का सौदा नहीं हैं।

> भारत सरकार को चाहिए कि उन गिरोहों को टारगेट करे जो अवैध प्रवास का नेटवर्क चलाते हैं और साथ ही रोजगार के अवसर उत्पन्न करने पर फोकस करे ताकि किसी नागरिक को अपना वतन छोड़कर वैध या अवैध तरीके से पलायन करने की आवश्यकता ही न पड़े।

सोशल मीडिया

आचार्य विद्यासागरजी ने एक ओर कठोर तप व साधना से मानव सेवा के भाव को जन जन में जागृत किया, वहीं अपने आशीष वचनों से जैन धर्म के सिद्धांतों को लोकप्रिय बनाया। अमित शाह.

स्वाभिमान अपार्टमेंट ने दिल्ली के मेरे गरीब भाई बहनों के सपनों को नई ऊंचाई दी है। इससे यहां के बच्चों को भी जीवन में आगे बढ़ने का एक नया हौसला मिला है। पीएम मोदी.

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का स्वाभिमान व सम्मान अमेरिका के आगे गिरवी रख दिया है, हमारे नागरिकों को हाथ में हथकड़ी, पैरों में बेडी डालकर अमेरिका से भेजा गया। संजय सिंह.

प्रकृति का उपहार

अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

यह हमारे प्रतिकूल है...

व्यंग्यलोक

अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

पूरन सरमा

महाकुंभः सनातन धर्म और संस्कृति का साकार दर्शन

धर्म/आध्यात्म

हरिश्चंद्र श्रीवास्तव

महाकुंभ भारत ही नहीं, पूरी मानवता के लिए धर्म, समरसता, और शाश्वत मूल्य की स्थापना का संदेश है। सनातन धर्म की गहराई और व्यापकता इसे अन्य सभी धार्मिक परंपराओं से अलग बनाती है। यह धारयति ते धर्मः के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है जिसे धारण किया जाए, वही धर्म है। इसकी परिभाषा आकाश की तरह असीम और अनंत है। महाकुंभ धर्म की व्यापकता का अनुभव करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है।

सनातन धर्म का मूल उद्देश्य केवल व्यक्ति या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समूची मानवता और सृष्टि के कल्याण का मार्गदर्शन करता है। इसके सिद्धांत सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्व भूतहिते रतः और सीयराम मय सब जग जानी केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श हैं। यह धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जीव के साथ प्रेम और सम्मान का व्यवहार करने की शिक्षा देता है। महाकुंभ में यह आदर्श सजीव हो उठते हैं। करोड़ों श्रद्धालु जाति, धर्म, भाषा, और पंथ की विविधता को पीछे छोड़कर त्रिवेणी में स्नान करते हैं। एक साथ भोजन करते हैं और सत्संग में भाग लेते हैं। यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि जब इतने बड़े स्तर पर भेदभाव से मुक्त होकर लोग एक जुट हो सकते हैं, तो यह हमारे दैनिक जीवन में भी संभव है। सनातन धर्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सृष्टि के प्रत्येक तत्व को पूजनीय मानता है। पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश, सूर्य, चंद्रमा, ग्रह, नक्षत्र, नदी, तालाब, वृक्ष, वनस्पति आदि हर तत्व की वंदना इस धर्म का हिस्सा है। त्रिदेव, देवी-देवता, शक्ति और ब्रह्म तक सभी की पूजा इस धर्म में समाहित है। महाकुंभ का आयोजन इस व्यापकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां हर प्रकार के साधु-संत, महंत, योगी, आचार्य, और साधक उपस्थित होते हैं। शैव, वैष्णव, शाक्त, अद्वैत, द्वैत सभी परंपराएं एक साथ अपने-अपने अनुष्ठानों के माध्यम से सनातन धर्म की विशालता को प्रकट करती हैं। सनातन धर्म में पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का सिद्धांत दिया गया है। महाकुंभ इस सिद्धांत का सजीव उदाहरण है। यहां धर्म की पवित्रता, अर्थोपॉर्जन के अवसर, कामनाओं की पूर्ति के साधन, और मोक्ष प्राप्ति के मार्ग सभी उपलब्ध हैं। महाकुंभ में यज्ञ, जप, तप, योग, और विविध साधना पद्धतियाँ सहज रूप से देखी जा सकती हैं। साधु और संत यहां जीवन के हर पहलू पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। चाहे किसी की कामनाओं की पूर्ति हो, चाहे मोक्ष की प्राप्ति–यहां हर व्यक्ति को अपनी आध्यात्मिक यात्रा के लिए सही दिशा मिलती है। आज की दुनिया युद्ध, आतंकवाद, पर्यावरण विनाश, और असमानता जैसी समस्याओं से जूझ रही है। महाकुंभ का आयोजन इन समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। यहां करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एकत्र होते हैं और अपनी आस्थाओं के अनुसार धर्म का पालन करते हैं। यह आयोजन एक संदेश है कि जब इतनी विविधता के बावजूद लोग एकता और समरसता के साथ रह सकते हैं, तो यह पूरे विश्व में संभव है। महाकुंभ का संदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवता के लिए व्यापक प्रेरणा है। यह प्रेम, सम्मान, और सह-अस्तित्व ही मानव जीवन का आधार होना चाहिए।

महाकुंभ केवल वर्तमान का उत्सव नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। यह आयोजन हर 12 वर्षों में चार अलग-अलग स्थानों-प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, और नासिक–में होता है। यह परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है और इसमें समय के साथ कोई बदलाव नहीं आया है। महाकुंभ का धार्मिक महत्व तो है ही, साथ ही यह भारत की सामाजिक व सांस्कृतिक विविधता का उत्सव भी है। यहां एक ओर योग, ध्यान, और सत्संग के माध्यम से आत्मा की शुद्धि होती है, तो दूसरी ओर यह आर्थिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी केंद्र बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ प्रयागराज का आयोजन अभूतपूर्व स्तर पर हुआ है। यह आयोजन न केवल भव्यता और दिव्यता का प्रतीक बना, बल्कि विश्व स्तर पर भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रदर्शन भी हुआ। योगी जी के नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ को आधुनिक सुविधाओं और प्राचीन परंपराओं का संगम बनाया गया। सरकार ने आयोजन की हर छोटी-बड़ी आवश्यकता का ध्यान रखा, जिससे यह आयोजन एक ऐतिहासिक सफलता बन सका।

आपकी बात

बढ़ती दुर्घटनाएं चिंताजनक

हर दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.

रोजगार पर बजट का फोकस

मोदी सरकार ने हाल ही में जो बजट प्रस्तुत किया है उसका पूरा फोकस रोजगार पर है। यह जरूरी भी है क्योंकि बेरोजगारी बड़ी समस्या है। भारत सरकार ने रोजगार सृजन और वर्तमान रोजगार व परम्परागत व्यवसायों के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुद्रा योजना, पीएलआई विश्वकर्मा योजना, स्टॉर्टअप, स्टैंड अप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे प्रोग्राम रोजगार सृजन के लिए और वर्तमान रोजगार के सशक्तीकरण के लिए ही समर्पित हैं। लेकिन फिर भी बेरोजगारी की समस्या गंभीर है तो यह जरूरी है कि सरकार इस दिशा में और अधिक प्रभावी एवं परिणामदायक पहल शुरू करे। एमएसएमई, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना के जरिए रोजगार सृजन हुआ है। परंपरागत रोजगार अवसरों को और अधिक मजबूती मिली है। फिर भी बेरोजगारी एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने है। इसलिए रोजगार बढ़ाने के लिए शुरू की गयी तमाम अन्य योजनाओं को जारी रखते हुए यह भी जरूरी है कि विनिर्माण क्षेत्र में और अधिक मौके खोजे जायें। इस दिशा में सरकार ने पूर्व में पीएलआई स्कीम शुरू की थी। इस योजना के तहत सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। कुल निवेश में औषधि और सौर मॉड्यूल का योगदान करीब आधा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले और पीवी मॉड्यूल, औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई स्कीम दी।

आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

शिक्षक को पीटा, तीन के खिलाफ केस दर्ज

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में एक निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षक को कुछ लोगो ने पीट डाला ।मामले में कोतवाली पुलिस ने एक नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है ।काजीपुर गाँडर गांव निवासी धीरज चैहान पुत्र हरिहर प्रसाद चैहान का कहना है कि वह गोसाईंगंज के बलदेव मेमोरियल इंटर कॉलेज में अध्यापन का कार्य करता है और वंही बच्चों को कोचिंग भी पढाता है ।बिगत एक माह से सोनहने गौहनिया निवासी दीपक यादव पुत्र रामप्रसाद यादव कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों को अपशब्द कहता है ।जब उसने इसका विरोध किया तो मारने पीटने के साथ कोचिंग बंद कराने की धमकी देने लगा ।आरोप है कि बुधवार को सुबह गुलाब हलवाई के सामने वाले गली से होकर वह पढ़ाने के लिए जा रहा था कि तभी दीपक यादव अपने दो से तीन साथियों के साथ आकर अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से पीट डाला ।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को बड़े मार्जिन से मिलेगी जीत: अवधेश प्रसाद

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़े मार्जिन से जीत मिलेगी। इसके लिए हम लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्वक सहभागी बने मिल्कीपुर के सभी मतदाताओं व कार्यकताओं का धन्यवाद देते है। उक्त बाते शाने अवध सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के साथ अवधेश प्रसाद ने व्यक्त किया।

इस सपा सांसद ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में कथित धांधली और लोकतंत्र के उल्लंघन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकारी मशीनरी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि ह्ल5 फरवरी 2025 को हुए उपचुनाव में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई गईं और प्रशासन ने भाजपा के पक्ष में मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया।ह्ल उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके चलते बूथों पर अनियमितताएं हुईं।सपा सांसद ने दावा किया कि अगर चुनाव निष्पक्ष होते, तो उनकी पार्टी की जीत निश्चित थी और भाजपा की जमानत जब्त हो जाती। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ह्लभाजपा कार्यकताओं ने फर्जी वोट डलवाए और आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं।ह्ल उन्होंने मिल्कीपुर की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा, ह्लहमारी पार्टी को भारी समर्थन मिला है और हम लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। अवधेश प्रसाद ने चुनाव आयोग से मिल्कीपुर उपचुनाव को निरस्त करने की मांग की और कहा कि ह्लनिर्वाचन प्रक्रिया में व्यापक धांधली हुई, हमारे कार्यकताओं को धमकाया गया और बाहरी लोगों ने वोट डाले। इस प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, अब्बास अली जैदी रूश्दी मिया, लीलावती कुशवाहा, सरोज यादव, जय सिंह यादव, एजाज अहमद, फिरोज खान गब्बर सहित कई अन्य सपा नेता मौजूद रहे, जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए और निष्पक्ष चुनाव की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

नामित पार्षदों के नामों की घोषणा को लेकर हुई बैठक

अयोध्या। नगर निगम अयोध्या में नामित पार्षदां की घोषणा को लेकर भाजपा कार्यालय सहादतगंज में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चैहान, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने नामित पार्षदों के नामों पर चर्चा की। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या नगर निगम में नामित पार्षदों की घोषणा होनी है।जिसके लिए नामों पर चर्चा की गई। ऐसे कार्यकताओं को नामित पार्षद बनाया जाएगा जो समाज में लगातार एक्टिव रहते हों। जिससे सरकार के विकास से लोग जागरूक हों तथा योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया चर्चा के उपरांत सूची तैयार की गई है। जिसे प्रदेश महामंत्री को सौंप दिया गया है।नामित पार्षदों को घोषणा प्रदेश स्तर से की जाएगी। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री का सर्किट हाउस में स्वागत किया गया। स्वागत करने अमहामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

बदहाल व्यवस्था में पड़े सरकारी मार्का हैंडपंप अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकास खंड पूरेडलई के ग्राम बेलखरा में सरकारी मार्को हैंड पंप अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। रिवोर के नाम पर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च तो हुए।लेकिन बदहाल व्यवस्था में पड़े हैंडपंप रिवोर न होने के चलते शीतल जल नहीं उगल रहे हैं।सरकारी मार्को हैंडपंप रिवोर के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा कुछ तुम लूटो कुछ हम लूटे का खेल जमकर खेला गया। गांव निवासी सतनाम ने बताया कि कई सालों से हैंडपंप खराब अवस्था में पड़ा हुआ है। ग्राम प्रधान अब्दुल रहमान से कई बार रिवोर करवाने के लिए कहा गया। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। इस संबंध में ग्राम प्रधान अब्दुल रहमान से संपर्क नहीं हो पाया। तो वही पूरेडलई एडीओ पंचायत योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। और मुझे अवगत भी किसी ने नही कराया।जिन लोगों को पानी की समस्या है।वह मुझे लिखकर दे, मैं रिवोर करवा दूंगा।

सीएचसी-पीएचसी का जूम ऐप से किया निरीक्षण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्साधिकरियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का निरीक्षण जूम ऐप के माध्यम से किया। निरीक्षण के दौरान 7 चिकित्साधिकारी और 6 कार्मिकों के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

सड़क पर अतिक्रमण देख डीएम ने जताई नाराजगी

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शहर के कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर सड़क पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आलापुर में ठेला दुकानदारों द्वारा सड़क पटरी पर अतिक्रमण करते हुए अपनी दुकानें लगाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। तथा ईओ नगरपालिका नवाबगंज संजय कुमार शुक्ला को चिन्हाकिंत किये गए स्थान पर मिट्टी पटाई कराकर दुकानें सिप्ट कराये जाने के निर्देश दिये। डी0एम ने जेनेस्मा कालेज रोड पर लगने वाली सब्जी की दुकानों अन्यत्र विस्थापित किये जाने हेतु नए स्थल के चिन्हाकन के लिये कमरियाबाग, देवा रोड ओवरब्रिज के नीचे व मालगोदाम रोड निकट साईं मंदिर के पास के स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को सड़क पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर जुमार्ना लगाये जाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, सीओ सिटी जगत कनौजिया सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री कार्यों में तेजी लाये : डीएम

बहराइच। शासन से जारी ई - खसरा पड़ताल (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की प्रगति की रैंकिंग में जनपद बहराइच 53वें स्थान पर है। कम प्रगति पाए जाने पर डीएम मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये है कि 28 फरवरी 2025 तक 80 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। डिजिटल क्रॉप सर्वे में 28 फरवरी 2025 तक खराब प्रगति वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि शासन के निदेशार्नुसार रबी 2024-25 में बोई गई समस्त फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 11 जनवरी 2025 से प्रारंभ किया गया है इसके अंतर्गत 5 फरवरी 2025 तक कुल 44628 गाटों का सर्वे पूरा किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 4.6 प्रतिशत है। डीएम ने बताया कि इस कार्य के लिए कृषि, राजस्व, पंचायती राज और मनरेगा विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है इसके तहत कुल 10 लाख 48784 गाटों का सर्वे 31 मार्च 2025 के पूर्व शत प्रतिशत कराया जाना है। डीएम ने कृषि, राजस्व, मनरेगा एवं पंचायत राज विभाग के लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का 80 प्रतिशत कार्य 28 फरवरी 2025 तक करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होनें फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण भी नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के कृषि, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारीयो, अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा जिम्मेदार कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

घायल कार्यकर्ता का हाल - चाल लेने पहुंचे भाजपा नेता

- डबल इंजन की सरकार में अपराध व अपराधियों का कोई स्थान नहीं : लल्लू सिंह
- हताशा को छिपाने के लिए अराजकता फैला रही है सपा

अयोध्या। घायल भाजपा कार्यकर्ता बब्बन तिवारी का हालचाल जिला अस्पताल पहुंचकर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय समेत अन्य भाजपा नेताओं ने लिया। बब्बन तिवारी लखनऊ से लौटते समय अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए खण्डासा गये हुए थे। यहां सपा के कुछ कार्यकर्ताओ ने उनके उपर जानलेवा हमला कर दिया। गम्भीरावस्था में उनका जिला अस्पताल में चिकित्सकां ने इलाज किया।

जिसके बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।मुलाकात के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अपने रिश्तेदारी में गये थे। जब वहां से वह वापस जा रहे थे। तो रास्ते में सपा के कार्यकताओं ने इसके उपर हमला कर दिया। इन्हें बुरी तरह से पीटा। जिससे इन्हें काफी चोट आयी है। प्रशासन मामले में सख्त कार्रवाई कर रहा है। डबल इंजन की सरकार में अपराध व अपराधियों का कोई स्थान नहीं है। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि मारपीट में घायल बब्बन तिवारी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के हैदरगंज के निवासी है। जिनकी सपा के लोगों ने पिटाई की है। उनका हालचाल लिया। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है। घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सपा भारी मतों से चुनाव हार रही है। अपनी हार की हताशा को छिपाने के लिए सपाई अराजकता फैला रहे है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सपा का स्वभाव अराजकता का रहा है। समाज में भय व्याप्त करना व लोगो को गुमराह करना उनकी पुरानी आदत है। बब्बन तिवारी के साथ हुई घटना निंदनीय है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

प्रशासन अपनी कार्रवाई कर रहा है। भाजपा की सरकार में किसी भी प्रकार के अपराध करने वाले बक्शा नहीं जाएगा। हर व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि चुनाव में अराजकता फैलाना सपा का पुराना इतिहास रहा है।

इस तरह की घटना को अंजाम देकर भाजपा के कार्यकताओं को भयभीत करने की उनकी सोच है। लेकिन पूरे मामले में ऐसी कार्रवाई होगी, जो नजीर बनेगी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार तिवारी खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, परमानंद मिश्रा, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, करुणाकर पाण्डेय, पवन तिवारी मौजूद रहे।

जीएसटी एमनेस्टी योजना को लेकर सहायक आयुक्त जीएसटी ने की बैठक

बाराबंकी। जीएसटी कर विवादों से करदाता व्यापारियों को राहत देने व उनमें कमी लाने के उद्देश्य से जीएसटी काउन्सिल द्वारा धारा-73 के अंतर्गत जारी नोटिस/आदेश (वित्तीय वर्ष कर निर्धारण आदेश 2017-2018, 2018-2019 व 2019-2020) में सुजित मांग पर ब्याज व अर्थदण्ड माफी हेतु एमनेस्टी योजना 2024 को लेकर विकास भवन रोड़ स्थित राज्यकर भवन सभागार मे उपायुक्त/कार्यालयाध्यक्ष राज्यकर प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आहरण एवं वितरण अधिकारी अंचल अग्रवाल ने योजना में अर्हता, आवेदन, लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। तथा योजना से संबंधित सामान्य प्रश्नों के उत्तरस्वरूप पीडीएफ में प्रश्नोत्तरी उपलब्ध करायी। बैठक मे सहायक आयुक्त श्रीमती अग्रवाल ने योजना के संदर्भ में उ0प्र शासन की अपेक्षा एवं महत्वाकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुये बताया कि सभी खण्डों से संबंधित योजना हेतु अर्ह व्यापारियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों पर सूचना व्यक्तिगत रूप से प्रेषित की जा रही है। बैठक मे उपायुक्त अंजू उपाध्याय, विकास कुमार सेठ, श्रीमती सोनिका, अजय कुमार श्रीवास्तव, शिव शंकर, ज्योत्स्ना सिंह, टैक्स बार अध्यक्ष पवन वैश्य, भागीरथ यादव, मनोज कुमार जैन, मुजीब वारसी, राम सरन वर्मा, रेहान हुसैन, दीप चन्द तिवारी आदि मौजूद रहे।

डीएम ने किया ओपीडी, ट्रांमा सेंटर और वार्डो का निरीक्षण, जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

बाराबंकी। जिला अस्पताल पुरुष मे स्वास्थ्य सेवाओ का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने भ्रमण कर दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर समस्याओ की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने ओपीडी में पंजीकरण काउन्टर पर लाइन में खड़े संदीप कुमार सहित अन्य कई लोगों से जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी ली। और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने औषिधि भंडार में औषधियों की उपलब्धता, औषधि वितरण के लिये बने चार्ट और दवाओं की उपलब्धता को जांचा। तथा शौचालय की नियमित साफ सफाई समेत मरीजो को बाहर से दवाये न लिखने हेतु सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरांत नाक, कान गला, बाल रोग, दांत, चर्म रोग आदि विभागों की ओपीडी में पहुँचकर चिकित्सकों व वहाँ उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एमरजेंसी ट्रांमा सेंटर का निरीक्षण कर अस्पताल परिसर में बने हार्टिकल्चर एरिया की नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। किचन के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने मरीजों के लिये दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में कमी न होने पाए। जिलाधिकारी ने जिरियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों के पास टेबल पर उनकी बीमारी सम्बन्धी फाइल उपलब्ध रहने और मरीजों को समय से सभी दवाएं खिलाई जाने को लेकर निर्देशित किया। तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत कर चिकित्सकों को सभी जरूरी न्यूट्रिशन समय से दिए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही डायलिसिस और डिजिटल एक्स-रे वार्डो में मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं सम्बन्धी जानकारी ली।

जानलेवा हमले में पांच नामजद हमलावर फरार

- गिरफ्तार दो हमलावर को शांति भंग की धारा में मिली जमानत

अयोध्या। प्राचीन श्री शिव हनुमान सिद्धपीठ मंदिर के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वैद के भतीजे अभिषेक वैद पर हुए जानलेवा हमले के सनसनीखेज मामले में 5 हमलावरों के विरूद्ध आधा दर्जन गम्भीर अपराधों में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। नगर कोतवाली में हमलावरों शोहेल, ताहिर, तारिक, शाबिर व शोएब के विरूद्ध दर्ज मुकदमें की विवेचना चैकी अलीगढ़ के एसआई विकास गुप्ता करेंगे। वहीं मामले में दर्ज मुकदमें के सभी हमलावर फरार हैं हालांकि पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है इससे मंदिर के पदाधिकारियों व आसपास के लोगों में भारी आक्रोश है। वादी एवं अन्य मंदिर के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आईजी अयोध्या व एसएसपी से फरार नामजद हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग किया है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के रीड़गंज इलाके का है। नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमें के मुताबिक गत 3 फरवरी को सीतापुर आंख अस्पताल के उत्तर तरफ निर्मित प्राचीन श्री शिव हुमान सिद्धपीठ मंदिर रामपथ की पुर्न स्थापना होना था। इस दौरान मंदिर के महामंत्री अभिषेक वैद दिन के साढ़े दस बजे चैक के पूजा सामाग्री लेकर अपने चचेरे भाई सयंम कृष्ण की मोटर साइकिल से लाटरी मंडी होकर मंदिर पर जा रहा था। जब वह साकेत प्रेस मोड पर पहुंचा तो शोहेल अपने चार पहिया वाहन को लापरवाही से बैक कर रहे थे गाड़ी का पहिया अभिषेक वैद के पैर व चढ़ गया उसके चिल्लाने पर गाड़ी पर बैठे लोग बाहर निकल आये तब उसने कहा कि मुझपर गाड़ी चढ़ाकर मार दोगे इतनी सी बात सुनकर गाड़ी से उतर कर वे लोग अपशब्द कहने लगे और उसे लात घूसा से मारने लगे। शोरशराबा सुनकर हैवंश मेंस पॉलर की दूकान से 5-6 लोग निकल आये जिसमें तारिक, ताहिर, शाबिर व शोहेल व अन्य लोगों ने लाठी डंडा से अभिषेक पर प्राणघातक हमला कर दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दिया पुलिस के बींच-बचाव करने के बावजूद भी हमलावरों ने उसे अलीगढ़ चैकी पर दौड़ा-दौड़ाकर मारा। इससे आसपास अफरातफरी मच गयी। मनबढ़ हमलावरों की दबंगता से लोगों में दहशत फैल गया। सूचना मिलने पर मंदिर के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के अलावां काफी लोग अलीगढ़ पुलिस चैकी पहुंचे तबतक अलीगढ़ चैकी इंचार्ज विकास गुप्ता व अन्य पुलिस कर्मी पहुंचकर भीड़ को हटाया। पुलिस ने गम्भीर रूप से जख्मी अभिषेक वैद की तहरीर पर पांच हमलावरों के विरूद्ध बीएनएस के गम्भीर अपराधों में मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही पुलिस ने शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर नगर मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया जहां दोनों जमानत पर देर शाम रिहा हो गये।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिंक बैंक अधिकारी के साथ बैठक सम्पन्न

बहराइच। आगामी 08 मार्च 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लोगों को दिये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेशार्नुसार सिविल कोर्ट बहराइच के मीटिंग हाल में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/नोडल अधिकारी, लोक अदालत विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में एलडीएम व जनपद के समस्त बैंक के शाखा प्रबन्धकों के साथ बैठक करते हुये निर्देशित किया गया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। समस्त अधिकारियों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी। बैठक में मौजूद बैंक शाखा प्रबन्धकों से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

मेगा चिकित्सा शिविर में विभिन्न विभागों के लगेंगे स्टाल

बहराइच। नेशनल मेडिकोज आगेर्नाइजेशन, अवध प्रांत के तत्वावधान में 09 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से गेंदघर मैदान में आयोजित होने वाले मेगा चिकित्सा शिविर को जनोपयोगी बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि आयोजकों से समन्वय कर मरीजों के पंजीकरण डेस्क की स्थापना इस प्रकार से करायी जाये कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेगा शिविर में स्वास्थ्य जांच की उचित व्यवस्था के साथ-साथ मरीजों के लक्षणों के आधार पर उचित रोग निदान की व्यवस्था की जाय। यदि किसी गंभीर स्थिति का पता चलता है, तो उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर भी कराया जाय। मेगा शिविर में सामान्य बीमारियों के आवश्यक औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए परामर्श के अनुसार मरीजों को औषधि कराये तथा बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि शिविर में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से पम्पलेट एवं चश्मा का वितरण भी कराया जाय। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं विशेषकर वृद्धावस्था पेंशन एवं छात्रवृत्ति योजना के स्टॉल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों के पंजीकरण किया जाय।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिया है कि शिविरों लगाकर दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, श्रवण यंत्र इत्यादि का वितरण कराना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं कृषि यन्त्रों, खाद एवं बीज इत्यादि पर मिलने वाले अनुदान के बारे में अधिकाधिक लोगों को जागरूक करें।

उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिये कि समस्त विभागों में समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक साज-सज्जा के साथ स्टॉल लगाएं सुनिश्चित विभागों की जिम्मेदारियों का निर्धारण करें।

अविवि की स्वर्ण जयंती की तैयारियों को लेकर कुलपति ने संयोजकों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

- कुलपति ने स्वर्ण जयंती की भव्यता के लिए समितियों की संख्या में किया इजाफा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्थापना की स्वर्ण जयंती को भव्य बनाने के लिए कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में संयोजकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक हुई। 04 मार्च, 2025 को विश्वविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कुलपति ने स्वर्ण जयंती के मद्देनजर 23 समितियां बनाई।

इसे लेकर संयोजकों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की। कुलपति ने बताया कि सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती को भव्य बनाया जायेगा।

समारोह की भव्यता के लिए समितियों की संख्या में इजाफा कर दिया गया है। सभी समिति अपने सदस्यों के साथ तालमेल बैठाते हुए अंतिम रूप देना शुरू कर दे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने समन्वय समिति, काफी टेबल मुद्रण समिति, मीडिया समिति, वित्त समिति, सांस्कृतिक एवं पाठ्यक्रमेतर समिति, स्पोट्स एवं योगा समिति, साहित्य गतिविधि समिति, उद्योग अकादमिक सहयोग समिति और एल्युमिनाई मीट समिति, अनुशासन समिति, सुरक्षा एवं पार्किंग समिति, मंच व्यवस्था एवं संचालन समिति, परिसर साज-सज्जा समिति, निविदा क्रय समिति, स्मृति चिन्ह समिति, निमंत्रण समिति, पुरस्कार वितरण समिति, ऑडीटोरियम एवं आसन व्यवस्था समिति, भोजन समिति, कुलपति/कुलाधिपति प्रतिवेदन(स्वर्ण जयंती रिपोर्ट), जनसम्पर्क एवं समन्वय समिति, संगीत कुलगीत/पूर्वाभ्यास समिति, गोद लिए गांवों में संचालित गतिविधियों के समिति के संयोजकों से कार्य प्रगति की समीक्षा की। इसके उपरांत कुलपति ने सभी को निर्देशित किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से नियत समय पर कार्य को सम्पन्न करें।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वर्ण जंयती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता होगी। इससे संबंधित समिति महाविद्यालयों से सम्पर्क कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 गंगा राम मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ0 पीके द्विवेदी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी, डॉ0 अनिल मिश्र, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य,डॉ0 कपिल राना, डॉ0 आरएन पाण्डेय सहित अन्य संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

भाजपा बूथ एजेंट ने सपा प्रत्याशी के खिलाफ थाने में तहरीर

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद उनके साथ चल रहे बाउंसरों व तीन अन्य के विरुद्ध इनायत नगर पुलिस को भाजपा एजेंट ने मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा मिल्कीपुर के उपचुनाव में बुधवार हो रहे मतदान के दौरान बूथ संख्या 211 प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के एजेंट संतोष सिंह ने इनायत नगर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि मतदान सुचारू रूप से चल रहा था गांव घाटमपुर के ही रमाकांत यादव पुत्र राम गणेश, बृजेश पुत्र घनश्याम व अविनाश पुत्र राम सवारे ने बूथ पर विवाद करने के लिए सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद व उनके साथ चल रहे बाउंसरों को बुलाकर धमकाया और चुनाव समाप्त होने के बाद जान से मारने की धमकी दी। गांव के उक्त लोगों के कृत्य से वह काफी आहत है। जानमाल का भी खतरा बना हुआ है। उक्त प्रकरण के संबंध में क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि प्रार्थना पत्र की जांच हो रही है प्राप्त तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

लालगंज, रायबरेली। विवाह के बाद दहेज उत्पीड़न के चलते विवाहित महिला सुनीता देवी पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी नया पुरवा बरुआ हार थाना सरेनी ने अपने ससुराली जनों के खिलाफ लालगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सुनीता देवी ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विवाह के बाद से ही अंबारा पश्चिम निवासी ससुरालीजन उसको दहेज कम लाने को लेकर ताना मारा करते थे और अब मारपीट कर भगा दिया है। मामले में पुलिस ने सुनीता देवी की तहरीर पर उसके पति जितेंद्र कुमार, देवर शिवम, सासु राजवती सहित अन्य पारिवारिक जनों सुनीता देवी, रामकरन, रामदुलारी और नेहा के खिलाफ दहेज एक्ट के साथ-साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज हुआ है और विवेचना की जा रही है।

पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

लालगंज, रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि लोदीपुर उतरावा गांव निवासी रोहित सिंह चैहान पुत्र पंचम लाल ने चोरी की घटना का मुकदमा पंजीकृत कराया है। रोहित सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके घर में 3 फरवरी की रात चोरों ने वारदात कर लाखों का माल उड़ा दिया था। चोरी की घटना में सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी हुई थी। अब मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पीटा, छीना मोबाइल

सुलतानपुर । शुकुलपुर सेमरी पुरुषोत्तमपुर निवासी सुशीला देवी बालमपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। बुधवार को सुबह ड्यूटी पर गई थीं। आरोप है कि पट्टीदारों ने उनके दरवाजे में ताला बंद कर दिया। वह लौटकर आईं तो ताला बंद देख अंदर झांका तो पट्टीदार दीवार तोड़कर मकान पर कब्जा कर रहे थे। सुशीला ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने उन्हें व उनकी बेटी की जमकर पिटाई की। इस बीच उनका सरकारी मोबाइल भी छीन लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रामदुलार, इनकी पुत्री मंजू, श्वेता, लवकुश, ज्योति और शोभावती व शोभावती की तहरीर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व उनके पति प्रमोद यादव के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की। देहात कोतवाल सत्येन्द्र कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

अपार मेले में बनायी बच्चों की अपार आईडी

रायबरेली। बालिका विद्या मंदिर में अपार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विद्यालय के भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। मेले में कक्षाध्यापकों के माध्यम से अभिभावकों को उनके पाल्य की अपार आईडी जनरेट होने में आने वाली दिक्कतों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई तथा उनका निस्तारण भी विद्यालय प्रधानाचार्य के निर्देशन में त्वरित गति से कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित अभिभावकों को अपार आईडी के फायदों से अवगत कराते हुए बताया कि इससे छात्रों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा तथा फर्जी प्रमाणपत्र, एजुकेशनल दस्तावेज, डुप्लीकेट मार्कशीट जैसे मामलों को रोका जा सकता है। यह अपार आईडी एक शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र रजिस्टर के रूप में कार्य करता है।

ससम्मान बहाल होने तक धरना रहेगा जारी

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

रायबरेली। फीरोज गांधी कॉलेज शिक्षक संघ एवं लुऑक्टा की संयुक्त बैठक मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आलोक प्रताप सिंह के विगत 6 माह से अधिक चल रहे निलंबन को रद्द करने की मांग को लेकर लुऑक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय की अगुआई में धरना संस्थापक प्रबंध मंत्री स्व. ओंकारनाथ भार्गव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया।

धरने में उपस्थित सभी शिक्षकों ने डॉ आलोक प्रताप सिंह के निलंबन को तत्काल रद्द कर उन्हें ससम्मान बहाल करने तक धरना जारी रखने की बात की। प्रकरण की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद प्रबंध तंत्र द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अधिनायकशाही तरीके से गैर विधिक रूप से निलंबन को बरकरार रखने पर सभी साथियों ने पुरजोर विरोध दर्ज किया। धरने के दौरान प्रबंध मंत्री एवं लुऑक्टा प्रतिनिधि मंडल की वार्ता विफल रही।

आज के धरने के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी पवन श्रीवास्तव को लुऑक्टा संयुक्त सचिव डॉ श्रीकांत उपाध्याय, प्रो अरुण कुमार, डॉ आजेंद्र, सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में सौंपा गया। धरने में लुऑक्टा के अनेक शिक्षकों ने सहभागिता की जिसमें डॉ विक्रम सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ निरंजन, डॉ राजेश कुमार, डॉ सी लाल, डॉ प्रवीण सिंह, प्रो अरुण कुमार, डॉ संजय श्रीवास्तव, डॉ दुर्गेश , डॉ अरविंद , डॉ शामिनी, डॉ विनय, डॉ विष्णु, डॉ श्रवण, डॉ सोनम रावत सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

फेयरवेल में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

अमेठी। राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में सत्र 2024-25 के कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्रों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने हर लोगों का मन मोह लिया। कई कैटेगरी में छात्रों को सम्मानित किया गया। मिस्टर फेयरवेल शरद शुक्ला एवं मिस फेयरवेल सिद्धि चुने गए। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ललित नारायण ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा विद्यालय बच्चों के शारीरिक, मानसिक,सामाजिक, शैक्षिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

13 साल की नाबालिग से 4 दरिंदों ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

- बच्ची को अगवाकर डराया, बेहोशी हालत में चारबाग स्टेशन पर छोड़ा

सुलतानपुर (वीओएल)। बीते 20 जनवरी को 13 साल की कक्षा- 6 की नाबालिग छात्रा को असलहे की नोक पर घर से अगवाकर 4 दरिंदों ने दुष्कर्म किया। तीन दिन तक दुष्कर्म करने के बाद बेहोशी की हालत में दरिंदों ने गाड़ी में डालकर लड़की को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दिया। पीड़िता बच्ची के पिता ने काफी खोजबीन के बाद नगर कोतवाली में सूचना देकर बच्ची की गुमशुदगी भी दर्ज कराई। एसपी ने नगर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। वहीं राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी ने पुलिस को 24 घंटे में गिरफ्तारी न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

मामला शहर के एक मोहल्ले का है। जहां का रहने वाला मिशान नाम के दरिंदे ने अपने तीन साथियों रंगबाज, साहिल और अज्जू के साथ सफेद रंग की गाड़ी से पीड़िता के घर पर गया। नाबालिग बच्ची को दरिंदों ने हथियार की नोक पर बीते 20 जनवरी को घर से अगवाकर गाड़ी में डालकर शहर के गभड़िया स्थित सुनसान इलाके में ले गए। जहां चारों दरिंदों ने 13 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग बच्ची के साथ चार दरिंदों द्वारा बारी-बारी दुष्कर्म की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को घटना की जानकारी देते हुए दरिंदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी ने नगर कोतवाली पुलिस को पीड़िता के पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता बच्ची के पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से मिशान तथा उसके साथी दरिंदों को पकड़ा, लेकिन बाद में सभी को छोड़ दिया था। पीड़िता और उसके माता-पिता लगातार न्याय के लिए थाने और पुलिस कार्यालय के चक्कर काट रहे थे, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने नगर कोतवाली पुलिस को चारों दरिंदों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। एसपी ने पीड़ित परिवार को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी रवि दूबे आदि ने नाराजगी जताते हुए पुलिस प्रशासन से दरिंदों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सरकार से देश के संविधान को खतरा : जिलाध्यक्ष सपा

तिलोई, अमेठी। विकास खंड के तिलोई में बृहस्पतिवार को सपा की पीडीए की बैठक हुई जिसमें संविधान की रक्षा को लेकर विचार विमर्श हुआ। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि देश में संविधान खत्म हो गया हैं, सरकारी संस्थाएं सरकार के कहने पर चल रही हैं जिसे बचाने की जरूरत हैं, हम सबको मिलजुलकर इसकी रक्षा करने की जरूरत हैं। इस सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही हैं, वही समाज में आपसी भाईचारा खत्म हो रहा हैं, जनता को जाति, धर्म, मजहब की लड़ाई में झोंक रही हैं और डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेना हैं बैठक में विधान सभा अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, जावेद खान जिलाध्यक्ष यूजन सभा, मो.नईम, मिर्जा असरफ बेग, अरशद अहमद जिला मंत्री, राजकुमार पाल, बृजेश पटेल, गंगा राम, संजय पासी, शारदा प्रजापति, विकाश जिपं सदस्य, लाल मिया, निसार, राम खेलावन पासी, अहोरवादीन वर्मा, महादेव पासी, राम नरेश पासी, सुमेरा पासी आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

अमेठी । बीती रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौत के बाद अस्पताल में मौजूद ससुराल पक्ष शव को छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पर पहुंचे परिजन शव को लेकर अपने घर चले आए और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । अमेठी कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी का है जहाँ के रहने वाले शिक्षक दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव की बेटी अल्पना की शादी 2010 में रायबरेली जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र में हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में लगातार विवाद होता रहा और कई बार पुलिस के अलावा समाज के संभ्रांत नागरिकों की मौजूदगी में समझौता हुआ। मृतका की 13 और 9 वर्ष की दो बेटियां भी है। शाम को ससुराल पक्ष द्वारा अल्पना के पिता को फोन करके बताया गया कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है। हम संजय गांधी अस्पताल लेकर जा रहे हैं. सूचना मिलने ही पिता और अल्पना का भाई दोनों अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों से पूछने पर पता चला कि अल्पना की मौत कई घंटे पहले ही चुकी है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गये जिसके बाद पति और उसके पिता मौके से फरार हो गए।

- अस्पताल में शव छोड़ कर फरार हुए ससुराल वाले, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

27 फरवरी से शुरू होगी संस्कृत बोर्ड परीक्षा सीसी कैमरे व वायस रिकार्डर से होगी निगरानी

सुलतानपुर (वीओएल)। उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। इस बार कुल 1182 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इनमें संस्थागत 1089 व व्यक्तिगत 93 विद्यार्थी शामिल हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय व उत्तर मध्यमा प्रथम पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ से पौने बारह बजे तक तथा दूसरी पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। जिले में चार संस्कृत महाविद्यालय, नौ उत्तर माध्यमिक विद्यालय, एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय वित्त पोषित तथा एक-एक उत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय वित्त विहीन है। संस्कृत महाविद्यालय के पटल सहायक आशीष ओझा ने बताया की परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। इनमें श्री बलदेव दास हनुमत संस्कृत महाविद्यालय उनुरखाकुटी, कमलाकर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय लोहरामऊ, श्री शिव सनातन संस्कृत महाविद्यालय बिलवाई तथा श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरे व वायस रिकार्डर भी लगाए जाएंगे।

लालगंज पुलिस ने दो वाहन चोरों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज किया मुकदमा

लालगंज, रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि लालगंज सूदन खेड़ा निवासी जैकी उर्फ गोविंद पुत्र राजबहादुर और उसका साथी मलके गांव निवासी शिवम कुमार पुत्र सुनील कुमार आपराधिक किस्म के लोग हैं। गैंग बनाकर वाहन चोरी करते हैं। जैकी उर्फ गोविंद गैंग लीडर है और शिवम उसका सदस्यहै। संगठित रूप से वाहन चोरी करते हैं। दोनों के खिलाफ कई मुकदमे पंजीकृतहैं। जिसके चलते दोनों के खिलाफ 2/3 गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ है।

एकदूजे के हुए 152 जोड़े

- सदर विधायक व डीएम-एसपी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

रायबरेली। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ सदर विधायक अदिति सिंह, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ० यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 152 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 35, दीनशाहगौरा 12, अमावां 23, रोहनिया 10, डलमऊ 28, ऊंचाहार 29, जगतपुर 09 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 06 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह के दौरान सदर विधायक, डीएम, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह सामूहिक रूप से कराया जाता है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आज के इस आयोजन में 152 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के तहत प्रति जोड़ों के लिए 51000 की धनराशि अनुमन्य है, जिसके अंतर्गत 35000 रुपए कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 10000 रूपए से नव विवाहित जोड़ों को घरेलू व व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करने हेतु सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है तथा 6000 रूपए कार्यक्रम आयोजन एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं।

सर्किल रेट की मूल्यांकन सूची की संशोधित दरों के संबंध में आमजन सुझाव व आपत्तियां 20 तक प्रस्तुत करें

अमेठी। एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) तृतीय संशोधन 2015 के नियम-04 (1) के अन्तर्गत जनपद में जारी वर्तमान मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण किया गया है। जिस पर आमजन से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है तथा उक्त प्रस्तावित मूल्यांकन सूचियां एडीएम /सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अमेठी/समस्त उपजिलाधिकारी जनपद अमेठी/तहसीलदारों एवं उपनिबन्धक जनपद अमेठी के कार्यालय में उपलब्ध है। यदि उक्त पुनरीक्षित संशोधित की गई दरों के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति अथवा संगठन को कोई विसंगति प्रतीत हो अथवा कोई आपत्ति व सुझाव देना चाहते है, तो 20 फरवरी 2025 तक एडीएम अथवा सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अमेठी या सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सायं 05 बजे तक लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है तथा उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेडिकल कॉलेज : गार्डों की तैनाती के बाद भी नहीं सुधरी पार्किंग व्यवस्था

मो. मुस्तकीम 'मुन्ना'

सुलतानपुर। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था न होने से प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां तक कि पुरुष व महिला अस्पताल के मुख्य गेट से मरीजों को स्ट्रेचर पर वार्ड या इमरजेंसी तक ले जाना काफी मुश्किल कार्य है। वहीं, रेफर मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस का काफी समय जाम में बर्बाद होता है। व्यवस्था को सुधारने के लिए यहां सुरक्षा गार्डों को लगाया गया है, बावजूद इसके समस्या से निजात नहीं मिल रही है। हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है जल्द ही मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा।

मेडिकल कालेज में बेतरतीब पार्किंग ने मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। मुख्य गेट से लेकर महिला अस्पताल, रक्त कोष तथा शव गृह तक बाइक से लेकर निजी वाहन तथा एंबुलेंस की भरमार रहती है। सुबह नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक यातायात पुलिस कर्मी तथा होमगार्ड के जवान डंडा पटकते नजर आते हैं, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ता। हालात इतने गंभीर हैं कि मरीजों को ओपीडी से इमरजेंसी तथा भर्ती वार्डों तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर के निकलने का रास्ता नहीं बचता। इससे आए दिन मरीजों को गोद में लेकर तीमारदार इधर-से-उधर आते-जाते दिखाई देते हैं। पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कई निजी वाहन चालकों के लिए परिसर मुफ्त का पार्किंग अड्डा है। शहर आने वाले कई कारोबारी व अन्य लोग अपने वाहनों को यहां खड़ा कर देते हैं। कामकाज निपटाने के बाद वाहन लेकर चले जाते हैं। ज्यादा पूछताछ पर सुरक्षा गार्डों व होम गार्डों से आए दिन बहस होती है। पार्किंग स्थल बनने से इस पर भी रोक लग सकेगी।

प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने गमाया कि परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस पर करीब 26 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा नवनिर्मित चिकित्सीय विंग में भी पार्किंग की व्यवस्था जल्द कराई जाएगी।

केबल जली, एक्सरे सेवा ठप : मेडिकल कालेज में गुरुवार को सुबह आठ बजे एक्सरे कक्ष को जोड़ने वाली केबल अचानक जल गई। इससे मशीन का संचालन ठप हो गया। सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया खराबी दूर करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञ बुलाए गए हैं। सेवा जल्द शुरू कराई जाएगी। सेवा प्रभावित होने से दिलशाद, सुनीता देवी, राजकुमार, ज्ञानेंद्र मिश्र समेत कई मरीजों को निजी केंद्रों से एक्सरे कराना पड़ा।

एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ०प्रा०) द्वारा स्वागत किया गया तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा कार्यालय में स्ट्रीट लाइट एवं पेयजल की व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर पालिका परिषद से अनुरोध किया गया। सैनिक बन्धु आनरेरी कैप्टन राम बक्श सिंह द्वारा सड़क विवाद सम्बन्धी, सैनिक बन्धु कार्पोरल सी०बी० शुक्ला द्वारा अवरूद्ध चकरोड खुलवाने तथा पूर्व सैनिक आनरेरी सूबेदार मेजर अरुण कुमार दीक्षित द्वारा पुश्तैनी मकान में कब्जा करने सम्बन्धी समस्या से अवगत कराया गया।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, प्रतिनिधि ऑफिसर इंचार्ज, ईसीएचएस, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

गुमनाम पैदा होना आपकी गलती नहीं गुमनाम मर जाना आपकी गलती है : डॉ.दयाल शरण द्विवेदी

शाहगढ़, अमेठी । बी आर सी परिसर मे हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर दयाल शरण द्विवेदी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खंड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया . यूपीएस पूरे टेकरी तिवारी के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया । खंड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार ने इस गोष्ठी के उद्देश्यों पर चर्चा की । राम प्रताप यादव वंडर बाक्स , लर्निंग कॉर्नर एवं अभिषेक तिवारी ने माता अभिमुखीकरण कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया । छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रचनात्मक गतिविधियां अभिभावको के सहयोग से प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग के दुष्प्रभाव पर सुंदर नाटक का मंचन किया । एआरपी विजय शंकर द्विवेदी एव शशिधर त्रिपाठी द्वारा आंगनबाड़ी केदो एवं प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं पर विस्तार से बताया गया। एआरपी महेंद्र प्रताप मिश्र द्वारा समुदाय एवं अभिभावको के पूर्व प्राथमिक शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से बताते हुए कहा कि संस्कार निर्माण इसी अवस्था में होता है । मुख्य अतिथि डा दयाल शरण द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में छोटे-छोटे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करने की अवधारणा को बताया और कहा कि गुमनाम पैदा होना आपकी गलती नहीं गुमनाम मर जाना आपकी गलती है । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने कुंभ पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन एसआरजी राकेश कुमार मिश्र ने किया । खंड शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों एव अभिभावको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंद कुमार ,धर्मेंद्र सिंह, कृपा शंकरविनोद उपाध्याय, सहित सभी नोडल शिक्षक एव आंगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित थे।

डीएम ने की जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक

सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल, पाइपलाइन, पम्प हाउस, सोलर इंस्टालेशन, हर घर जल, क्षतिग्रस्त सड़कों पर मरम्मत कार्य और पाइपलाइन बिछाने की स्थिति पर चर्चा की गई। जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्थाओं गायत्री प्रोजेक्ट यूनीवर्सल और विध्या टेलीलिंक के माध्यम से जनपद में निर्माण कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि अब तक 764 बोरिंग में से 761 का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है और 339 ग्रामों में नियमित जल आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा, 14408 किमी पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य 13555 किमी तक पूरा किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कों की मरम्मत सावधानी से की जाए, ताकि कोई शिकायत न आए। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और मैन पावर बढ़ाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा, डीएम ने कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए टीपीआई एजेंसी को नियमित निरीक्षण करने का आदेश दिया। मेसर्स यूनीवर्सल द्वारा 32 पेयजल योजनाओं का संचालन और रख-रखाव भी पूरा किया गया है। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनपद के दूरस्थ गांवों में जल जीवन मिशन का लाभ हर घर तक पहुंचे।

पेड़ लगाने में नहीं, पेड़ को जीवित रखने में बहादुरी : डॉ. हीरा लाल

रायबरेली। जल का मानव जीवन में महत्व एवं भूमि संरक्षण के बारे में लोगों में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने के लिए गुरुवार को वाटरशेड यात्रा वैन का भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि विभाग रायबरेली के अगुवाई में स्टेट लेवल नोडल एजेंसी वॉटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ रमईपुरकला में वैन को झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया ।

- लखनऊ से रायबरेली पहुची भारत सरकार की वॉटरशेड यात्रा वैन

डॉ हीरा लाल ने जीर्णोधार किये जा रहे तालाब का पूजन कर तालाब के किनारे वृक्षारोपण किया । मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सन्देश दिया कि पेड़ लगाने में बहादुरी नहीं है पेड़ को जीवित रखने में बहादुरी है। वाटरशेड यात्रा में स्कूली बच्चों ने सुबह प्रभातफेरी निकालकर जल, जंगल, जमीन बचाने का सन्देश घर-घर पहुँचाया । इसके साथ ही मोटर साइकिल रैली एवं स्वयं सहायत समूह कि महिलाए व अन्य ग्रामीण महिलओं द्वारा वाटरशेड यात्रा के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए कलश यात्रा निकाली गयी। सहायक निदेशक, मृदा परीक्षण, कृषि विभाग विनय वर्मा ने विकसित सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और नीली पीली चिप-चिपी पट्टियों को वितरित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हीरा लाल ने विद्यालय में उपस्थित सभी लोगों को धरती माँ के मुख्य घटक जल जंगल जमीन के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमारी दो माता है । दूसरी माता पृथ्वी है, जो जल, जंगल और जमीन से बनी है ।

क्रॉफ्ट बाजार में सजी संस्कृति, कला व सृजनात्मकता

रायबरेली। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) रायबरेली में आयोजित क्राफ्ट बाजार 2025 के दूसरे दिन का शुभारंभ निफ्ट महानिदेशक तनु कश्यप (आईएएस) ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत उन्होंने हस्तशिल्पियों द्वारा लगाए गए प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया और निफ्ट रायबरेली के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी को देखा। इस दौरान उन्होंने संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ संवाद किया, जिसमें निफ्ट रायबरेली के कैंपस निदेशक नंदन सिंह बोरा और कैंपस अकादमिक समन्वयक प्रवीन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

क्राफ्ट बाजार के दूसरे दिन की मेजबानी निफ्ट रायबरेली के सहायक प्रोफेसर अभिषेक ने की। पूरे आयोजन को सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने और अधिक जीवंत बना दिया, जिसमें नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जहां रायबरेली के कवियों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का मंच मिला। इसके साथ ही एक राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा और साहित्य की महत्ता पर चर्चा की गई। इस मौके पर निफ्ट रायबरेली की हिंदी पत्रिका अनंत का विमोचन निदेशक जनरल तानू कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों के लिए आयोजित स्केचिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में संशिक्षा एकेडमी, फॉस्टर किड्स एकेडमी, राइजिंग चाइल्ड एकेडमी, सेंट पीटर्स स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र उपस्थित रहे। राइजिंग चाइल्ड एकेडमी के छात्रों ने अपनी ऊजार्वान नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। दूसरे दिन की शाम निफ्ट रायबरेली के छात्रों द्वारा आयोजित भव्य फैशन शो से जगमगा उठी। इस अवसर पर निफ्ट महानिदेशक तनु कश्यप ने कहा, क्राफ्ट बाजार सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि शिल्पकारों की मेहनत, छात्रों की सृजनशीलता और संस्कृति के संरक्षण का अनूठा संगम है। कैंपस निदेशक नंदन सिंह बोरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह आयोजन परंपरा और आधुनिकता का एक जीवंत मेल है जो छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलता है।

रंगदारी मांगने में गिरफ्तार

अमेठी। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में उ.नि. सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ बन्टी सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी ग्राम भवानी नगर मजरे चिनगाही थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

संक्षेप

अवैध खनन में एक अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना शिकोहाबाद में जिला खनन अधिकारी फिरोजाबाद मफतलाल द्वारा अभियुक्त ओमवीर सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासीग्राम जसलाई थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद आदि 5 नफर के द्वारा संगठित गैंग बनाकर अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से बिना अनुमति के ग्राम छीछामई में मिट्टी की चोरी कर अवैध रूप से खनन परिवहन करना तथा कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न करने एवं 01 टैक्टर व ट्रॉली अवैध खनन की गयी मिट्टी के साथ कब्जे में लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम छिछामई के जंगल से अभियुक्त ओमवीर सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम जसलई थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

चोरी के माल सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर अभियुक्त को चोरी के माल 01 पेन्डल,01अंगूठी 01 जोडी कान की झुमकी, 02 चैन, 01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये की बरामदगी सहित गिरफ्तार किया है। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर पर पंजीकृत चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त रवि शर्मा पुत्र स्व0 सुनील शर्मा निवासी इन्द्रानगर नई आबादी लालऊ रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को मथुरा नगर रोड के पास झाड़ी युक्त खाली मैदान थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित माल 01 पेन्डल, 01 अंगूठी, 01 जोडी कान की झुमकी 02 चैन,01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये बरामद किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

रासेयो के विशेष शिविर का शुभारंभ

टूंडला। श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज प्रभु नगर देव खेड़ा फिरोजाबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बड़े हर्ष उल्लास से किया गया कालीचरण प्रधान सलेमपुर ने फीता काटकर समाजसेवी जवाहरलाल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व प्रबंधक भुवनेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रधानाचार्य ने बच्चों को राष्ट्र की सेवा के प्रति जागरूक किया एवं स्वच्छता के बारे में बताया कि हम अपने आसपास सफाई रखें जिससे गंदगी ना हो और हम लोग रोग मुक्त रहें, छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान सरस्वती वंदना व लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाएं उसके बाद स्वयंसेवकों ने अपने विद्यालय परिसर की साफ सफाई एवं अपने रहने के स्थान की साफ सफाई की कार्यक्रम अधिकारी श्री एदल सिंह ने अधिकृत गांव के बारे में जानकारी दी कि इस बार ग्राम सलेमपुर को अधिकृत किया गया है जिसमें 7 दिन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे इस अवसर पर सुखबीर सिंह रामेश्वर सुरेश कुमार ज्योति पचौरी रेनू संजय कुमार जयललिता श्याम लता तकुल शर्मा आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

बिहारी मंदिर में बढ़ने लगी भीड़

समुचित व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई

मथुरा। ब्रज में 40 दिवसीय होली का उत्सव शुरू हो गया है। बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया है। फरवरी के अंत तक भीड़ भी बढ़ने लगेगी। अब तक जिला और मंदिर प्रशासन की ओर से कोई कारगर व्यवस्था नहीं हो पाई है। प्रशासन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से व्यवस्थाएं सुधारने को सुझाव देकर निर्देश मांगे हैं, लेकिन कोर्ट के आदेश का इंतजार है। प्रशासन के लिए होली का उत्सव भीड़ नियंत्रण के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। बताया जाता है कि 2022 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में अधिक भीड़ के कारण भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु, एक दर्जन बेहोश हो गए थे। घटना के बाद मंदिर में व्यवस्थाओं पर सवाल उठे तो प्रशासन ने नए सिरे से वन वे व्यवस्था लागू की। मंदिर के बाहर गलियों में कई बार लोहे की रेलिंग लगाई और फिर हटाई गई। सारी व्यवस्थाएं फेल हो गई। तीन साल पूर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंगला आरती के दौरान हुई हादसे के बाद वृंदावन में व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठना शुरू हुए थे। इसके बाद बाके बिहारी मंदिर गलियारा की बात शुरू हो गई। मंदिर को पैसा खर्च किए, जाने को लेकर सेवायत हाईकोर्ट गए और मामला अटक गया। इसके बाद भीड़ लगातार बढ़ती रही। प्रशासन लगातार व्यवस्था के लिए प्रयास करने के दावे करता रहा, लेकिन अब तक ठोस कुछ नजर नहीं आ रहा है। सबसे बड़ी मुश्किल वीआईपी दर्शन की है। मंदिर में जगमोहन के ठीक सामने वीआईपी दर्शन के लिए लगाए गए वीआईपी कटहरा को हटाने पर सहमति भी प्रशासन और सेवायतों के बीच बनी, लेकिन इसे हटाया नहीं जा सका। मंदिर के अंदर काफी देर तक श्रद्धालुओं का ठहराव भी चुनौती बनी हुई है। प्रशासन का कहना है कि मंदिर के अंदर की व्यवस्था सिविल जज के हाथ में है, ऐसे में प्रशासन बिना कोर्ट की अनुमति के कोई निर्णय नहीं ले सकता है। दो माह पहले हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन ने मंदिर में व्यवस्था बेहतर करने के लिए सुझाव दिए, लेकिन अब तक कोई आदेश नहीं मिले हैं। एसएसपी शैलेष कुमार पांडेय का कहना है कि हमने हाईकोर्ट में मंदिर के अंदर की व्यवस्था को लेकर सुझाव देते हुए प्रार्थना की है। उम्मीद है जल्द ही इस पर हाई कोर्ट से निर्देश मिल जाएंगे। मंदिर सेवायत रजत गोस्वामी कहते हैं कि मंदिर की व्यवस्था को लेकर हाई कोर्ट में अगली सुनवाई चल रही है। हाई कोर्ट प्रशासन के सुझाव के बिंदुओं पर सुनवाई कर सकता है। मंदिर की व्यवस्था सुधारने को गोस्वामीजन भी पूरा सहयोग कर रहे हैं।

एसआईटी फर्जी बैनामों के बारे में जुटा रही सुबूत

- फर्जी बैनामों में लगी मुहर और हस्ताक्षर असली या नकली, फॉरेंसिक लैब में होगी जांच

आगरा। एसआईटी फर्जी बैनामों के बारे में सुबूत जुटा रही है। फर्जी बैनामों में लगी मुहर और हस्ताक्षर की जांच के लिए रिकॉर्ड फॉरेंसिक लैब भेजा गया है, जहां इनकी जांच होगी। बेशकीमती जमीनों के फर्जी बैनामे यूं ही नहीं कर दिए गए। दलालों ने तहसीलकर्मियों की मिलीभगत से दस्तावेजों में हेरफेर की। बैनामों पर मुहरों से लेकर फर्जी हस्ताक्षर तक कर दिए गए। एसआईटी की जांच में यह बात सामने आई है। टीम अब फर्जी बैनामों को फॉरेंसिक लैब भेज रही है। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों से भी हस्ताक्षरों का मिलान कराया जा रहा है, जिससे यह पता किया जा सके कि हस्ताक्षर मिलीभगत से किए गए, या फिर धोखे से करा लिए गए। जमीनों के फर्जी बैनामे करने वाले गिरोह पर पुलिस ने पिछले दिनों शिकंजा कसा था। चार मुकदमे दर्ज किए गए। 3 सदर तो 1 शाहगंज थाना में लिखा गया। पुलिस ने तहसील के पूर्व रिकॉर्ड कीपर सहित अन्य को जेल भेजा था। चारों मुकदमों की जांच एसआईटी कर रही है। टीम मास्टरमाइंड की तलाश में लगी है। उधर, एसआईटी की जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य कर्मचारियों की मिलीभगत से पूरे फजीवाड़े को अंजाम देने में लगे हुए थे। जिन जमीनों के मालिक सामने नहीं आते थे, उन जमीनों के फर्जी बैनामे तैयार कर लिए जाते थे। फर्जी मालिक-खरीदार बन जाते थे। बैनामा बनाने के बाद असली मालिक से सौदेबाजी करते थे। एसीपी सदर विनायक भोसले ने बताया कि एसआईटी फर्जी बैनामों पर लगाई गई मुहरों और हस्ताक्षरों की भी जांच कर रही है। फर्जी बैनामों और स्टांप पर लगीं मुहरें असली हैं तो इससे कर्मचारियों की मिलीभगत की पुष्टि हो जाएगी। इसमें अधिकारियों से अधिक कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ रही है। बैनामों को जांचने और उन पर हस्ताक्षर कराने का काम कर्मचारियों का होता है। उन्होंने ही अधिकारियों को धोखे में रखकर हस्ताक्षर कराए होंगे। वहीं अगर, हस्ताक्षर का मिलान नहीं हुआ तो माना जाएगा कि फर्जी तरीके से हस्ताक्षर और मुहरों का इस्तेमाल किया गया। इसकी जांच विधि विज्ञान प्रयोगशाल में होगी। उधर, बुधवार को भी एसआईटी तहसील में जांच करने पहुंची। हालांकि रिकॉर्ड रूम में नहीं गई। टीम के पहुंचने पर कर्मचारियों की धड़कन बढ़ गईं। टीम ने रिकॉर्ड रूम में काम करने वाले युवकों के बारे में जानकारी ली।

दबंग के सरकारी नाली रोकने पर पीड़ित लगा रहा न्याय की गुहार

टूंडला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत लेकर आए तो उसकी शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुनकर अविलंब निस्तारण किया जाए मगर टूंडला में यह आदेश अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखते मामला टूंडला थाना क्षेत्र के गांव मदावली का है जहां पीड़ित व्यक्ति के घर के पानी निकासी की सरकारी नाली को गांव के ही दबंग द्वारा जबरदस्ती रोक दिया है जिससे पीड़ित के घर के पानी की निकासी अवरुद्ध होने पर पीड़ित बार बार तहसील ब्लॉक थाना के चक्कर लगा लगा के परेशान हैं,जहां उसके द्वारा लिखित शिकायत देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। गांव मदावली निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसके पड़ोसी हाकिम सिंह पुत्र चिरंजीलाल ने सरकारी नाली को रोक दिया है जिससे मेरे घर के सामने पानी रुक गया है, पड़ोसी को बार नाली खोलने को कहा है मगर वह नाली को नहीं खोल रहा जिसकी शिकायत वह उपजिलाधिकारी टूंडला खंड विकास अधिकारी व थाना टूंडला में कई बार चुका है,व आईजीआरएस पोर्टल पर भी कर चुका है मगर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। पीड़ित ने एक बार पुनः बुधवार को उपजिलाधिकारी टूंडला से दबंग द्वारा बंद की गई सरकारी नाली को खुलवाने की गुहार लगाई, मगर थाने से दो सिपाही मात्र औपचारिकता कर उससे बिना बात किए लौट गए पीड़ित ने पूछा तो कह दिया गांव का आपसी मामला है, हम कुछ नहीं कर सकते पीड़ित ने बताया कि उसके घर का पानी रुका पड़ा है अब वह कहां शिकायत करने जाए जिससे उसके घर के पानी की निकासी हो सके। पड़ोसी की दबंगई के कारण उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा।

ताजमहल में पच्चीकारी देख मुग्ध हुए मंगोलिया के सीमा सुरक्षा प्रमुख, इतिहास के बारे में ली जानकारी

आगरा। मंगोलिया के सीमा सुरक्षा प्रमुख ने ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान वे ताज की खूबसूरती में खोए नजर आए। उन्होंने ताजमहल की पच्चीकारी और इसके इतिहास के बारे में पूछा। मंगोलिया के सीमा सुरक्षा महानिदेशालय के प्रमुख शारखु लखचिंजावने ने बुधवार को ताजमहल और आगरा किला का भ्रमण किया। ताजमहल में पच्चीकारी देख वह मुग्ध हो गए। पर्यटन मंत्रालय के रशियन गाइड मोहम्मद राशिद ने बताया मंगलवार की शाम को सीमा सुरक्षा प्रमुख आगरा आ गए थे। बुधवार की सुबह करीब सवा नौ बजे ताजमहल पहुंचे। यहां करीब सवा घंटे समय बिताया। पत्थरों पर बनी पच्चीकारी देख दंग रह गए। उन्होंने पच्चीकारी और इसके इतिहास के बारे में पूछा। इसके बाद आगरा किला में लाल पत्थर और किले से जुड़े इतिहास सुनने में उन्होंने दिलचस्पी दिखाई। उनके साथ सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी रहे। दोपहर बाद दिल्ली रवाना हो गए। सीमा सुरक्षा प्रमुख दो फरवरी को दिल्ली आए थे, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने स्वागत किया।

चिकित्सक को जान से मारने की मिल रही धमकियां पीड़ित ने लगायी प्रशासन से न्याय की गुहार

आगरा। शहर के नेचरोपैथी के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. पी.के. सिंह को शहर के ही पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा जान से मारने की धमकी देने और पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना होने पर वाटरवर्क्स स्थित होटल अतिथिवन पर प्रेसवार्ता कर चिकित्सक ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि थाना शाहगंज में 26 अक्टूबर 2023 को अर्चना विशेष पर अपराध संख्या-526/2023 धारा 307,323,328, 379 427,504,506 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्ता पुलिस इंस्पेक्टर विकास विशेष की सगी छोटी बहन है और दोनों भाई बहन ने मिलकर संगठित रूप से अपराध को अंजाम दिया है। इंस्पेक्टर विकास विशेष की बहन अर्चना विशेष जो कि अधिवक्ता है गाजियाबाद में इन दोनों ने मिलकर के 125 मेंटेनेंस का मुकदमा डलवाया। अर्चना विशेष के अधिवक्ता होने के कारण गाजियाबाद न्यायालय से मेंटेनेंस दिलाने का आदेश भी करवाया। जबकि आज तक पुलिस ने अभियुक्ता के भाई इंस्पेक्टर विकास विशेष से प्रार्थी के लूटे हुए माल की ना तो बरामदगी की और ना ही अभियुक्ता के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए डीसीपी सिटी सूरज राय ने थाना प्रभारी शाहगंज को एफआईआर दर्ज करने एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के आदेश दिए। इंस्पेक्टर विकास विशेष के प्रभाव के चलते थाना शाहगंज ने विवेचना को प्रभावित किया उसके बाद उच्च अधिकारियों के आदेश से क्राइम ब्रांच में विवेचना ट्रांसफर कराई गई। क्राइम ब्रांच में भी इंस्पेक्टर विकास विशेष ने अपना प्रभाव दिखाते हुए विवेचना को प्रभावित करते हुए गवाओं और साक्ष्यों को हटाया गया। डॉ. पी.के. सिंह ने कहा कि जब इंस्पेक्टर विकास विशेष की शिकायत उच्च अधिकारियों व विभागीय अधिकारियों को की तो इंस्पेक्टर विकास विशेष ने मुझे व्हाट्सएप कॉल किया, कॉल ना उठाने पर इंस्पेक्टर विकास विशेष ने व्हाट्सएप चैट में जान से मारने की धमकी, मां-बहन की गाली दी जिसकी शिकायत कमिश्नर आफ पुलिस आगरा को दी, जिस पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। अतः 156(3) में न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा की शरण में गया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा के आदेश के बावजूद भी रिपोर्ट नहीं की गई, रिपोर्ट न्यायालय की रिमाइंडर भेजने पर की गई।

फिरोजाबाद महोत्सव में भगवान श्री राम और आचार्य विद्यासागर के गूंजे जयकारे

फिरोजाबाद। पी.डी. जैन इंटर कॉलेज मैदान में फिरोजाबाद महोत्सव के छठे दिवस पर मध्याह्न के सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि यशपाल यस,मंजुल मयंक, प्रवीन पाण्डे कृष्ण कुमार कनक पंकज टूटपडे ने हास्य कवि सम्मेलन में अपनी कविताओं से सभी को गुदगुदाया और बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैन धर्म के महामुनिराज आचार्य विद्या सागर जी महाराज के प्रथम समाधि महामहोत्सव के अवसर पर डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा कु पावनी जैन के भावपूर्ण नृत्य पर पांडाल आचार्य श्री के जयकारों से गुंजायमान हो गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ठाकुर वीरी सिंह इंटर कॉलेज टूंडला के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, राजकीय हाई स्कूल करहरा की छात्रा ने नशा मुक्ति पर भाषण, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला की छात्राओं द्वारा सोलर ऊर्जा पर लघु नाटिका, दाऊदयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर लघु नाटिका, श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज की शिक्षिका साधना के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर लघु नाटिका योद्धा बन गई मैं, यू पी एस कटरा पठानन द्वारा नुक्कड नाटक श्री बी एस एस हाईटेक की छात्राओं ने ज्ञान की रोशनी व कान्हा सोजा जरा आयशा पब्लिक स्कूल करीमगंज के बच्चों ने संदेशे आते हैं, ऐसा देश है मेरा मेरे प्यारे वतन तू सलामत रहे, जन्नत से कॉल एवं हिन्दुस्तानी मैशअप, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, जे पी एस हाई टेक एजुकेशनल एकेडमी के बच्चों ने सेमी क्लासिकल डांस, उमर ए फारूक जू. हाई स्कूल बिलालनगर ने मोबाइल बुरी बला, फिर भी जिक्र है हिन्दुस्तानी, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा, आई वे इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई एक्ट, उमर दराज, रिया, भूमिका गौतम ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं।

मुकुल अग्रवाल ने रिफाइनरी प्रमुख का कार्यभार संभाला

मथुरा। मुकुल अग्रवाल ने मथुरा रिफाइनरी के नए कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, नैनीताल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त मुकुल अग्रवाल वर्ष 1993 में इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में कार्यकाल की शुरुआत की थी।

तेल एवं गैस उद्योग में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने संचालन, रिफाइनिंग, तकनीकी उन्नयन, प्रक्रिया नवाचार और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे रिफाइनरियों में संचालित कैप्टिव थर्मल पावर प्लांट के विशेषज्ञ भी हैं। श्री अग्रवाल को मथुरा, गुजरात और पानीपत रिफाइनरियों में काम करने का अनुभव है। मथुरा रिफाइनरी में 2009 तक के कार्यकाल के दौरान उनके योगदानों में रिफाइनरी की क्षमता 6 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 8 एमएमटीपीए करना और पावर प्लांट, डीएचडीएस, डीएचडीटी, गैस टर्बाइन और एवीयू के पुनरुद्धार सहित विभिन्न इकाइयों की कमीशनिंग शामिल है। गुजरात रिफाइनरी में 2009 से 2020 तक अपने कार्यकाल के दौरान, श्री अग्रवाल ने रेजिड अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया। नए गैस टर्बाइन चालू किए और विश्वसनीयता बढ़ाने वाली परियोजनाओं का हिस्सा रहे। मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, श्री अग्रवाल पानीपत रिफाइनरी में मुख्य महाप्रबंधक (पीएंडयू और इंस्ट्रूमेंटेशन) की जिम्मेदारियाँ संभाल रहे थे और बीएसटप यूनिटों की कमीशनिंग की मेगा परियोजना का हिस्सा थे, कोविड के चरम समय के दौरान ऑक्सीजन की आपूर्ति, 2जी-3जी इथेनॉल परियोजना और पी25 क्षमता विस्तार परियोजना के लिए अपनी विशेषज्ञता दी। इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के महारथी, श्री अग्रवाल ने गुजरात और पानीपत दोनों रिफाइनरियों में 220 केवी ग्रिड पावर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। श्री अग्रवाल अपनी अत्याधुनिक तकनीकी दक्षता, विद्युत विश्वसनीयता टास्क फोर्स गठन एवं अनुपालन तथा संपूर्ण परियोजना प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। निगम के लक्ष्यों पर ध्यान देने वाले , जन प्रिय व्यक्तित्व के मालिक, वे एक सच्चे प्रेरक हैं तथा अपनी टीम की ताकत हैं।

संदिग्ध हालत में महिला की मौत

मथुरा। वृंदावन नगर स्थानीय कृष्णधाम सोसाइटी में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतका के काफी समय से कृष्ण भक्ति में लीन नीतू मदान (46) पुत्री सुभाष मदान कृष्णधा सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रहती थी। आज सुबह जब वह रोजाना की तरह मंदिर जाने के लिए नहीं निकली तो आसपास के लोगों को आशंका हुई। औरउसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे तोड़कर देखा तो नीतू मदान मृत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस मौत कारण बीमारी बता रही है और परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

रोजगार मेला आज

मथुरा। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने अवगत कराया कि 7 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर वृन्दावन में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में पेटीएम एवं क्लिटन आदि कम्पनियों द्वारा 200 रिक्त पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इण्टर, स्नातक, आईटीआई अर्हता वाले इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करा कर 7 फरवरी को आयोजित मेले में प्रतिभाग कर सकते है तथा अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उक्त तिथि को प्रातः 10:30 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

प्रशिक्षण हेतु आवेदन करें

मथुरा। सहायक निदेशक मत्स्य ने अवगत कराया है कि वर्ष 2024-25 के लिये उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत मत्स्य पालको को प्रशिक्षण एवं अन्तर्राज्यीय एक्पोजर विजिट कार्यक्रम हेतु विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पोर्टल पर सीधे अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से भी किया जा सकता है।

बिझामई में 400 करोड़ रुपये से लगेगी रडार बनाने की फैक्ट्री, जमीन के लिए हुआ सर्वे

आगरा। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 400 करोड़ रुपये से रडार बनाने की फैक्टरी बिझामई में लगेगी। इसके लिए यूपीडा के अधिकारियों की टीम ने भूमि का सर्वे किया। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निकट बिझामई गांव में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 400 करोड़ रुपये से रडार बनाने की फैक्टरी लगेगी। बुधवार को भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) अधिकारियों की टीम ने भूमि का सर्वे किया। बीएचईएल की महाप्रबंधक रश्मि कथूरिया और यूपीडा सीडीएम कर्नल संजय कुमार के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने करीब सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट बनाई है। जिसे बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड में प्रस्ताव पर सहमति बनी तो 400 करोड़ रुपये का निवेश रक्षा उपकरणों की फैक्टरी बनाने में होगा। डिफेंस कॉरिडोर में 106 हेक्टेयर भूमि प्रशासन के पास उपलब्ध है। बीएचईएल को 60 हेक्टेयर भूमि चाहिए। लखनऊ एक्सप्रेस-वे से सीधी कनेक्टिविटी के लिए नदौता पुलिया पर रैंप बनानी पड़ेगी। आगरा, झांसी, लखनऊ, चित्रकूट में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की घोषणा 2019 में केंद्र सरकार की ओर से की गई थी। छह साल में दो चरणों में जमीन अधिग्रहण हुआ। आगरा में यह रक्षा उपकरण बनाने की पहली फैक्टरी होगी। जहां रडार से लेकर अन्य रक्षा उपकरण व संचार प्रणाली का निर्माण होगा। बीएचईएल की डिफेंस एंड एयरोस्पेस यूनिट सेना के लिए रक्षा उपकरण 30 वर्षों से बना रही है। बिझामई स्थित डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को लखनऊ एक्सप्रेस-वे होते हुए डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर से भी जोड़ा जाएगा।

पंचायतों के खाली स्थानों पर उप निर्वाचन 8 से

मथुरा। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों एवं क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के रिक्त स्थानों पर उप निर्वाचन माह फरवरी में होने हैं। जिसमें निर्देशन पत्रों को 8 फरवरी को जमा करने की अंतिम तिथि होगी ।10 को जांच, 11 को नाम वापसी, उसी दिन प्रतीक आवंटन तथा 19 को सात बजे से मतदान और 21 को मतगणना होगी।

आगरा में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत

आगरा। आगरा जिले के डौकी क्षेत्र में कबीस पुलिस चौकी में पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान कथित रूप से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उनकी पहचान गढ़ी हिसिया के निवासी केदार सिंह (58) के रूप में हुई है और उन्हें 2023 के धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। केदार सिंह के बेटे देवेंद्र ने कहा कि पूछताछ के दौरान मेरे पिता की तबीयत खराब हो गई और पुलिस चौकी के अंदर ही उनकी मौत हो गयी।

महिलाओं के विरोध के बाद प्रेमानंद महाराज ने लिया निर्णय, स्थगित की पदयात्रा



मथुरा। संत प्रेमानंद अब रात में पदयात्रा करते हुए भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। वृंदावन नगर में रात दो बजे संत प्रेमानंद का काफिला पदयात्रा करते हुए श्रीराधाकेलि कुंज के लिए निकलता है तो हजारों श्रद्धालु सड़क किनारे खड़े होकर उनके दर्शन करते हैं। रात में दिन जैसा उजाला और भजनों की धुन के साथ भक्तों द्वारा चलाए जाने वाले पटाखों और ढोल की आवाज से रास्ते में पड़ने वाली कॉलोनियों के निवासियों की नींद उड़ गई है। एनआरआइ ग्रीन कॉलोनी के लोगों ने पदयात्रा का विरोध शुरू किया है। कॉलोनी की महिलाएं हाथ में तख्तियां लिए संत प्रेमानंद की रात की पदयात्रा का विरोध कर रही हैं। संत प्रेमानंद के आश्रम श्रीराधा केलिकुंज से जारी सूचना के अनुसार, संत प्रेमानंद हर दिन रात दो बजे श्रीकृष्ण शरणम्‌स्थित आवास से रमणरेती स्थित श्री राधा केलिकुंज आश्रम कराकर पदयात्रा करते हुए निकलते थे तो हजारों श्रद्धालु संत प्रेमानंद के दर्शन को रास्ते में खड़े होकर इंतजार करते और भजन संकीर्तन करते थे। संत प्रेमानंद के स्वास्थ और श्रद्धालुओं की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुए अब ये पदयात्रा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी है। विदित हो, रात के समय पदयात्रा के शोरगुल पर रास्ते में पड़ने वाली कॉलोनियों के लोगों ने पिछले दिनों इसका विरोध किया था। इसके परिणाम स्वरूप आश्रम को ये निर्णय लेना पड़ा। छटीकरा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण शरणम कॉलोनी स्थित आवास से संत प्रेमानंद अपने शिष्यों के साथ पदयात्रा करते हुए प्रेममंदिर के पीछे से रमणरेती स्थित श्रीराधा केलिकुंज के लिए रात दो बजे रोजना निकलते थे। इस पदयात्रा के बीच पड़ने वाली एनआरआइ ग्रीन कॉलोनी के निवासियों ने पदयात्रा के दौरान होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। सोमवार को कालोनी की महिलाओं ने हाथ में तख्तियां लेकर संत प्रेमानंद की पदयात्रा का विरोध किया था।

11849 आयकर दाताओं के राशन कार्ड निरस्त

मथुरा। इस बार जिले की एक तिहाई आबादी को निशुल्क खाद्यान्न यानि राशन से मिलने वाले गेंहू चावल से वंचित होना पड़ेगा। केंद्र सरकार के निदेशों पर पूरे प्रदेश में राशन कार्ड धारकों का 31 जनवरी तक कराए गए सत्यापन में 11849 राशन कार्ड इस आधार पर निरस्त किए गए हैं जो एक तरफ आयकर विभाग को टैक्स देते हैं और दूसरी तरफ फ्री खाद्यान्न लेते थे। बताया गया कि जनपद में 4 लाख 65 हजार 230 राशन कार्ड धारकों को 826 दुकानों से राशन सामग्री तीन किलो गेंहू और दो किलो चावल प्रति यूनिट निःशुल्क दिया जाता है। पिछले कई वर्षों से चल रही इस योजना का जनपद में उपभोक्ता लाभ लेते आए है। इसमें कई बार ऐसी शिकायतें मिली कि जो आयकर दाता हैं वह भी इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इसे देखते हुए सरकार द्वारा इस तरह का सत्यापन कराया गया जबकि वित्तीय संस्थान और बैंकों के कार्य में ग्राहकों के सत्यापन के लिए केवाईसी का प्रावधान है। यहां उपभोक्ताओं पर इस तरह की व्यवस्था लागू नहीं होती क्योंकि डिजिटल व्यवस्था के चलते कोई भी उपभोक्ता अपने अंगूठा निशानी के आधार पर पूरे परिवार का खाद्यान्न ले सकता है। आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों का कहना है कि इस प्रणाली में आयकर दाताओं की पकड़ नहीं हो पा रही थी। अब सरकार को निशुल्क खाद्यान्न पर प्रतिमाह करोड़ों रुपया खर्च करना पड़ रहा था जिस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार का यह निर्णय सराहनीय हो सकता है। अकेले मथुरा जिले में ही 11849 आयकर दाताओं के राशन रद्द किये गए हैं। लेकिन इस सबसे आम उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी की ओर न तो सरकर ने ही ध्यान दिया है और न ही जिला स्तर पर आपूर्ति विभाग के निरीक्षक और अधिकारी द्वारा इस व्यवस्था की खामियों को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों को यह मालूम है कि राशन की दुकानें महीने के पहले पखवाड़े में 3 से पांच दिन तक ही खुलती हैं। इस दौरान यहां उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रहती है। नेट के आधार पर चलने वाली मशीनें काफी-काफी देर तक बंद पड़ी रहती हैं।

सीएमओ ने शुरू किया डायरिया से डर नहीं

फिरोजाबाद। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया पीएसआई -इंडिया और केन्व्यू संस्था के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ.रामबदन राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य शुभारम्भ किया। सीएमओ ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियन्त्रण के लिए दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से इसको और बल मिलेगा। इसके तहत मिशन मोड में काम करते हुए आशा आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके माध्यम से उन्हें डायरिया की सही पहचान और बचाव के बारे में बताया जाएगा। सीएमओ ने पीएसआई इंडिया को भरोसा दिलाया कि जनपद में कार्यक्रम को सफल बनाने की हरसम्भव कोशिश की जाएगी। पीएसआई-इंडिया के प्रोग्राम निदेशक हितेश साहनी और स्टेट हेड अमित कुमार ने बताया कि फ्रंटलाइन वर्कर को जल्दी से जल्दी डायरिया के प्रमुख कारणों के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, काउंसिलिंग के प्रमुख बिन्दुओं और शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हैण्डवाशिंग की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। बाल विकास सेवा व पुष्टाहार आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़कर ओआरएस कार्नर स्थापित करने और डायरिया के केस की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. फारूक इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक एसो. के जिला सचिव डॉ. विवेक अग्रवाल व अध्यक्ष डॉ. दीपक अग्रवाल जसराना सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.विमल उपाध्याय, डॉ.कृति, डॉ.प्रियंका डीसीपीएम रवि कुमार जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार प्रदीप कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के बारे में जरूरी सुझाव दिए। फिरोजाबाद मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने डायरिया के प्रति जागरूकता पर बल दिया और भ्रांतियों को दूर करने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर एसीएमओ (प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य) और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के.के वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.बृजमोहन, डॉ.जीसी पालीवाल डिविजनल अर्बन कंसल्टेंट इरशाद, जिला अर्बन कार्यक्रम प्रबन्धक प्रबल प्रताप के साथ ही यूनिसेफ समेत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे।

संक्षेप

2024 में बढ़ते मूल्यों के बीच सोने की मांग नयी ऊंचाई पर पहुँची

नई दिल्ली। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल द्वारा तीसरी तिमाही और पूरे साल के लिए 2024 गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी कर दी गई है, जिसके मुताबिक सालाना सोने की मांग (ओटीसी सहित) नई ऊँचाई को छूते हुए 4974 टन तक पहुँच गई है। इसका कारण केंद्रीय बैंक द्वारा लगातार मजबूत और सतत खरीद एवं निवेश की मांग में वृद्धि है। सोने के रिकॉर्ड स्तर पर ऊँचे मूल्यों और वॉल्यूम के कारण मांग का कुल मूल्य अब तक के सबसे बुलंद स्तर पर 382 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। विश्व के केंद्रीय बैंकों ने 2024 में सोने की खरीद जारी रखी, जो लगातार तीसरे साल 1000 टन से अधिक रही। चौथी तिमाही में खरीद बुलंदी को छूते हुए 333 टन तक पहुँच गई और केंद्रीय बैंकों के लिए कुल वार्षिक टोटल 1045 टन हो गया। विश्व में सोने की मांग साल-दर-साल 25 प्रतिशत बढ़कर 1180 टन हो गई।

एसयूडी लाइफ ने लॉन्च की नयी बचत योजना

नई दिल्ली। एसयूडी लाइफ ने एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल नामक एक नई बचत योजना लॉन्च की है, जो एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत योजना है। जिसे आपके और आपके प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल इस सपने को हकीकत में बदलने में मदद करता है, जिससे आप वित्तीय स्थिरता के साथ निश्चिंत होकर जीवन जी सकते हैं। एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल सिर्फ एक साधारण पॉलिसी नहीं, बल्कि एक सुविचारित योजना है, जो आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए गारंटीकृत एकमुश्त भुगतान और बचत के लाभों को जोड़ती है।

एमजी सेवा का शिक्षा और महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी प्रमुख पहल, एमजी सेवा के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने का काम कर रह है कंपनी की पहली कार के बाजार में आने से पहले पेश की गई एमजी सेवा सामाजिक कल्याण का एक प्रतीक है जो पारंपरिक सीमाओं से परे है मूलरूप से, एमजी सेवा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा और स्वच्छता तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। अकेले 2024 में, इस पहल ने 1.2 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिनमें 70,000 से ज्यादा महिलाएं हैं।

जहान कपूर को आईएमडीबी स्टारमीटर पुरस्कार मिला

मुंबई। फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी ने ब्लैक वारंट स्टार जहान कपूर को आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार आईएमडीबी ऐप पर प्रकाशित लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में मजबूत प्रदर्शन करने वालों को मान्यता देता है। यह सूची दुनिया भर में आईएमडीबी पर 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकों के पेज व्यू को दर्शाती है, और यह उन सितारों के बारे में सटीक भविष्यवाणी करता है जो अपने करियर में एक सफल मोड़ लेने वाले हैं।

प्रोटीन की कमी को पूरा करता है बादाम

मुंबई। प्रोटीन मानव शरीर के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है क्योंकि यह ऊतकों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है, मांसपेशियों की वृद्धि को समर्थन देता है, और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके कुल स्वास्थ्य में योगदान के बावजूद, यह महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट भारतीय आहार में अक्सर अनदेखा किया जाता है, जिसके कारण 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रोटीन की कमी का सामना कर रही है। उपभोक्ताओं को उनके दैनिक आहार में पर्याप्त प्रोटीन को शामिल करने के महत्व और इसके प्राकृतिक स्रोतों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, कैलिफोर्निया आलमंड बोर्ड ने आगरा में कैलिफोर्निया आलमंड्स के एक मुट्ठी के साथ भारतीय परिवारों की दैनिक प्रोटीन आवश्यकता का समर्थन नामक पैनल सत्र आयोजित किया।

सेंसेक्स में 213 अंकों की गिरावट

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति आने के पहले निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक कमजोर हो गया जबकि निफ्टी में 93 अंकों की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 213.12 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,058.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.29 अंक गिरकर 77,843.99 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 92.95 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। इसके उलट अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर बढ़त हासिल करने में सफल रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को।,682.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। विश्लेषकों का कहना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के नीतिगत रेपो दर पर निर्णय के पहले निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। एमपीसी की बैठक बुधवार को शुरू हुई और शुक्रवार को इसके फैसले की जानकारी दी जाएगी। व्यापार युद्ध छिड़ने के बीच ब्याज दरों में संभावित कटौती पर आरबीआई के फैसले का इंतजार कर रहे निवेशकों के कारण बेंचमार्क सूचकांकों में मामूली गिरावट देखी गई। धीमी वृद्धि को तेज करने के लिए खपत बढ़ाने पर सरकार के ध्यान के बावजूद व्यापक बाजार सतर्क रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.60 प्रतिशत बढ़कर 75.06 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

मोटर वाहन की खुदरा बिक्री जनवरी में सात प्रतिशत बढ़कर 22,91,621 इकाई

नयी दिल्ली। देश में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 22,91,621 इकाई हो गई, जो विभिन्न खंडों में मजबूत मांग से प्रेरित है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, जनवरी 2024 में कुल खुदरा बिक्री 21,49,117 इकाई रही थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, हमारे अवलोकन से पता चलता है कि प्रत्येक वाहन श्रेणी 2डब्ल्यू, 3डब्ल्यू, पीवी, ट्रैक्टर और सीवी में सकारात्मक गति देखी गई, जो निरंतर उपभोक्ता विश्वास तथा स्थिर बाजार सुधार की ओर इशारा करती है। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,65,920 इकाई पर पहुंच गई। विग्नेश्वर ने कहा कि कई डीलरों ने मांग में सुधार का उल्लेख किया, साथ ही पिछले साल की भारी छूट को भी इशारा किया जिससे पुराने मॉडलों को बेचने और पंजीकरण को स्थानांतरित करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि भंडार के स्तर में सुधार हुआ है, जो लगभग पांच दिन घटकर 50-55 दिन रह गया है जो आपूर्ति-मांग संतुलन में सुधार का संकेत है। दोपहिया वाहनों की पिछले महीने खुदरा बिक्री 15,25,862 इकाई रही, जो जनवरी 2023 की 14,65,039 इकाई की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में सालाना आधार पर बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक रही, जो चार प्रतिशत से बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई। विग्नेश्वर ने बताया कि डीलरों ने नए मॉडलों की पेशकश, शादी-ब्याह की मांग और बेहतर वित्तपोषण को वृद्धि के प्रमुख चालक बताया।

नये आयकर विधेयक में लंबे वाक्य, प्रावधान नहीं होंगे

नयी दिल्ली। अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने वाले नए आयकर विधेयक में लंबे वाक्य, प्रावधान और स्पष्टीकरण नहीं होंगे। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए तैयार किया गया है। नए विधेयक पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होने की संभावना है। नए विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी। इस विधेयक में 2025-26 के बजट में आयकर दरों, स्लैब और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) संबंधी प्रावधानों में किए गए बदलावों को भी शामिल किया जाएगा। पांडेय ने यहां उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर्स के एक कार्यक्रम में कहा कि जब आप अगले सप्ताह नया आयकर विधेयक देखेंगे, तो आपको एक बहुत ही अलग विधेयक दिखाई देगा। हम जिस तरह से कानून लिखते हैं, उसमें बदलाव हो रहा है। आपको लंबे वाक्य बहुत कम देखने को मिलेंगे, शायद आपको प्रावधान, स्पष्टीकरण देखने को ही न मिलें। उन्होंने कहा कि नए आयकर विधेयक में किसी भी तरह का कोई नया कर या कोई नया बोझ नहीं डाला जाएगा। हम नीति में बहुत बड़ा बदलाव भी नहीं कर रहे हैं।

रुपया 14 पैसे टूटकर 87.57 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.57 (अस्थायी) के अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती की संभावना बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा है।

मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर मांग से भारतीय मुद्रा नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर जारी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण भी रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.54 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.60 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अंत में घरेलू मुद्रा डॉलर के मुकाबले 87.57 (अस्थायी) के अबतक तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 36 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.43 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस साल अब तक स्थानीय मुद्रा में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। घरेलू मुद्रा में यह तेज गिरावट 2024 में अमेरिकी डॉलराभारतीय मुद्रा जोड़ी में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के बाद आई है, जिससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में से एक बन गई है। रुपया एक जनवरी 2024 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.21 पर था। इस साल अब तक रुपया 193 पैसे टूट चुका है। एक जनवरी 2025 को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.64 पर था। हमें कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर की मांग के बीच रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते रहने की आशंका है।

श्रम मंत्रालय गिग श्रमिकों की पेंशन योजना के लिए मंजूरी मांगेगा

नयी दिल्ली। श्रम मंत्रालय जल्द ही ऑनलाइन मंचों से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए पेंशन योजना लाने को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत हर लेनदेन से हुई आय से सामाजिक सुरक्षा योजना में योगदान दिया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए आम बजट में ऑनलाइन मंच से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की थी। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार उन्हें पहचान पत्र देगी और ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने आगे कहा था कि इन श्रमिकों को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। इस कदम से लगभग एक करोड़ गिग श्रमिकों को मदद मिलने की संभावना है। इस कदम से अमेजन, जोमैटो जैसे ऑनलाइन मंचों से जुड़े श्रमिकों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिलेगी। सूत्रों ने कहा कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है, जिसके तहत ओला, उबर जैसे ऑनलाइन मंच इन श्रमिकों की आय पर हर लेनदेन पर प्रतिशत के रूप में सामाजिक सुरक्षा अंशदान काट लेंगे।

व्यापार सम्मेलन में मिले 4.40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो दिवसीय व्यापार शिखर सम्मेलन के दौरान राज्य को 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य बना हुआ है। बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के समापन सत्र में बनर्जी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में 212 समझौता ज्ञापनों और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए, जो निवेश स्थल के रूप में राज्य की क्षमता को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हमें 4,40,595 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे पश्चिम बंगाल में रोजगार के हजारों अवसर उत्पन्न होंगे। मुख्यमंत्री ने 2011 से अपनी सरकार के विकास प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन उपायों से राज्य में 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठने में मदद की है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा, उद्योग और सामाजिक कल्याण पर हमारे निरंतर ध्यान से ये परिणाम आएं। बीजीबीएस 2023 संस्करण में बनर्जी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल को 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले शिखर सम्मेलनों की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले सात बीजीबीएस संस्करणों में 19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसमें से 13 लाख करोड़ रुपये का काम पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रगति निवेश के वादों को पूरा करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता और एक व्यवसाय केंद्र के रूप में इसके बढ़ते आकर्षण को रेखांकित करती है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण रिलायंस इंडस्ट्रीज की निवेश प्रतिबद्धता रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने दशक के अंत तक राज्य में 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है।

शिखर सम्मेलन में अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी हुईं, जिनमें कोलकाता के न्यू टाउन क्षेत्र में आईटीसी द्वारा कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए एक वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र का अनावरण भी शामिल है।

मेक माई ट्रिप ने लव्ड बाय डिवोटिज किया लॉन्च

नई दिल्ली। भारत में 26 आध्यात्मिक स्थलों पर 450$ चयनित होटलों और होमस्टेज का संग्रह, तीर्थयात्रियों की विशेष आवश्यकताओं को करेगा पूरा यात्रा में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है, जहां तीर्थयात्रा स्थलों ने अब आर्थिक वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में मेक माई ट्रिप की कुल रूम नाइट बुकिंग का 10प्रतिशत से अधिक है। 2022 की तुलना में 2024 में प्लेटफॉर्म पर आध्यात्मिक स्थलों की खोजों में 46प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो यात्रियों के बीच गहरे अर्थपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्राओं की बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाता है, जो कि अवकाश यात्रा से अलग हैं। भारत के आध्यात्मिक स्थलों तक पहुँच पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गई है।

झारखंड को 26,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों में से आधे इस्पात क्षेत्र से मिले

रांची। कोलकाता में बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के दौरान झारखंड सरकार को मिले 26,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से करीब 50 प्रतिशत इस्पात क्षेत्र से संबंधित हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर बीजीबीएस के आठवें संस्करण में शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा, झारखंड सरकार को बीजीबीएस के तहत आयोजित एडवांटेज झारखंड कार्यक्रम के दौरान 26,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले जिनसे 15,000 नौकरियां सृजित होने की संभावना है। इनमें से करीब आधे प्रस्ताव इस्पात क्षेत्र से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि इनमें सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और वोल्टोक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड जैसे समूहों के विभिन्न प्रस्ताव शामिल है। इन्होंने राज्य में 3,000 करोड़ रुपये और 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में रुचि दिखाई है। अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम मेटल्स एंड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने इस्पात संयंत्र स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की है, जबकि वोल्टोक्स ने राज्य में विशेष इस्पात विनिर्माण में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि यदि ये दोनों परियोजनाएं वास्तविक रूप लेती हैं, तो इससे 3,500 नौकरियों का सृजन होगा। इसके अलावा, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने।,100 करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की जिससे।,500 नौकरियां उत्पन्न होंगी। रश्मि मेटालिक्स लिमिटेड ने 3,800 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है, जिससे 3,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड 2,800 करोड़ रुपये की लागत से बिजली उत्पादन परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है, जिससे।,600 नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बनर्जी को भव्य तरीके से बीजीबीएस का आयोजन करने के लिए बधाई दी थी और उन्हें आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया अदा किया था।

पेज एक का शेष

मध्यप्रदेश में

उन्हें मामूली चोटें आईं और उन्हें हेलीकॉप्टर से ग्वालियर ले जाया जा रहा है।

सेंट्रल एयर कमान के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब दो बजकर 40 मिनट पर बरहेटा सानी गांव के पास खेत में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो सीट वाले प्रशिक्षण विमान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि विमान में खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई। वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट किया, आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान शिवपुरी (ग्वालियर) के पास भारतीय वायुसेना का मिराज 2000 विमान सिस्टम में खराबी आने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शिवपुरी जिले के एक गांव के पास खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान ने ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी। शिवपुरी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले ने बताया, ग्रामीणों ने सूचना दी कि करेरा थाना क्षेत्र में बरहेटा सुनारी गांव के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मिराज विमान ने दो पायलटों के साथ ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए और उन्हें मामूली चोटें आईं। पायलटों को वहां से ले जाने के लिए एक हेलीकॉप्टर मौके पर भेजा गया।

हमारा एजेंडा

वर्ग (ओबीसी) आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने कहा तीन दशक तक, दोनों सदनों में सभी दलों के ओबीसी सांसद सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, लेकिन उनकी मांग को ठुकरा दिया गया। क्योंकि शायद उस समय उनकी (कांग्रेस) राजनीति को ये सूट नहीं करता होगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने एससी-एसटी कानून को मजबूत बनाकर दलित और आदिवासी समाज के सम्मान और सुरक्षा के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई और उसको बढ़ाया भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार उनके नेतृत्व वाली सरकार ने सबका साथ-सबका विकास के मंत्र की प्रेरणा से सामान्य वर्ग के गरीब को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया और वह भी बिना किसी तनाव के और किसी से छीने बिना दिया। उन्होंने कहा जब हमने ये निर्णय किया तो एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय ने भी इसका स्वागत किया।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा बाबा साहेब को कभी भी भारत रत्न के योग्य नहीं समझा गया। इस देश के लोगों ने, सर्व-समाज ने बाबा साहेब की भावना का आदर किया। तब आज कांग्रेस को मजबूरन जय भीम बोलना पड़ रहा है। मोदी ने कहा कि आंबेडकर से कांग्रेस को कितनी नफरत थी, उनके प्रति कांग्रेस में इतना गुस्सा था कि उनकी (बाबा साहेब) की हर बात से कांग्रेस चिढ़ जाती थी। इसके सारे दस्तावेज मौजूद होने का दावा करते हुए मोदी ने कहा कि इसी गुस्से के कारण दो-दो बार बाबा साहेब को चुनाव में पराजित करने के लिए क्या कुछ नहीं किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान आपातकाल का भी जिक्र किया और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस दौरान सत्ता सुख के लिए संविधान को कुचला गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल में प्रसिद्ध कलाकार देव आनंद से कहा गया कि वे सार्वजनिक रूप से इसका समर्थन करें लेकिन जब उन्होंने इंकार कर दिया तो दूरदर्शन पर उनकी सभी फिल्मों को प्रतिबंधित कर दिया गया।

यूजीसी ने 18

शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में रैगिंग विरोधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। जोशी ने कहा, यह शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की किसी भी घटना को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इन नियमों का पालन नहीं होने से विद्यार्थियों सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

महाविद्यालयों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें चूक के कारणों का विवरण देने तथा इस स्थिति को तत्काल सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताने को कहा गया है। जोशी ने कहा, निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण न देने पर हम रैगिंग निरोधक विनियमन, 2009 के प्रावधानों के अनुसार आगे की आवश्यक कार्वाई करने के लिए बाध्य होंगे, जिसमें जुर्माना लगाना और अन्य सुधारात्मक उपाय शामिल हैं।

भारतीयों के

के बाद भी विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सांसदों से नारेबाजी बंद करने और केंद्रीय बजट पर प्रस्तावित चर्चा शुरू करने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजकर 37 मिनट पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भी दिन में इसी मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार पूर्वाह्न 11 बजे आरंभ होने पर विपक्षी सदस्यों ने इस विषय को उठाने का प्रयास किया, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह 12 बजे विपक्षी सदस्यों के कार्यस्थगन के नोटिस पर विचार करेंगे। कई विपक्षी सदस्यों ने इस विषय पर चर्चा की मांग करते हुए कार्यस्थगन के नोटिस दिए थे। बिरला ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। नारेबाजी के बीच नागर विमानन मंत्रालय से संबंधित कुछ पूरक प्रश्न पूछे गए। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। बिरला ने यह भी कहा आपके सारे विषय सरकार ने संज्ञान में लिए हैं। यह विदेश नीति का मामला है। इस पर सरकार गंभीर है। आपसे आग्रह है कि सदन चलने दें। आप लोग हर रोज प्रश्नकाल में गतिरोध पैदा करके भारतीय मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

सुप्रीम कोर्ट

कार्यप्रणाली है, तो आप अभियोजक नहीं हैं, बल्कि आप उत्पीड़क हैं। अदालत ने उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी और असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 के तहत आरोपों का सामना कर रहे चार व्यक्तियों को जमानत दे दी। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा, यदि वह (याचिकाकर्ता) पहले से ही कुछ मामलों में जमानत पर रिहा है, यदि कुछ कार्यवाही रद्द कर दी गई है, यदि कुछ कार्यवाही में उसे बरी कर दिया गया है... तो क्या आपके लिए इस अदालत के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति रखना आवश्यक नहीं था? यह आदेश आरोपियों द्वारा दायर चार अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया। आरोपियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज करने के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि याचिकाकर्ता भाई हैं और 2017 के बाद दर्ज मामलों में उन्हें फंसाया गया है, क्योंकि उनके पिता एक राजनीतिक दल से संबंधित एमएलसी थे। उन्होंने कहा कि राज्य की कार्यप्रणाली ऐसी है कि जब याचिकाकर्ताओं को एक मामले में जमानत मिल जाती है तो उनके खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज कर दी जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें कभी राहत न मिले। लूथरा ने राज्य के हलफनामे का हवाला देते हुए कहा कि एक याचिकाकर्ता के खिलाफ 28 प्राथमिकी जबकि अन्य के खिलाफ 15 प्राथमिकी दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामलों में राज्य ने आपराधिक पृष्ठभूमि के आधार पर जमानत का विरोध किया, याचिकाकर्ताओं को या तो बरी कर दिया गया या जमानत पर रिहा कर दिया गया और कुछ मामलों में उच्चतम न्यायालय ने उनमें से कुछ के खिलाफ कार्यवाही रद्द कर दी।

राष्ट्रीय खेलों

पर हो रही प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं पर मुख्यमंत्री अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहे हैं और स्वयं जाकर भी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि खिलाड़ियों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलबध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी बेहतर देखने को मिल रहा है, अभी तक लगभग 33 मेडल उत्तरखण्ड के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किये हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर बने वेलोड्रम की सराहना देशभर से आने वाले खिलाड़ी कर रहे है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर बहुउद्देशीय हॉल का भी निर्माण किया गया है, खटीमा के चकरपुर में भी मलखम्ब, टनकपुर में राफ्टिंग की प्रतियोगिता आयोजित होनी है।

कढ़ी-पकौड़ी

हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह, बैरागी अखाड़ों में कुछ साधु-संत अयोध्या चले जाते हैं और कुछ वृंदावन चले जाते हैं जहां वे भगवान राम जी के साथ होली खेलते हैं। वहीं उदासीन और निर्मल अखाड़े के साधु संत पंजाब (आनंदपुर साहिब) चले जाते हैं। श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़े से जुड़े अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया, कि हमारे अखाड़े में बसंत पंचमी के अगले दिन ही कढ़ी पकौड़ी का भोज हो गया और करीब 150 साधु-संत मेला से प्रस्थान कर चुके हैं और लगभग 35 साधु-संत यहां रुके हैं। ठाकुर जी को यहां से उठाने के बाद धर्मध्वजा की तनी ढीली की जाएगी।

मिल्कीपुर उपचुनाव

में मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव के लिए कुल मतदाताओं की संख्या 371578 थी, जिनमें 193417 पुरुष, 178153 महिला तथा 8 तृतीय लिंग के मतदाता थे। इस उपचुनाव में कुल 243178 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसमें 123049 पुरुष, 120127 महिला तथा 2 तृतीय लिंग के मतदाता थे। पुरूष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 63.62 प्रतिशत, महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 67.43 प्रतिशत तथा कुल मतदान प्रतिशत 65.44 प्रतिशत रहा। अयोध्या में अवस्थित मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 5 फरवरी को सभी 414 मतदेय स्थलों मे मतदान शान्तिपूर्ण रूप से सकुशल सम्पन्न हो गया। मतदान के दिन विभिन्न राजनैतिक दलों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की तत्परता से जांच करायी गयी एवं उचित कदम उठाये गये। गुरुवार प्रातः 11 बजे राजकीय इण्टर कालेज, अयोध्या में प्रेक्षक, रिटर्निंग आफिसर द्वारा अभिलेखों की संवीक्षा की गयी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के निर्वाचन अभिकर्ता सहित कुल 6 प्रत्याशी, निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित थे। संवीक्षा के समय भाजपा के निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा कहा गया कि मतदेय स्थल संख्या 391 प्राथमिक विद्यालय चमैला पर पीठासीन अधिकारी द्वारा पोलिंग एजेंट नहीं बनाया जा रहा था। इस पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा बताया गया कि एनेक्जर-20 में निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर एवं उनके द्वारा पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये प्रपत्र में निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर में भिन्नता होने के कारण प्रपत्र बनने में विलम्ब हुआ। समाजवादी पार्टी के निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतदेय स्थल संख्या 140 एवं 141 प्राथमिक विद्यालय गड़ौली एवं मतदेय स्थल संख्या 153 एवं 154 प्राथमिक विद्यालय अकमा पर अधिक मतदान होने की शिकायत की गयी। सामान्य प्रेक्षक द्वारा पीठासीन की डायरी, 17, (मतदाता रजिस्टर) एवं 17सी (मतपत्र लेखा) का अवलोकन किया गया। अवलोकन में पाया गया कि पीठासीन अधिकारी की डायरी में मतदेय स्थल पर शांतिपूर्ण मतदान कराये जाने का उल्लेख है।

इंग्लैंड को भारत ने चार विकेट से हराया

शुभमन ने 87 रन बनाये, अक्षर-श्रेयस की फिफ्टी; जडेजा-हर्षित ने 3-3 विकेट लिये

एजेंसी

नागपुर। भारत ने इंग्लैंड को पहला वनडे 4 विकेट से हरा दिया है। नागपुर के श्उअ स्टेडियम में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी, टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले। इसी के साथ टीम ने टारगेट हासिल कर लिया। जडेजा 12 और हार्दिक पंड्या 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे। शुभमन गिल 36वें ओवर में 87 रन बनाकर कैच हो गए।

उन्हें साकिब महमूद ने मिड ऑन पर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। शुभमन ने 96 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 94 और अक्षर पटेल के साथ 108 रन की पार्टनरशिप की। केएल राहुल 36वें ओवर में आदिल रशीद की गेंद पर कैच आउट हुए। राहुल ने 9 गेंद पर 2 रन बनाए। उन्हें रशीद ने कॉट एंड बोल्ड किया ।उनके विकेट के वक्त टीम का स्कोर 225/5 रहा। 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड किया। अक्षर ने 47 गेंद पर 52 रन बनाए, उनकी पारी में 6 चौका और 1 छक्का शामिल रहा। अक्षर ने शुभमन गिल के साथ 108 रन की पार्टनरशिप भी की। अक्षर पटेल ने 33वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाया। इसी के साथ उन्होंने भारत में अपने वनडे करियर की पहली फिफ्टी भी पूरी कर ली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ चौथे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप भी पूरी की। अक्षर पटेल ने शुभमन गिल के साथ चौथे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल ने ब्रायडन कार्स के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ उन्होंने अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। शुभमन ने श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 94 रन की पार्टनरशिप की थी। भारत ने 29वें ओवर में अपने 200 रन पूरे कर लिए। ब्रायडन कार्स के खिलाफ शुभमन गिल और अक्षर पटेल ने ओवर में 4 चौके लगाए और टीम की डबल सेंचुरी पूरी कराई। शुभमन गिल ने 25वें ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने अपने वनडे करियर की 14वीं फिफ्टी भी पूरी कर ली। शुभमन ने अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए भी हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप बना ली। शुभमन गिल और अक्षर पटेल ने चौथे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। 23वें ओवर की तीसरी गेंद पर शुभमन गिल ने आदिल रशीद के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ टीम का स्कोर 150 के पार पहुंच गया। शुभमन के साथ अक्षर पटेल भी पिच पर मौजूद रहे। शुभमन गिल 22वें ओवर में रिव्यू लेने के कारण नॉटआउट रहे। 22वें ओवर की तीसरी बॉल पर शुभमन गिल छइह करार दिए गए। लियम लिविंगस्टन की बॉल उनके पैड्स पर लगी, इंग्लैंड ने अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। शुभमन ने तुरंत रिव्यू ले लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल उनके बैट से लगकर गई थी। इस वक्त शुभमन 38 रन के स्कोर पर थे। 20 ओवर खत्म होने के बाद भारत का स्कोर 138/3 रहा। टीम से शुभमन गिल और अक्षर पटेल पिच पर रहे। श्रेयस अय्यर 59, यशस्वी जायसवाल 15 और रोहित शर्मा 2 रन बनाकर आउट हुए।

16वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर आउट हो गए। उन्हें लेफ्ट आर्म स्पिनर जैकब बेथेल ने छइह किया। श्रेयस ने 36 गेंद पर 59 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके और 2 छक्के आए। उन्होंने शुभमन के साथ 94 रन की पार्टनरशिप भी की। श्रेयस अय्यर ने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ पावरप्ले में 2 छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वे अब तक 9 चौके और 2 छक्के लगा चुके हैं। उन्होंने पारी के 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर भारत की पारी 100 रन के पार पहुंचाई। पावरप्ले के आखिरी ओवर में भारत ने 2 विकेट खोकर 71 रन बनाए। इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 10वां ओवर फेंका, इस ओवर में भारत ने 12 रन बटोरे। श्रेयस अय्यर ने ओवर में 3 चौके लगाए और शुभमन के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। भारत ने 19 रन के स्कोर पर आखिरी विकेट गंवाया था। 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने साकिब महमूद के खिलाफ चौका लगाया। इस चौके के साथ टीम की फिफ्टी भी पूरी हो गई। भारत ने रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के विकेट जरूर गंवाए, लेकिन श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने टीम को संभाल लिया। 7वें ओवर में भारत ने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 18 रन बटोरे। ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर श्रेयस अय्यर ने 2 छक्के लगाए। दोनों गेंदें आर्चर ने शॉर्ट पिच फेंकी थीं। साकिब महमूद ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कैच आउट कराया।

आपको अपने साथियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना आना चाहिए : राष्ट्रपति भवन में तेंदुलकर ने कहा



नयी दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर मानते हैं कि साझेदारी हमेशा विश्वास से बढ़ती है और उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में बताया कि वह जानते थे कि किसी खिलाड़ी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए उसे किस तरह से नियंत्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि वह जानते थे कि वीरेंद्र सहवाग को आक्रामक तेवर दिखाने और रक्षात्मक होकर खेलने के लिए कैसे नियंत्रित किया जा सके और युवराज सिंह को कैसे प्रेरित किया जाए। टेस्ट और वनडे में क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी तेंदुलकर बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन विमर्श श्रृंखला सम्मेलन में मौजूद थे जहां प्रतिष्ठित हस्तियां लोगों के साथ अपने जीवन की यात्रा को साझा करती हैं।

तेंदुलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अतिथि थे जहां इस खिलाड़ी ने उन्हें अपने हस्ताक्षर वाली भारतीय टेस्ट जर्सी भेंट की। इस स्टार के साथ उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा भी थीं। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे खेल सभी के साथ समान व्यवहार करता है। तेंदुलकर ने कहा, आप अच्छी फॉर्म में हो सकते हैं लेकिन हो सकता है कि कोई और नहीं है तथा ऐसा हो सकता है कि कोई और अच्छी फॉर्म में है लेकिन आप नहीं हैं। एक टीम के रूप में आपको अच्छे और बुरे समय में एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। आपको अपने साथी पर भरोसा करने की जरूरत है। उन्होंने दर्शकों को अपने खेलने के दिनों के किस्से सुनाए। तेंदुलकर ने कहा कि हर टीम में अलग-अलग तरह के खिलाड़ी होते हैं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए उन्हें समझना जरूरी है। उन्होंने याद करते हुए कहा, सहवाग की बात करें तो मैं उससे जो चाहता था, वह उसके विपरीत काम करता था। इसलिए मैं वीरू से कुछ ओवर तक रक्षात्मक खेल चाहता था तो मैं उससे कहता था कि वीरू जाओ और गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाओ और बड़े छक्के लगाओ। तब वीरू कहता था नहीं पाजी, मुझे लगता है कि मुझे चार ओवर तक रक्षात्मक खेल दिखाना चाहिए और फिर छक्के मारने की कोशिश करनी चाहिए। तेंदुलकर ने कहा, वीरू से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए मुझे इसके विपरीत कहना पड़ता था।

संक्षेप

दीपिका व जुयेल बने राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन

देहरादून। पश्चिम बंगाल के उभरते हुए तीरंदाज जुयेल सरकार ने चार बार के ओलंपियन तरुणदीप राय को हराकर रिकर्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि अनुभवी दीपिका कुमारी ने बृहस्पतिवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं के वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। तीरंदाजी प्रतियोगिता के छठे और अंतिम दिन झारखंड और महाराष्ट्र ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते जबकि पश्चिम बंगाल ने एक पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली दीपिका ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। मालदा के 18 वर्षीय जुयेल ने सेमीफाइनल में सिक्किम के 40 वर्षीय राय को 6-2 से हराया और फिर फाइनल मुकाबले में सेना के इंद्र चंद इंद्र को 6-4 से हराकर शीर्ष सम्मान हासिल किया। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता राय ने हालांकि तीसरे स्थान के प्लेऑफ में सेना के राहुल को 6-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। 30 वर्षीय दीपिका को बिहार की अंकिता को 6-4 से हराने और झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी जबकि उनकी राज्य की साथी कोमलिका बोरो ने कांस्य पदक जीता। दीपिका, कोमलिका, अंकिता भक्त और तमन्ना वर्मा की झारखंड की महिला टीम अपना जादू नहीं दिखा सकी और एकतरफा फाइनल में महाराष्ट्र से 0-6 से हार गई।

उच्चतम न्यायालय ने कबड्डी महासंघ से कहा, निर्वाचित संस्था को कार्यभार सौंपे

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय अमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के प्रशासक पूर्व न्यायाधीश एसपी गर्ग से कहा कि वह 11 फरवरी तक निर्वाचित संचालन संस्था को कार्यभार सौंप दें। न्यायाधीश सूर्य कांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हालांकि कुछ मुद्दे हैं जिन पर बारीकी से विचार करने की जरूरत है लेकिन यह एक तदर्थ व्यवस्था थी जो खिलाड़ियों को 20 से 25 फरवरी के बीच ईरान में होने वाली आगामी एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने की सुविधा देने के लिए बनाई गई थी। पीठ ने गर्ग द्वारा महासंघ में किए गए काम की सराहना करते हुए कहा कि कार्यभार सौंपने का मतलब यह नहीं है कि अदालत ने दिसंबर 2023 में निर्वाचित संस्था को को मान्यता दे दी है। केंद्र की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ के साथ एक बैठक हुई थी जिसमें आश्वासन दिया गया था कि एक निर्वाचित संचालन संस्था बनने की स्थिति में एकेएफआई पर लगा निलंबन हटा दिया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल 2025 : उत्तर प्रदेश की पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने जीता रजत पदक

लखनऊ। **उत्तराखंड** में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। देहरादून में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरुष रिकर्व टीम इवेंट के फाइनल में उत्तर प्रदेश के रोहित, नीरज चौहान, अमन सिंह यादव और मृणाल चौहान ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन 4(27) के स्कोर के साथ उन्हें दूसरा स्थान हासिल हुआ। इस स्पर्धा में झारखंड के गोल्डी मिश्रा, श्रेय भारद्वाज, विष्णु चौधरी और गुरुचरण बेसरा ने 4(29) के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि सर्विसेज टीम के बोम्मदेवरा धीरज, राहुल, इंद्र चंद्र इंद्र और सुखचैन सिंह को 4(28) - 4(27) के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने रजत पदक विजेता तीरंदाजी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश अब तक राष्ट्रीय खेलों में 6 स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर पदक तालिका में 13वें स्थान पर पहुंच गया है।

आर्सेनल को हराकर न्यूकैसल लीग कप के फाइनल में

एजेंसी

लंदन। न्यूकैसल ने आर्सेनल को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से 70 साल बाद कोई प्रमुख घरेलू ट्रॉफी जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। न्यूकैसल में बुधवार को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में आर्सेनल को 2-0 से हराकर 4-0 के कुल स्कोर के साथ शान से फाइनल में प्रवेश किया। उसकी तरफ से सेमीफाइनल के दूसरे चरण में जैकब मर्फी और एंथोनी गॉर्डन ने गोल किए। न्यूकैसल ने सेमीफाइनल के पहले चरण में भी आर्सेनल को 20 से हराया था। न्यूकैसल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में होने वाले फाइनल में टोटेनहम या लिवरपूल से खेलेगा। टोटेनहम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद लिवरपूल से 1-0 से आगे है। न्यूकैसल ने इससे पहले अपना प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट 1955 में एफए कप के रूप में जीता था। न्यूकैसल 2023 में भी लीग कप के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह मैनचेस्टर यूनाइटेड से 2-0 से हार गया था।

रियाल मैड्रिड कोपा कप के सेमीफाइनल में

मैड्रिड। गोंजालो गार्सिया के स्टॉपेज टाइम में किए गए गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। रियाल मैड्रिड ने लुका मोड्रिच और एंड्रिक के गोल की मदद से हाफ टाइम तक दो गोल की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में लेगानेस ने दो गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। ऐसे में 20 वर्षीय गार्सिया ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल करके रियाल मैड्रिड को उलटफेर से बचा कर उसे सेमीफाइनल में पहुंचाया। एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम थी। उसने मंगलवार को गेटाफे को अपने घरेलू मैदान पर 5-0 से हराया था।

सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा अरुणाचल

इटानगर, छह फरवरी (भाषा) अरुणाचल प्रदेश को सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है जिससे राज्य आठ से 17 मई तक यूपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) क्षेत्र में उभरती हुई फुटबाल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए इस वार्षिक युवा प्रतियोगिता का आयोजन करता है। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका सैफ का हिस्सा हैं। इस साल होने वाली प्रतियोगिता में छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव अनिल प्रभाकरन ने अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव किपा अजय को औपचारिक आवंटन पत्र सौंपा।

ईस्ट बंगाल ने होप्स एफसी को ।-0 से हराया

दिल्ली। ईस्ट बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग में मेजबान होप्स एफसी को 1-0 से हराकर पूरे अंक हासिल किए। ईस्ट बंगाल के लिए विजयी गोल सौम्या गुगुलेथ ने 40वें मिनट में दागा। इस जीत से ईस्ट बंगाल की टीम छह मैच में 15 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। अब तक टीम ने पांच मैच जीते हैं। होप्स की टीम महज एक अंक लेकर तालिका में निचले पायदान पर बनी हुई है जो उसे किकस्टार्ट एफसी के खिलाफ ड्रॉ मैच से मिला था।

श्रीलंका के स्टंप तक नौ विकेट पर 229 रन

गॉल (श्रीलंका)। ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका के खिलाफ नियंत्रण बनाते हुए पहले दिन स्टंप तक मेजबान टीम के पहली पारी में 229 रन तक नौ विकेट झटक लिए। दिनेश चांदीमल (74 रन) और कुसल मेंडिस (नाबाद 59 रन) के अर्धशतकों के दम पर श्रीलंकाई टीम इस स्कोर तक पहुंची। पर टॉस जीतकर पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने की उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। ऑस्ट्रेलिया ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए अपनी रणनीति के अनुसार खेलते हुए तेज गर्मी और उमस के बावजूद बेहतरीन क्षेत्ररक्षण किया। श्रीलंका ने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन दिमुथ करुणारत्ने (36 रन) और चांदीमल के बीच दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी ने पारी को संभाल लिया। स्पिनर नाथन लियोन ने करुणारत्ने को आउट कर यह भागीदारी तोड़ी। अनुशासित गेंदबाजी के आगे श्रीलंका का निचला मध्यक्रम संघर्ष करता रहा और टीम का स्कोर पांच विकेट पर 127 रन हो गया। हालांकि चांदीमल 74 रन (छह चौके, एक छक्का) की पारी के दौरान परेशानी में नहीं दिखे। पर मैथ्यू कुहनेमैन ने फॉर्म में चल रहे इस बल्लेबाज को आउट कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने जल्दी से जल्दी जीत हासिल करने की कोशिश की। कुसल मेंडिस हालांकि नाबाद 59 रन बनाकर डटे हैं।

रामकुमार व साकेत की जोड़ी चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

चेन्नई। गत चैंपियन रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने बृहस्पतिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में इगोर अगाफोनोव और इवगेनी तियुरनेव की जोड़ी पर 6-3, 6-4 से आसान जीत के साथ चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता के अंतिम चार में प्रवेश किया। जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंचाने में सफल रही। इस जोड़ी ने जिम्बाब्वे के कर्टनी जॉन लॉक और जापान के रियो नोगुची को एक घंटे से कुछ अधिक समय में 6-2, 6-2 से हराया।

अगर भारतीय जोड़ियां शुक्रवार को अपने सेमीफाइनल मैच जीत जाती हैं तो वे शनिवार को खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। रामकुमार और माइनेनी का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त रेहो और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस की जोड़ी से होगा जिन्होंने सिद्धांत बंठिया और परीक्षित सोमानी की भारतीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 7-6 7-6 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर किया। नेदुनचेझियान और प्रशांत की भिड़ंत शिंटारो मोचिजुकी और काइटो उएसुगी की जापान की गैरवरीय जोड़ी से होगी जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस केसी अलकांतारा और प्रुच्या इसारो को 7-5 6-4 से हराया। एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त बिली हैरिस ने तुर्की के एर्गु किर्किन के खिलाफ 6-3 6-3 की आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। दूसरी वरीयता प्राप्त लॉयड हैरिस और चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्सिस गैलारनेउ दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हैरिस को चेक गणराज्य के डालिबोर स्वर्सिना ने 6-।, 6-। से हराया जबकि गैलारनेउ को फ्रांस के किरियन जैक्वेट के खिलाफ 2-6, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पूर्व सेमीफाइनलिस्ट असलान करात्सेव भी दूसरे दौर में कजाखस्तान के टिमोफी स्कातोव से 6-4, 7-5 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

कर्नाटक राष्ट्रीय खेलों की टेनिस टीम स्पर्धा के फाइनल में

देहरादून। एसडी प्रज्जवल देव ने सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के खिलाफ अपने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिससे शीर्ष वरीय कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को यहां 2-। की जीत के साथ टेनिस टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। गत चैंपियन कर्नाटक शुक्रवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में दूसरे वरीय तमिलनाडु से भिड़ेगा।

तमिलनाडु ने दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की मजबूत टीम को 2-। से हराया। कर्नाटक की ओर से सबसे पहले निकी पूनाचा कोर्ट पर उतरे जिन्हें सेना के ज्षभ अग्रवाल के खिलाफ 4-6, 6-।, ।-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अनुभवी प्रज्जवल ने इसके बाद दूसरे एकल में इशाक इकबाल को 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर मुकाबले को तीसे और निर्णायक मैच में खींचा।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने जीती सीनियर व जूनियर वर्ग की ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी

खेल संवाददाता

लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने समन्वय लखनऊ जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर और जूनियर वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। वहीं, सब-जूनियर और मिनी वर्ग में माडर्न अकादमी ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ और क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ के समन्वय से आयोजित इस चैंपियनशिप में सीनियर और जूनियर वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने 34 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि किड फिट स्पोर्ट्स फिटनेस जोन (केएफएसएफजेड) 26 अंकों के साथ उपविजेता बना। सब-जूनियर और मिनी वर्ग में माडर्न अकादमी ने 38 अंकों के साथ जीत दर्ज की, जबकि एलपीसी-विनम्र खंड 31 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप

समन्वय लखनऊ जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप

के दौरान बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार जीतने के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसमें सब-जूनियर वर्ग में एलपीसी-विनम्र खंड के वंश को बेस्ट बॉक्सर घोषित किया गया। जूनियर वर्ग में माडर्न अकादमी के मोनीरुल इस्लाम को बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार मिला। सीनियर पुरुष वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मोहित कुमार बेस्ट बॉक्सर बने। सीनियर महिला वर्ग में जोश बॉक्सिंग अकादमी की कांति को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया। जूनियर महिला वर्ग में केएफएसएफजेड की जुनाली बिष्ट को बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार दिया गया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सेंट थॉमस मिशन स्कूल के चेयरमैन फादर जयसन जोसेफ व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के जनसंपर्क अधिकारी दीपक शर्मा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंत में कोषाध्यक्ष विशाल राज ने आभार जताया।

अंतिम दिन के फाइनल मुकाबलों के परिणाम

जूनियर बालक वर्ग

66-70 किग्राः चैंपियंस बॉक्सिंग अकादमी (सीबीए) के देवेंद्र ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के शौर्य शाश्वत शुक्ला को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

52-54 किग्राः केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सम्राट सिंह ने माडर्न अकादमी के शुभम को हराया।

57-60 किग्राः कॉम्बैट फाइट क्लब (सीएफसी) के हिमेश कुमार ने एलएमएस के कृष्णा को हराया।

60-63 किग्राः सीएफसी के अभिनव ने सेंट मैरी के अब्दुल्ला को पराजित किया।

सीनियर पुरुष वर्ग

50-55 किग्राः केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मोहित ने अपने ही सेंटर के सूरज तिवारी को हराया।

60-65 किग्राः केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जितेंद्र कुमार ने केएफएसएफजेड के विष्णु को पराजित किया।

85-90 किग्राः एलएमएसी के पीयूष ने सीएफसी के अभिषेक को हराया।

सीनियर महिला वर्ग

45-48 किग्राः जोश बॉक्सिंग अकादमी की कांति ने योगिता सिंह को हराया।

51-54 किग्राः जोश बॉक्सिंग अकादमी की नूर आयशा खातून ने सीबीए की अनुष्का रावत को पराजित किया।

60-65 किग्राः केडी सिंह बाबू स्टेडियम की पूजा कुमारी ने वैष्णवी को हराया।

70-75 किग्राः जोश बॉक्सिंग अकादमी की बुशरा परवीन ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम की रिया शुक्ला को पराजित किया।

आचार्य विद्यासागर ने धर्म, संस्कृति को दिया संरक्षण

शाह ने कहा, जैन मुनियों ने पूरे देश को एक करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया

एजेंसी

डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के संतों ने देश की संस्कृति, एकता को बनाए रखने और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने कहा कि आजादी के बाद जब देश और सरकार पश्चिमी विचारों से प्रभावित होने लगी, तब जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज ही एकमात्र ऐसे संत थे, जिन्होंने भारत, भारतीयता, भारतीय संस्कृति, हमारे धर्म और हमारी भाषाओं को संरक्षण देने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पूरे देश को एक करने का काम जैन आचार्यों और मुनियों ने किया है। शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर में आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने भारत की संत परंपरा बहुत समृद्ध होने का दावा करते हुए कहा कि देश को जब जिस भूमिका की ज़रूरत पड़ी, संत परंपरा ने उस भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा, संतों ने ज्ञान का सृजन किया, देश को एकता के सूत्र में बांधा और जब गुलामी का कालखंड था, तब संतों ने भक्ति के माध्यम से राष्ट्र चेतना की लौ जलाए रखी। आज़ादी के बाद जब देश पाश्चात्य विचारों से प्रभावित होकर चलने लगा, तब विद्यासागर जी महाराज एकमात्र आचार्य थे जिन्होंने भारत, भारतीयता और भारतीय संस्कृति से खुद को जोड़े रखा। शाह ने कहा, जैन मुनियों ने पूरे देश को एक करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर से लेकर कर्नाटक के श्रवणबेलगोला तक, बिहार के राजगीर से लेकर गुजरात के गिरनार तक हर जगह पैदल घूम कर अपने कर्मों से अपने त्याग का संदेश दिया। आचार्य जी ने हमें सिखाया कि हमारी पहचान हमारी संस्कृति में निहित है।

उन्होंने कहा, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरुष थे, जिन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया। कर्नाटक में जन्मे आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएं और भारत की पहचान के ज्योतिर्धर बने। शायद ही यह सम्मान किसी ऐसे धार्मिक संत को मिला होगा, जिन्होंने धर्म के साथ-साथ देश की पहचान की व्याख्या विश्व भर में की हो। शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज मानते थे कि देश की भाषाई विविधता सच्ची शक्ति है तथा जिस देश में अनेक भाषाएं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र सुधार जरूरी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। मुर्मू ने यांग का स्वागत करते हुए कहा कि 2025 में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा सम्मेलन और तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। मुर्मू ने यांग को इन सभी मंचों पर भारत की सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने यांग द्वारा सतत विकास के लिए विज्ञान और डाटा-संचालित दृष्टिकोण पर जोर देने और उनके समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में आयोजित भविष्य के शिखर सम्मेलन में भविष्य के लिए समझौता को अपनाने में उनके नेतृत्व की भी सराहना की।

संक्षेप

अदालतों में लंबित 7 लाख मामलों में सरकार है पक्षकार : मेघवाल

नयी दिल्ली। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि अदालतों में लंबित लगभग सात लाख मामलों में केंद्र सरकार पक्षकार है और सिर्फ वित्त मंत्रालय लगभग दो लाख मामलों में वादी है। मेघवाल ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने विधिक सूचना प्रबंधन एवं ब्रीफिंग प्रणाली मंच (एलआईएमबीएस) पर उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लगभग सात लाख मामले लंबित हैं जिनमें भारत सरकार एक पक्षकार है। उन्होंने कहा कि इनमें से लगभग 1.9 लाख मामलों में वित्त मंत्रालय को एक पक्षकार के रूप में उल्लेखित किया गया है। मंत्री ने कहा कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अधिनियमन और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद, केंद्र सरकार ने त्वरित निपटान विशेष अदालतों (एफटीएससी) की स्थापना के लिए एक योजना शुरू की। मंत्री ने कहा कि इनमें संयुक्त एफटीएससी भी शामिल हैं, जहां बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, दोनों से जुड़े मामलों की सुनवाई होती है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार देश भर में कुल 747 एफटीएससी कार्यरत हैं।

बातचीत कर रहे ताकि भारतीयों के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है कि निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो। संसद के दोनों सदनों में दिए अपने वक्तव्य में उन्होंने यह भी कहा कि निर्वासन की प्रक्रिया कोई नयी नहीं है और कई वर्षों से चल रही है। ज्ञात हो कि अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे 104 भारतीयों को निर्वासित किए जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। कई विपक्षी सदस्यों ने निर्वासन के दौरान भारतीयों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर रोष व्यक्त किया था। जयशंकर ने कहा, हम निश्चित तौर पर अमेरिकी सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं कि वापस आ रहे भारतीयों के साथ उड़ान के दौरान किसी भी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया जाए।

उन्होंने कहा, साथ ही सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान वैध यात्रियों के वीजा को आसान बनाने के लिए कदम उठाते समय अवैध आव्रजन उद्योग पर कड़ी कार्वाई पर भी होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका से भारतीयों को निर्वासित किए जाने की प्रक्रिया नयी नहीं है और यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस लें। विदेश मंत्री ने कहा, माननीय सदस्य जानते हैं कि लोगों के बीच परस्पर आदान-प्रदान अमेरिका के साथ हमारे गहरे संबंधों का आधार है।

भारतीय के साथ व्यवहार पर जवाब दें प्रधानमंत्री : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीय प्रवासियों के साथ हुए व्यवहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, बहुत बात की गई थी कि मोदी जी और डोनाल्ड ट्रंप जी बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उन्हें हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? यह कोई तरीका है। प्रियंका गांधी ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

ट्रंप की नीतियों व एलन मस्क के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

एजेंसी

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन की शुरुआती कार्वाइयों के खिलाफ बुधवार को अमेरिका के कई शहरों में लोग सड़कों पर एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रवासियों के खिलाफ निर्वासन की कार्वाई से लेकर ट्रांसजेंडर अधिकारों को वापस लेने और गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को जबरन स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की निंदा की। फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया, मिनेसोटा, मिशिगन, टेक्सास, विस्कॉन्सिन, इंडियाना और कई अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निंदा करते हुए पोस्टर लहराए।

ओहायो के कोलंबस में स्टेटहाउस के बाहर विरोध-प्रदर्शन में शामिल मार्गरेट विल्मेथ ने कहा, मैं पिछले दो सप्ताह में लोकतंत्र में हुए बदलावों से चकित हूं, लेकिन यह बहुत पहले शुरू हो गया था। विल्मेथ ने कहा कि वह सिर्फ प्रतिरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन सोशल मीडिया पर हैशटैग बिल्डदरेजिस्टेंस और हैशटैग 50501 के तहत चलाए गए एक ऑनलाइन आंदोलन का परिणाम था। हैशटैग 50501 के तहत एक दिन में 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था। सोशल मीडिया पर कई वेबसाइट और अकाउंट पर फासीवाद को अस्वीकार करें और हमारे लोकतंत्र की रक्षा करें जैसे संदेशों के साथ कार्वाई का आह्वान किया गया।

जमा देने वाली ठंड में भी मिशिगन की राजधानी लांसिंग के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। एन आर्बर क्षेत्र की कैटी मिग्लिएट्टी ने कहा कि वित्त विभाग के डेटा तक मस्क की पहुंच विशेष रूप से चिंताजनक है। उन्होंने एक चित्र थाम रखा था, जिसमें मस्क को ट्रंप को कठपुतली की तरह नचाते हुए दिखाया गया है। मिग्लिएट्टी ने कहा, अगर हम इसे नहीं रोकते हैं और संसद से कुछ करने के लिए नहीं कहते हैं, तो यह लोकतंत्र पर हमला है। कई शहरों में प्रदर्शन के दौरान मस्क और सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) की आलोचना की गई।

अर्जेंटीना विश्व स्वास्थ्य संगठन का हिस्सा नहीं रहेगा : राष्ट्रपति

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ गंभीर मतभेदों के कारण संयुक्त राष्ट्र एजेंसी से अपने देश के हटने का आदेश दिया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति जेवियर माइली का निर्णय उनके सहयोगी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय से मेल खाता है, जिन्होंने 21 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

डब्ल्यूएचओ से एक और सदस्य देश के चले जाने से वैश्विक स्वास्थ्य में सहयोग और अधिक कम हो जाएगा। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन को 2024-2025 के लिए अनुमानित 6.9 अरब डॉलर बजट में से अर्जेंटीना से केवल लगभग 80 लाख अमेरिकी डॉलर मिलने की अपेक्षा की गई थी। अर्जेंटीना के प्रवक्ता मैनुअल एडोर्नी ने ब्यूनस आयर्स में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अर्जेंटीना का निर्णय खासकर (कोविड-19) महामारी के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन में गहरे मतभेदों पर आधारित है।

राजौरीः रहस्यमयी बीमारी के बाद पृथक-वास केद्रों में रखे गये ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

राजौरीजम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बड़हाल गांव में रहस्यमयी बीमारी से 17 लोगों की मौत के बाद पृथक-वास केंद्रों में रखे गए ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया और अपने घर लौटने की अनुमति दिये जाने की मांग की। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के 17 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन प्रशासन अब तक इसकी वजह का पता नहीं लगा पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीमारी के कारण का पता लगाने के बजाय सैकड़ों ग्रामीणों को पृथक-वास केंद्रों में भेज दिया गया है।

कैसे जानें, आपका बच्चा स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने को तैयार है

एजेंसी

सिडनी। (द कन्वरसेशन) स्कूलों में शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत का मतलब है कि कुछ माता-पिता का एक बड़ा सवाल होगाः क्या यह बच्चे के लिए पहला फोन खरीदने का समय है? सुरक्षा संबंधी चिंताओं, विशेष रूप से स्कूल आने-जाने के दौरान या स्कूल के बाद माता-पिता के बिना घर आने के कारण, अक्सर इस संबंध में निर्णय लिया जाता है। यदि बच्चे के कई दोस्तों के पास फोन है तो इससे सामाजिक दबाव भी बढ़ सकता है। लेकिन यह अपरिहार्य नहीं है। आप कैसे बता सकते हैं कि आपका बच्चा स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है या नहीं? इसके क्या विकल्प हैं? और अगर आपका बच्चा फोन ले भी लेता है तो आप उसके लिए कैसे स्वस्थ और सुलभ सीमाएं तय करेंगे?

फोन लेना एक बड़ा फैसला क्यों है? कई माता-पिता तकनीक के इस युग में बच्चों की भलाई के बारे में चिंताओं से अवगत होंगे, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को संभावित नुकसान भी शामिल हैं। यदि बच्चे फोन का अधिक इस्तेमाल करते हैं तो यह भी अभिभावकों के लिए चिंता का एक बड़ा कारण है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे फोन पर निर्भरता बढ़ सकती है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com